सुप्रभात

रांची, शनिवार

04.01.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12


धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net | पौष, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 174

12 सोनू सूद की फिल्म फतेह का गाना हीर हुआ रिलीज

## न्यूज डायरी

### हेमंत की याचिका पर चार सप्ताह बाद सुनवाई

**रांची।** हेमंत सोरेन के विरुद्ध इडी की शिकायत वाद पर रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम द्वारा लिये गए संज्ञान और समन जारी करने के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका पर अब चार सप्ताह बाद हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने श्री सोरेन को जवाब दाखिल करने का समय दिया है। जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई।

### सीएससी में नहीं भरायेगा मंईयां योजना का फॉर्म

**रांची।** मंईयां सम्मान योजना का फॉर्म अब सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) में नहीं भरा जा सकेगा। राज्य सरकार ने सीएससी के साथ करार रद्द कर दिया है। महिला बाल विकास विभाग की निदेशक समीरा एस के हस्ताक्षर से जारी आदेश में यह जानकारी दी गयी। इसके लिए नयी व्यवस्था की जा रही है। नामकुम में छह को सीएम मंईयां सम्मान योजना के तहत राशि ट्रांसफर करेंगे।

### कोडरमा में 71 पोषण सखी को मिला नियुक्ति पत्र

**कोडरमा।** सतगावां प्रखंड शुक्रवार को प्रखंड बाल विकास परियोजना कार्यालय में पोषण सखियों के बीच पुनर्बहाली नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। प्रखंड क्षेत्र में कुल 88 में से 71 पोषण सखी को पुनर्बहाली नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।

### शहादत दिवस पर रणधीर वर्मा को दी गयी श्रद्धांजलि

**रांची।** जांबाज एसपी रणधीर वर्मा के 34वें शहादत दिवस पर राज्यपाल संतोष गंगवार समेत कई लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर उनकी प्रतिमा के समक्ष विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### मनमोहन सिंह की याद में अखंड पाठ आयोजित

**नयी दिल्ली।** पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह की स्मृति में उनके आवास पर शुक्रवार को अखंड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी सहित कई लोगों ने हिस्सा लिया श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 72600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 91000 रु./प्रति किलो |




# सर्द हवाओं ने बढ़ा दी ठिठुरन, कांके का पारा 3.3 डिग्री

### कनकनी से शीघ्र राहत की उम्मीद नहीं, रांची का पारा 6.6, तो खूंटी का 5.3 डिग्री रहा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** देश के उत्तर-पश्चिमी दिशा से झारखंड आ रही ठंडी हवाओं के कारण पूरा झारखंड शीतलहर से कंपकंपा रह है। ठंडी हवाएं कहर बरपा रही हैं। वहीं घने कोहरे ने स्थिति और विकट कर दी है। राज्य के तमाम जिलों में पारा पारा लगातार नीचे जा रहा है। राजधानी रांची के कांके का का पारा तो शुक्रवार को लुढ़क कर 3.3 डिग्री तक पहुंच गया। खूंटी का पारा 5.3 डिग्री तक जा पहुंचा। रांची में न्यनतम तापमान 6.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कहा है कि अभी ठंड से राहत की संभावना नहीं है। शनिवार को भी सुबह में धुंध और कोहरा छाया रह सकता है। जमशेदपुर और डालटनगंज में भी सुबह कोहरा छाया रहेगा। बादल भी छाए रहने की संभावना है।

**हवा में बढ़ी कनकनी :** मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के कारण झारखंड के तमाम जिलों में कनकनी बढ़ गयी है। कांके और मैकलुस्कीगंज में हवा में कनकनी के साथ तापमान में भी गिरावट आयी है। शुक्रवार को कांके का न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री और अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं हवा की गति 4.2 किमी रिकॉर्ड की गयी। मैकलुस्कीगंज में शुक्रवार की सुबह न्यूनतम तापमान पांच डिग्री और अधिकतम तापमान 20 डिग्री रहा। लोग अलाव तापते देखे हर जगह नजर आते हैं। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार से अगले दो दिन तक न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेंटीग्रेड तक वृद्धि हो सकती है। राज्य के अधिसंख्य जिलों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री से नीच है।

### पलामू में कोहरे का कहर, एनएच पर बस और ट्रक में भीषण टक्कर

# तीन यात्रियों की मौत, कई घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा (पलामू)।** जिले में भीषण कोहरने का कहर जारी है। कोहरे के कारण ही शुक्रवार को तड़के एनएच पर दो वाहनों की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गयी। घने कोहरे के कारण सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया के समीप कसियाडीह मोड़ पर एक बस और ट्रक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गयी। यह टक्कर जेपीएस नामक बस और एक ट्रक में हुई। मृतकों में एक ट्रक ड्राइवर और एक बस सवारी का नाम शामिल है। करीब दो दर्जन भर यात्री जख्मी हैं। इनमें छह की हालत गंभीर है। उन्हें रिम्स रेफर किया गया है। ईलाज स्थानीय नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा में चल रहा है। घटना की सूचना के बाद सतबरवा थाना के एसआई रामकुमार उपाध्याय और एएसआई राजीव रंजन पुलिस बल के जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से सभी यात्रियों को नवजीवन अस्पताल भेजा गया।

मृतक की पहचान यूपी एटा निवासी ट्रक चालक निवासी पुष्पेंद्र कुमार (35), सतबरवा थाना के मुक्ता ताबर निवासी रियायत मियां (52) के रूप मे की गयी। तीसरे की शिनाख्त की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर परिजनो को सूचना दे दी है। बस चालक स्टेयरिंग में बुरी तरह फंसा था। उसे सबल के सहयोग से निकाला गया। ट्रक चालक का शव भी मुश्किल से निकाला गया। ट्रक के खलासी अंकित कुमार का पैर क्षतिग्रस्त हो गया है। (शेष पेज 11 पर)

### अबुआ आवास योजना में लापरवाही पर अफसरों को चेताया

# तीसरी किस्त देने में देरी की तो कड़ी कार्रवाई : दीपिका

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अफसरों से कहा कि आवास योजना के तहत सभी निमार्णाधीन आवासों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। उन्होंने कहा कि तीसरी किस्त की राशि देने में देरी हुई हुई तो सख्त कार्रवाई होगी।। मंत्री ने ऐसे अधिकारी व कर्मचारियों की पहचान करने को कहा है जो किस्त के वितरण में लेट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मात्र सात दिनों से अधिक का विलंब होने पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पहले स्पष्टीकरण पूछा जायेगा।



जवाब संतोषजनक नहीं होने पर उचित कार्रवाई की जायेगी।

**जिलावार रिपोर्ट मांगी**

मंत्री ने लाभुकों को तृतीय किस्त राशि वितरण की प्रतिदिन अधिकारियों को समीक्षा करने को कहा। साथ ही जिलावार रिपोर्ट देनेको कहा गया है। मंत्री ने स्पष्ट किया है लिंटर और ढलाई पूरा हो चुके निर्मणाधीण आवासों को शीघ्र पूरा करें। उन्होंने प्रभावी तौर से कार्यान्वयन के लिए निर्धारित अंतराल में समीक्षा करने को कहा। वरीय पदाधिकारी क्षेत्र स्तर पर निरीक्षण करें।

#### आवास निर्माण में पैसे की कमी नहीं

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास इस मद में पैसे की कमी नहीं है। सरकार ने अपने कोष से अबुआ आवास योजना की मंजूरी दी थी। इसमें करीब 20 लाख से अधिक आवास बनाये जाने हैं। पहले वित्तीय वर्ष में दो लाख आवास योजना की मंजूरी दी गयी है और इस वित्तीय वर्ष 4.50 लाख आवास में से करीब तीन लाख आवास योजना की मंजूरी दी गयी है। अनुसार करीब 2800 करोड़ की राशि दी गयी है। हाल में ही आठ अरब की राशि आवंटित की गयी है। ऐसे में बड़ी राशि जिलों को आवंटित की जा चुकी है।

### चाहता तो मैं शीश महल बना लेता, पर मेरा सपना गरीबों का घर है : मोदी

# दिल्ली वासियों पर दस साल से कायम है आप-दा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार को राष्ट्रीय राजधानी वासियों के लिए बड़ी आप-दा करार दिया है। उन्होंने कहा कि कहा कि अन्ना हजारे को आगे करके कट्टर बेईमानों ने खुलेआम घोटाले एवं भ्रष्टाचार किये और उसका जश्न भी मनाया। उन्होंने बिना नाम लिए अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, देश भलीभांति जानता है कि मोदी ने कभी अपने लिए घर नहीं बनाया, लेकिन बीते 10 वर्षों में 4 करोड़ से अधिक लोगों का सपना पूरा किया है। मैं भी कोई शीश महल बना सकता था, लेकिन मेरे लिए तो मेरे देशवासियों को पक्का घर मिले, यही सपना था। दिल ली की सरकार आम जनता को लगातार ठगते रही। पीएम मोदी शुक्रवार को दिल्लीवासियों को सौगात देने को ले कर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने 4,500 करोड़ की विभिन्न योजनाओं की सौगात दी। अशोक विहार स्थित स्वाभिमान अपार्टमेंट में नवनिर्मित फ्लैटों की चाबियां लाभार्थियों को सौंपी और कहा कि देशवासियों को छत मिले ये उनका सपना है।

**नया साल कीर्तिमानों का होगा :** पीएम मोदी ने कहा, यह वर्ष विश्व में भारत में अंतरराष्ट्रीय छवि को और सशक्त करने का होगा। यह वर्ष भारत को दुनिया का बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने का वर्ष होगा। (शेष पेज 11 पर)

## नहीं सुधरेगा चीन! काउंटी बनाने का भारत ने किया कड़ा विरोध

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चीन ने एक बार फिर झिंजियांग में दो नये काउंटी स्थापित करके एक भड़काऊ कदम उठाया है। इनमें से एक काउंटी भारतीय क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण हिस्से को शामिल करती है, जिसे चीन ने 20वीं सदी के मध्य में तिब्बत पर कब्जा करने के बाद अक्साई चिन में अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। यह कदम सामान्यीकरण प्रक्रिया में चीन के इरादों की ईमानदारी के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा करता है। भारत के लिए चिंता का विषय यह भी है कि, चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बनाने का फैसला किया है।

शुक्रवार को भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'हमने चीन के होटन प्रान्त में दो नये काउंटी की स्थापना से संबंधित घोषणा देखी है। इन तथाकथित काउंटियों के अधिकार क्षेत्र के कुछ हिस्से भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में आते हैं। इस बात के बढ़ते सबूत कि चीन अविश्वसनीय है, तेजी से स्पष्ट हो रहे हैं। वह इसलिए क्योंकि उनका हाल ही में पीछे हटना और भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने में नई दिलचस्पी महज रणनीतिक चाल लगती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'हमने इस क्षेत्र में भारतीय क्षेत्र पर अवैध चीनी कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया है। हमने कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से चीनी पक्ष के समक्ष गंभीर विरोध दर्ज कराया है।

## खूंटी में पीएलएफआइ के तीन नक्सली गिरफ्तार

### बड़ी घटना को अंजाम देने की थी तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता


**खूंटी।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के तीन सक्रिय नक्सलियों को खूंटी पुलिस ने जरियागढ़ थाना के बकसपुर जंगल से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सलियों में कुख्यात नक्सली प्रशांत कुमार उर्फ डब्लू, कमलेश गोप उर्फ लंबू और राम दयाल सिंह उर्फ करम दयाल सिंह शामिल है। पुलिस ने नक्सलियों के पास से कई हथियार और पीएलएफआई के 14 पर्चे बरामद किये। डीएसपी खिस्टोफर केरकेट्टा ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में थे। उन्होंने बताया कि प्रशांत एक साल तक जेल में रहने के बाद हाल में जमानत पर बाहर निकला है और नक्सली गतिविधियों में संलिप्त हो गया। उन्होंने बताया कि एसपी अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई के कुछ नक्सली किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में बकसपुर जंगल में जमा हुए हैं।

सूचना मिलने के बाद डीएसपी खिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर जंगल में छापेमारी की गयी और तीनों नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# जहां मूर्ति, वहां नमाज नहीं, संवाद से निकले हल

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) ने भारतीय समाज में सांप्रदायिक सौहार्द्र और धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऐतिहासिक पहल की है। मंच ने देश के मुसलमानों से अपील की है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा राष्ट्रहित में 142 करोड़ लोगों के लिए दिए बयान का सम्मान करते हुए, मुसलमानों को भी बड़ा दिल दिखाते हुए भारत को विकास के रास्ते पर ले जाने का संकल्प लेना चाहिए। मंच के राष्ट्रीय संयोजक एवं मीडिया प्रभारी शाहिद सईद ने बताया कि अदालतें सर्वोपरि हैं, लेकिन विवादित धर्मस्थलों पर संवाद के माध्यम से हल निकाला जाना चाहिए। इससे देश की एकता, अखंडता, सौहार्द, भाईचारा और मेलमिलाप बना रहता है, आपसी रंजिशें नहीं रहती हैं। मंच का आह्वान है कि जहां कहीं भी दो पक्षों के बीच अदालत में झगड़ा चल रहा है, वहां दोनों पक्ष आपसी संवाद कर आउट ऑफ कोर्ट सेटलमेंट करें तो यह किसी भी सभ्य समाज के लिए बेहतर होगा। मंच के राष्ट्रीय संयोजक मंडल ने ऐलान किया कि संवाद के जरिए हिंदुओं की ऐतिहासिक इबादतगाहों को पुनर्स्थापित करते हुए काशी, मथुरा और सम्भल जैसी जगहों पर बने विवादित ढांचों को हिंदू समुदाय को संवाद के माध्यम से सौंपने का समर्थन किया जाना चाहिए। इसके साथ ही, मंच ने कहा कि ऐसी मस्जिदें जहां किसी कारणवश नमाज नहीं हो रही हो या जो वीरान पड़ी हों, वह मुसलमानों को सौंपा जाए ताकि वे उन्हें पुनः स्थापित कर आबाद कर सकें। मंच ने इस्लामिक सिद्धांतों के आधार पर यह स्पष्ट किया कि बुतपरस्ती (मूर्ति पूजा) की इजाजत इस्लाम में नहीं है। जिन मस्जिदों में टूटी हुई मूर्तियां पायी गयी हैं या जिन स्थानों पर मंदिर होने के ऐतिहासिक, सामाजिक अथवा प्रत्यक्ष प्रमाण हैं, वहां नमाज पढ़ना इस्लामिक उसूलों के खिलाफ है और यह नमाज के लिए नापाक जगह है। ऐसी जगह नमाज कबूल नहीं होती। मंच ने कुरान और हदीस का हवाला देते हुए कहा कि जबरन कब्जा की गई भूमि पर मस्जिद बनाना इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ है। 4 जनवरी को लखनऊ में मंच का बड़ा कार्यक्रम है। शुक्रवार की सुबह लखनऊ की बैठक पर चर्चा और एजेंडा तय करने के लिए मंच की ऑनलाइन बैठक हुई। जिसमें 20 राज्यों और 6 केंद्रशासित प्रदेश मिलाकर 70 स्थानों से मंच की बैठक में लोग जुड़े। बैठक की अध्यक्षता मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने की, जिसमें देश भर के कई छोटे-बड़े मुस्लिम संगठनों और उनके नेताओं ने शिरकत की। इस ऐतिहासिक बैठक में महिला बुद्धिजीवी ग्रुप, सूफी शाह मलंग संगठन, युवा शिक्षा एवं मदरसा संस्थान, पर्यावरण एवं जनजीवन सुरक्षा संस्थान, जमीयत हिमायतुल इस्लाम, कश्मीरी तहफ्फुज आर्गेनाइजेशन और कश्मीर सेवा संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की ऐतिहासिक पहल**





९वीं पुण्यतिथि

श्रद्धांजलि

प्रकृतिम स्वामवष्टभ्य विसृजामि पुनः पुनः।
भूतग्राममिमं कृत्स्नमवशम प्रकृतेर्वशात!



स्व0 कौशल किशोर सिंह

जन्म : 28 जून1947 । स्वर्गवास : 4 जनवरी 2016

हम सब आपकी ९वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

आपका स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन एवं मधुर स्मृतियां आशीर्वाद के रुप में सदैव हमारे लिए प्रेरणादायक रहेंगी।

विनीत : विकाश सिंह
के0 के0 बिल्डर्स प्रा0 लि0
के0 के0 आवास प्रा0 लि0
27, न्यु काली माटी रोड
साकची, जमशेदपुर

श्रद्धावनत् :
उर्मिला सिंह (पत्नी), रश्मि सिंह (पुत्र वधु)
आर्या वत्स (पौत्र), अग्रिमा वत्स (पौत्री)
उषा सिंह एवं चन्द्र रश्मि रंजन
निशा सिंह एवं संतोष कुमार
अनिता सिंह एवं आर. के. कुँवर
रेखा सिंह एवं अविनाश कुमार
श्वेता सिंह एवं शत्रुघ्न सिन्हा
अंकिता सिंह एवं कौशल शुभांक
एवं समस्त सिंह परिवार सह कर्मचारीगण

CCL Fuelling Sustainable Growth

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनिरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, **www.centralcoalfields.in**) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।



कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा
"पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना"

एतद् द्वारा कोडरमा जिला के प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड सरकार, राँची के राज्यादेश संख्या 17 रा0 दिनांक 16.07.2024 के द्वारा स्वीकृत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु इच्छुक प्रगतिशील डेयरी कृशक/पशुपालक अपना आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में समर्पित कर सकते हैं –

प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत् है –

(क) वित्तीय वर्ष 2024–25 में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) के माध्यम से संचालित 2 माह का AWARENESS PROGRAMME ON DAIRY FARMING (APDF) पाठ्यक्रम । प्रशिक्षणार्थी की शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण हो एवं पशुपालकों के पास कम से कम 05 दुधारू पशु हो। इच्छुक लाभुक विज्ञापन के एक सप्ताह के अन्दर जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में आवेदन समर्पित कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम शीघ्र प्रारम्भ होने की संभावना है।

(ख) वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्य के अन्दर प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची में छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चालू है। यह कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार से प्रारम्भ होता है।

इच्छुक प्रगतिशील डेयरी कृशकों/पशुपालकों से अनुरोध है कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अपना आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में समर्पित करेंगें। समर्पित किये जाने वाले आवेदन पत्र को ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा करवाकर एवं पहचान पत्र (आधार कार्ड की छायाप्रति) एक पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम के बैंक खाता पासबुक की छाया प्रति जिसमें खाता संख्या एवं IFSC कोड आदि जो सुस्पष्ट हो, जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में आवश्यक रूप से संलग्न करेंगें।

नोट :– प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र या विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में सम्पर्क कर सकते हैं।

PR 343488 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)D

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, कोडरमा।


किसानों को प्रोत्साहित करने के बजाये निराश कर रही राज्य सरकार

# 3200 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीद करे हेमंत सरकार : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार से धान खरीद में किसानों को इंसाफ देने की मांग की है। श्री मरांडी शुक्रवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों के सुखाड़ के बाद इस वर्ष धान की अच्छी फसल हुई है। किसानों को अपने मेहनत का अच्छा लाभ मिलने की उम्मीद राज्य सरकार से थी। हेमंत सरकार में शामिल दलों ने चुनाव से पूर्व 3200 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीद करने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि अब हेमंत सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है। राज्य में 2300 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीद और 100 रुपए बोनस के साथ 2400 रुपये प्रति क्विंटल से खरीद हो रही है। राज्य सरकार ने 60लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य रखा है। लेकिन, स्थिति ऐसी है कि अभी तक पूरी तरह जिलों में धान क्रय केंद्र ही नहीं खोले गये हैं। ऑफिसरशाही इतनी हावी है कि वित्त मंत्री अपने क्षेत्र से धान क्रय केंद्र का बिना उदघाटन किये ही बैरंग वापस लौटने को मजबूर हैं। राज्य में जहां केंद्र खुले भी हैं। उसमें में कई स्थानों पर ताले लटके मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लक्ष्य का 15फीसदी धान भी अबतक नहीं खरीद सकी है। राज्य सरकार इसमें भी धान को गीला बताकर प्रति क्विंटल 10 से 15किलो की कटौती कर रही है। राज्य सरकार ने धान खरीद की प्रक्रिया को जटिल बना दिया है। राज्य सरकार की उदासीनता के कारण किसान दलाल और बिचौलियों के चंगुल में आने को मजबूर हैं। किसान अपनी मेहनत से उपजाई फसल को 1800 से 1900 रुपए प्रति क्विंटल बेचने को मजबूर हैं। उन्होने कहा कि झारखंड के किसान खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं हैं। यहां केवल एक फसल धान ही है। इसे एमएसपी पर बेचकर किसान कुछ रुपये कमाते हैं। बाकि दलहन आदि का उत्पादन यहां बड़े पैमाने पर नहीं होता है। ऐसे में किसानों को प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है। लेकिन राज्य सरकार लगातार किसानों को निराश करने में लगी है। इस अवसर पर योगेंद्र प्रताप सिंह एवं पवन साहू भी उपस्थित थे।

## हाईटेक होगी झारखंड की बिजली व्यवस्था, एसेट मैपिंग के साथ कंज्यूमर इंडेक्सिंग भी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से हाईटेक होगी। इसके तहत ऐसेट की मैपिंग के साथ कंज्यूमर की इंडेक्सिंग भी की जाएगी। इस नए प्रोजेक्ट के तहत जीआईएस डेटा बेस के साथ एप्लिकेशन का निर्माण और अपग्रेडेशन भी शामिल है। यह पूरा प्रोजेक्ट पांच साल में पूरा किया जाएगा। इसमें दो साल तक क्रियान्वयन और तीन साल तक सुविधा प्रबंधन सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम के संचालन में उन्नत जीआईएस तकनीक का समावेश करना है।

**आरईपीएल को किया गया है नियुक्त** : इस प्रोजेक्ट के लिए बिजली वितरण निगंम ने रूद्राभिषेक इंटरप्राइसेस लिमिटेड (आरइपीएल) को नियुक्त किया है। यह प्रोजेक्ट भारत सरकार के रिवैम्पड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) का हिस्सा है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य उपभोक्ताओं को गुणवत्ता युक्त सस्ती बिजली की आपूर्ति करना है।

**क्या होगा काम व क्या होगा फायदा**

- फील्ड सर्वे कर विद्युत परिसंपत्तियों और उपभोक्ता संपत्तियों का मानचित्रण होगा।
- मौजूदा डेटा को क्लाउड प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित किया जाएगा
- एंटरप्राइज-ग्रेड जीआईएस सॉफ्टवेयर की तैनाती की जाएगी
- वितरण नेटवर्क के लिए आधारभूत डेटा प्रणाली तैयार किया जाएगा
- मीटर रीडिंग, बिलिंग और ऊर्जा लेखा-जोखा में सुधार किया जाएगा
- जेबीवीएनएल की बुनियादी ढांचे और सेवा वितरण को आधुनिक और स्मार्ट नेटवर्क प्रबंधन तथा तकनीकी एकीकरण के माध्यम से उन्नत किया जाएगा
- मजबूत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रदान किया जाएगा
- सटीक उपभोक्ता डेटा प्रबंधन को सुनिश्चित किया जाएगा
- बिजली कटौती को कम किया जाएगा. ऊर्जा हानि को न्यूनतम किया जायेगा
- रियल-टाइम निगरानी और तेज फॉल्ट का त्वरित समाधान किया जायेगा।


झारखण्ड सरकार
कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
कार्यालय- भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला
संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला– 835207
E-mail ID- scogumla6@gmail.com

**आम सूचना**

झारखण्ड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के राज्यादेश संख्या – 22, दिनांक – 18.06.2024 द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में बंजर भूमि/राईस फैलो विकास योजना अन्तर्गत विशेष सिंचाई सुविधा अन्तर्गत एक एकड़ से अधिक एवं पाँच एकड़ से कम जल क्षेत्र वाले सरकारी/निजी तालाब/परकोलेशन टैंक निर्माण एवं डीप बोरिंग का कार्य कराया जाता है **जिसकी सूचना पूर्व में समाचार पत्रों के माध्यम से दी जा चुकी है,** गुमला जिले में कुल निर्धारित लक्ष्य है:

| क्र0 स0 | योजना का नाम | जिले का कुल निर्धारित लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | सरकारी तालाब जीर्णोद्धार | 50 |
| 2 | निजी तालाब जीर्णोद्धार | |
| 3 | परकोलेशन टैंक निर्माण | पूर्व लक्ष्य– 168<br>संशोधित लक्ष्य– 140 |
| 4 | डीप बोरिंग | 53 |

उपरोक्त लक्ष्य के आलोक में आवेदन अपना अपना पूर्ण रूपेण भरा हुआ आवेदन **07.01.2025 को शाम 5 बजे तक** कार्यालय भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला में आवेदन जाम कर दें। तदोउपरांत आवेदन पर विचार नहीं किया जाऐगा।

PR 343474 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25).D

भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला


## सरकारी कर्मियों के डीए में वृद्धि का आदेश जारी

**रांची।** वित्त विभाग ने सरकारी कर्मियों के डीए में वृद्धि का आदेश जारी कर दिया है। अब राज्य कर्मियों और पेंशनधारियों को 50 फीसदी बढ़कर 53 फीसदी डीए मिलेगा। पिछले कैबिनेट में इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी थी। यह बढ़ा हुआ डीए एक जुलाई 2024 के प्रभाव से मिलेगा। बढ़ा हुआ डीए कर्मियों और पेंशनधारियों को जनवरी के वेतन में मिलेगा।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मिले हजारीबाग एसडीएम की पत्नी अनिता के परिजन



**रांची।** हजारीबाग एसडीएम अशोक कुमार की पत्नी अनीता कुमारी के परिजनों ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से कांग्रेस भवन में मुलाकात की। अनीता के परिजनों से प्रदेश अध्यक्ष से अशोक कुमार की गिरफ्तारी के साथ न्याय की गुहार लगाई है। मुलकात के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस मामले में हजारीबाग एसपी से बात की गई है। परिजनों ने बताया कि जब तक अशोक कुमार की गिरफ्तारी नहीं हो जाती, तब तक सही तरीके से मामले की जांच नहीं हो पाएगी। बताते चलें कि उक्त मामले की जांच और अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है।

### खबर एक नजर में

## डीजीपी ने आइपीएस चंदन सिन्हा को बैज लगाकर किया सम्मानित



**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने आईपीएस चंदन कुमार सिन्हा को पुलिस उप-महानिरीक्षक कोटि में प्रोन्नति मिलने के बाद बैच लगाकर सम्मानित किया। इस संबंध में अधिसूचना 31 दिसम्बर को जारी की गई थी। वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची के पद को पुलिस उप-महानिरीक्षक कोटि में उत्क्रमित करते हुए उन्हें उक्त पद पर पदस्थापित किया गया है।

## बाबूलाल मरांडी ने परिजनों का ढांढस बंधाया



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शुक्रवार को दिवंगत भाजपा नेता गुरविंदर सिंह सेठी के आवास पर पहुंचर परिजनों को ढांढस बंधाया। श्री मरांडी ने कहा कि दुख की घड़ी में भाजपा परिजनों के साथ खड़ी है। पार्टी ने एक समर्पित कार्यकर्ता खोया है। मुलाकात करने वालों में योगेन्द्र प्रताप सिंह और अशोक शर्मा भी शामिल थे।

## 15 जनवरी तक ऑनलाइन मान्यता के प्रावधान तत्काल प्रभाव से निरस्त

**रांची।** पासवा के मुख्य संरक्षक रामेश्वर उरांव और राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे की मांग पर छात्रों और शिक्षकों के भविष्य को देखते हुए शिक्षा सचिव ने 15 जनवरी तक ऑनलाइन मान्यता के प्रावधानों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। रामेश्वर उरांव ने बताया कि निजी विद्यालयों के लिए जमीन बढ़ाना या कमरे का साइज बदलना संभव नहीं है। सरकार को मान्यता के शर्तों को बदलने की जरूरत है। वही संस्था के अध्यक्ष आलोक दूबे ने कहा कि 2009 के आर टी ई कानून को आधार बनाकर मान्यता दे सरकार, दूसरा कोई भी कानून स्वीकार नहीं किया जायेगा।


कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा
"पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना"

एतद् द्वारा कोडरमा जिला के प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड सरकार, राँची के राज्यादेश संख्या 17 रा0 दिनांक 16.07.2024 के द्वारा स्वीकृत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु इच्छुक प्रगतिशील डेयरी कृशक/पशुपालक अपना आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में समर्पित कर सकते हैं –

प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत् है –

(क) वित्तीय वर्ष 2024–25 में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) के माध्यम से संचालित 2 माह का AWARENESS PROGRAMME ON DAIRY FARMING (APDF) पाठ्यक्रम । प्रशिक्षणार्थी की शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण हो एवं पशुपालकों के पास कम से कम 05 दुधारू पशु हो। इच्छुक लाभुक विज्ञापन के एक सप्ताह के अन्दर जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में आवेदन समर्पित कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम शीघ्र प्रारम्भ होने की संभावना है।

(ख) वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्य के अन्दर प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची में छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चालू है। यह कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार से प्रारम्भ होता है।

इच्छुक प्रगतिशील डेयरी कृशकों/पशुपालकों से अनुरोध है कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अपना आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में समर्पित करेंगें। समर्पित किये जाने वाले आवेदन पत्र को ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा करवाकर एवं पहचान पत्र (आधार कार्ड की छायाप्रति) एक पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम के बैंक खाता पासबुक की छाया प्रति जिसमें खाता संख्या एवं IFSC कोड आदि जो सुस्पष्ट हो, जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में आवश्यक रूप से संलग्न करेंगें।

नोट :– प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र या विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में सम्पर्क कर सकते हैं।

PR 343488 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)D

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, कोडरमा।


# कांग्रेस भवन में जयपाल सिंह मुंडा को दी गई श्रद्धांजलि



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हॉकी के महान खिलाड़ी, भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और ओलंपियन जयपाल सिंह मुंडा की जयंती शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा ने देश की राजनीति के साथ-साथ खेल के मैदान में भी अहम भूमिका निभाई है। संविधान सभा के सदस्य रहे जयपाल सिंह मुंडा ने 1938 में पहली बार अलग झारखंड राज्य की मांग उठाई थी।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि हॉकी के मैदान में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने वाले जयपाल सिंह मुंडा ने संविधान सभा के सदस्य के रूप में अपनी अहम भूमिका के कारण आदिवासियों और मूलवासियों के हितों की रक्षा की। उन्होंने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा ने बागुन सुब्रई, एस के बागे के साथ मिलकर अलग राज्य के लिए आंदोलन शुरू किया था। उनके द्वारा शुरू किए गए आंदोलन का ही नतीजा है कि आज झारखंड एक अलग राज्य के रूप में प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

**खूंटी में हुआ था जयपाल सिंह मुंडा का जन्म :** जयपाल सिंह मुंडा का जन्म 03 जनवरी 1903 को झारखंड के खूंटी (तत्कालीन) जिले में हुआ था। प्रतिभावान जयपाल सिंह मुंडा पढ़ाई के लिए ऑक्सफोर्ड भी गए जहां उन्होंने सेंट जॉन्स कॉलेज में उच्च शिक्षा प्राप्त की। पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने हॉकी में भी देश का नाम दुनिया भर में रोशन किया।

1928 में एम्सटर्डम में ओलंपिक हॉकी में पहला स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान जयपाल सिंह मुंडा ही थे। जयपाल सिंह मुंडा को हॉकी से इतना प्यार था कि उन्होंने आईसीएस की परीक्षा पास करने के बाद भी अपनी नौकरी छोड़ दी थी। श्रद्धांजलि अर्पित करनेवाले प्रमुख नेताओं में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, प्रदेश मीडिया प्रवक्ता कमल ठाकुर समेत कई नेता एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

## जजों की नियुक्ति के लिए वकीलों के नाम की भी हो सिफारिश : एडवोकेट एसोसिएशन

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में इस वर्ष नये न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। इस बीच हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर यह आग्रह किया है कि जज की नियुक्ति के लिए भेजे जाने वाले नामों में हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं के नाम की भी सिफारिश की जाये। बता दें कि हाईकोर्ट में स्वीकृत जजों की संख्या 25 है। पिछले वर्ष जस्टिस रत्नाकर भेंगरा और जस्टिस सुभाष चंद के रिटायर होने के बाद 18 न्यायाधीश ही कार्यरत हैं। वहीं इस वर्ष एक और न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस एन पाठक सेवानिवृत हो जायेंगे। इसके बाद सीटिंग जजों की संख्या घटकर 17 हो जायेगी। जिसका असर लंबित मामलों की सुनवाई पर पड़ेगा।

## 33 खिलाड़ियों को जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार

**रांची।** उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन पर राज्य के खिलाड़ी और उनके कोच रविवार को आड्रे हाउस में सम्मानित होंगे। 33 खिलाड़ियों को जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार मिलेगा। इसकी घोषणा गुरुवार को उम्मीद फाउंडेशन की ओर से की गयी। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव ने बताया कि इस बार 5 श्रेणी में पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार, जयपाल सिंह खेल पुरस्कार, गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरु द्रोणाचार्य अवॉर्ड और झारखंड खेल रत्न पुरस्कार शामिल है। फाउंडेशन की महिला विंग की केंद्रीय अध्यक्ष संगीता तिर्की ने कहा, पुरस्कार देने का उद्देश्य उन खिलाड़ियों को पहचान और प्रोत्साहन देना है।


**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi**

**VERY SHORT TENDER NOTICE**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**
**RFP No.- 05/CDO/Ranchi/ RWSS /2024-25Dated:-24.12.2024**

The undersigned on behalf of the Government of Jharkhand invites RFP with Invitation of rate for preparation of PFR, DPR including preparation of Bid Document in EPC / Turnkey / Item rate mode, etc. for following works is invited from eligible Empanelled Consultants at CDO Office under DW&SD, Jharkhand, Ranchi vide letter no. 558(CDO) dt. 01.09.2020 and 165(CDO) dt. 08.02.2021. Item rate bids for the work mentioned in Annexure- 1 through e-Procurement. The bid shall be submitted online in the Website https://jharkhandtenders.gov.in. The Consultant(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

**Annexure – 1**

| Sl. No. | Name of Work | RFP with Invitation of rate for preparation of PFR, DPR including preparation of Bid Document in EPC / T urnkey / Item rate mode, etc. for following works is Invited from eligible Empanelled Consultants at CDO Office under DW&SD, Jharkhand, Ranchi. | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Name of Scheme | Job | Completion of Work | Cost of Earnest money (Performance guarantee) in Rs. | Cost of RFP Fee in Rs. | Eligibility |
| 1 | Water Supply Scheme (Raw Water only) for M/s Bokaro Spirits and Allied Industries Pvt. Ltd., BIADA, Bokaro Steel City, Jharkhand from Garga Dam under D.W. & S. Div. Chas. Total Demand -16000 KL/day | 1.0 | 2 Months | 1,00,000.00 | 10,000.00 | For A, B & C Category |

| | |
|---|---|
| Date & Time for publishing of NIT & TOR on website | 04.01.2025 at 4.00 PM |
| Last Date for Uploading of Bid Document, RFP fee & Performance guarantee on Website. | 20.01.2025 upto 3.00 PM |
| Date & Time for Opening of Technical Bid document | 21.01.2025 at 4.00 PM |
| Help line no. | +91 8709958093 |

2. Tender Fee (RFP Fee) & Earnest Money (Performance guarantee) amount specified for the work in as annexure-1,should be through Online Gateway Facilities in two Mode- Net Banking (SBI & 61 Others Bank) as well as NEFT/RTGS Challan Mode in favour of "**Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West" payable at Ranchi. (As per IT & e-governance Department Office order Letter-120, Date-03.10.2023 Attached as Annexure-4).**
3. Tender fee (RFP Fee), Earnest Money (Performance guarantee) & Bid Documents separately shall be submitted Online Mode. Only those applications will be entertained whose cost of RFP application fee, bid security & bid documents is received separately and properly super scribed in Online Mode. The office of Executive Engineer, D.W. & S. Division Ranchi West, Ranchi will not be held responsible for any failure in payment by online method.
4. Bid Validity shall be 180 Days from the date of Opening Bid.
5. In the event date specified for Receipt/opening declared a holiday, the due date for submission and opening, will be the following working day at the appointed time.
6. The Department reserved the right to cancel, revise or amend this RFP or bid documents fully or partly prior to the last date of RFP for submission of offers or on any subsequent date.
7. All legal disputes will be entertained within the jurisdiction of Jharkhand High Court, Ranchi.
8. Bid documents/ Any changes & Further details can be seen on website https://Jharkhandtenders.gov.in.
9. Bid should be submitted for each group separately.
10. In case of Empanelled consultant of MSME category will follow the Govt. rule.
11. Details of Notes to Bidder/ Term of Reference (TOR)/Annexure and related information can be seen / downloaded from the https://Jharkhandtenders.gov.in and https://dwsd.jharkhand.gov.in.

**Executive Engineer**
**D.W. & S. Division, Ranchi West, Ranchi.**

PR 343477 Drinking Water and Sanitation(24-25)D


पिछड़ा जाति आयोग का गठन होने के बाद ट्रिपल टेस्ट का भी रास्ता होगा साफ

# नये साल में झारखंड को मिलेंगे लोकायुक्त और सूचना आयोग के अध्यक्ष!

**उदय चौहान**

**रांची।** नया साल में अब झारखंड को लोकायुक्त एवं सूचना आयोग के अध्यक्ष मिल सकता है। अब, झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से इस पर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। हांलाकि, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद अभी खाली है। प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने अपना विधायक दल का नेता नहीं चुना है। इसके कारण संवैधानिक पदों पर नियुक्ति नहीं हो पायी है। वैसे, इन संवैधानिक पदों पर नियुक्ति पिछले कई वर्षों से लंबित है। हेमंत सोरेन के पहले कार्यकाल में भी लोकायुक्त, सूचना आयुक्त एवं अन्य संवैधानिक पदों पर बहाली नहीं हुई थी। मानवाधिकार आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग जैसी महत्वपूर्ण संस्थाओं के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्तियां होंगी और इन आयोगों के दफ्तरों में लंबित हजारों शिकायतों का निपटारा शुरू हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि झारखंड राज्य सूचना आयोग के अध्यक्ष और पांच सदस्यों का पद मई 2020 से खाली है। इतने समय में आयोग में पेंडिंग अपीलों की संख्या लगभग 20 हजार तक पहुंच चुकी है। इनमें 7658 अपील वैसे हैं, जिनमें मई 2020 से पहले एक या दो बार सुनवाई हो चुकी है। जबकि करीब आठ हजार फ्रेश अपील हैं। इसी प्रकार अन्य शिकायतवाद भी लंबित है। नये सूचना आयुक्त के आने के बाद इन अपीलों को अप्रूवल मिलेगा उसके बाद ही सुनवाई होगी।

### जून 2021 से लोकायुक्त का पद है खाली

झारखंड में लोकायुक्त का पद जून 2021 से खाली है। 29 जून 2021 को झारखंड के लोकायुक्त जस्टिस डीएन उपाध्याय के निधन के बाद से यह पद खाली पड़ा। लोकायुक्त नहीं होने के कारण कार्यालय में रिम्स डेंटल कॉलेज में डेंटल चेयर खरीद में भ्रष्टाचार सहित हजारों मामले कई वर्षों से लंबित पड़े हुये हैं। झारखंड लोकायुक्त कार्यालय को अभी तक दस हजार के करीब लोकसेवकों की शिकायतें मिली हैं। इनमें से दो हजार से अधिक शिकायतों पर लोकायुक्त कार्यालय आगे नहीं बढ़ सका है। पिछले पांच वर्षों में 3,361 से अधिक मामले लोकायुक्त के पास आये थे। इसमें से 2,200 से अधिक मुकदमों का निष्पादन हो चुका है। इसमें से अधिकतर मामले सेवानिवृत्ति लाभ से संबंधित थे। नेता प्रतिपक्ष के चयन के बाद ही लोकायुक्त की नियुक्ति संभव है।

### मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष पिछले छह वर्ष से रिक्त

झारखंड राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष पद 2018 से रिक्त पड़ा हुआ है। झारखंड के मानवाधिकार आयोग में एक अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति होनी है। जून 2023 में इसे लेकर विज्ञापन निकाला गया था। मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष नहीं होने के कारण कई सैकड़ों शिकायतें लंबित पड़ी हैं। वहीं, झारखंड पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का पद जनवरी 2023 से खाली है। जस्टिस लोकनाथ प्रसाद के निधन के बाद से यह पद खाली है। आयोग के सदस्यों के भी पद खाली हैं। पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष नहीं होने की वजह से झारखंड के नगर निकाय चुनावों को लेकर होने वाला ट्रिपल टेस्ट का मामला फंसा हुआ है। कैबिनेट ने ट्रिपल टेस्ट पिछड़ा आयोग से कराने की मंजूरी दी थी, लेकिन अबतक आयोग का गठन नहीं हुआ है। नेता प्रतिपक्ष के चयन के बाद ही आयोग के गठन का रास्ता साफ होगा। वैसे, नये साल में पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष समेत अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति होने की आसार बढ़ गये हैं।

# मनरेगा घोटाला : आरोपी पूजा सिंघल के मामले में हाइकोर्ट ने इडी से मांगा जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मनरेगा घोटाले मामले में आरोपी निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की ओर से अभियान स्वीकृति नहीं मिलने का हवाला देते हुए उनके खिलाफ दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी को 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का समय प्रदान किया। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि किसी सरकारी अधिकारी के खिलाफ आपराधिक केस चलाने के लिए सीआरपीसी की धारा 197 के तहत अभियोजन स्वीकृति आदेश लेना जरूरी है लेकिन ईडी की ओर से ऐसा नहीं किया गया है इसलिए मनरेगा घोटाला मामला में उनके खिलाफ दर्ज केस को निरस्त किया जाए।



बता दें की मनरेगा घोटाला मामले में पूजा सिंघल सहित सात आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। जिनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है उनमें पूजा सिंघल के अलावा उनके पति अभिषेक झा, सीए सुमन सिंह, खूंटी जिला परिषद के तत्कालीन कनीय अभियंता राम विनोद सिन्हा, तत्कालीन सहायक अभियंता राजेंद्र जैन, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता जय किशोर चौधरी, खूंटी विशेष प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश शामिल है।

प्रवर्तन निदेशालय ने 200 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया है आरोपपत्र में बताया गया है कि चतरा, खूंटी और पलामू डीसी रहते हुए पूजा के खाते में सैलरी से 1.43 करोड अधिक थे ईडी ने इन तीनों जिलों में उनके डीसी के कार्यकाल के दौरान के अलग-अलग बैंक खातों व दूसरे निवेश की जानकारी जुटाई। खूंटी में मनरेगा का घोटाला फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच हुआ उस समय पूजा सिंघल वहां की डीसी थी।

गौरतलब है कि ईडी ने तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल के सरकारी व निजी आवास उनके पति अभिषेक झा और उनके सीए सुमन सिंह समेत 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी. सीए सुमन सिंह के आवास से ईडी को 19.31 करोड़ रुपए नगद बरामद हुए थे।

## रांची नगर निगम के पदाधिकारियों ने कंबल का किया वितरण

**रांची।** रांची नगर निगम की ओर से शुक्रवार को कई वार्ड में अभावग्रस्त परिवार के सदस्यों, बुजुर्ग एवं गरीबी रेखा से नीचे जीवन जीने वालों के बीच निःशुल्क कंबल का वितरण किया गया। निगम प्रशासक संदीप सिंह के निर्देश पर वार्ड संख्या 11, 15, 29, 30, 37, 40 और 45 में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। निगम के कई पदाधिकारियों ने रात में शहर के प्रमुख इलाकों में भ्रमण कर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं, खुले में रात गुजारते मिलने वाले लोगों को समीप के आश्रय गृह तक पहुंचाने के लिए भी टीम को निर्देश दिया गया है। कंबल वितरण व लोगों को आश्रय गृह तक पहुंचाने के कार्य में नगर अभियान प्रबंधक, नगर प्रबंधक, सामुदायिक संगठनकर्ता, वार्ड सुपरवाइजर को लगाया गया है।

## फुटपाथ दुकानदारों के पुनर्वास मामले में हाइकोर्ट ने मांगी अद्यतन रिपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की अदालत में मोरहाबादी मैदान से हटाए गए फुटपाथ दुकानदारों के पुनर्वास को लेकर दाखिल अवमानना याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने जिला प्रशासन से वेंडिंग जोन एक का वैकल्पिक स्थान चिह्नित करने की जानकारी कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अदालत ने नगर निगम से जोन दो और तीन में किए गए कार्यों की अद्यतन रिपोर्ट मांगी है।

सुनवाई के दौरान रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि वेंडिंग जोन एक में बहुत अतिक्रमण है, जिसे हटाने में कानूनी दांव-पेंच है। वेंडिंग जोन एक की वैकल्पिक जगह चिह्नित की गई है। इसको लेकर रांची नगर निगम भी सहमत है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता अनुराग कश्यप ने कोर्ट को बताया कि जोन दो एवं तीन के निर्माण कार्य में कोई प्रगति नहीं है।

अदालत ने नाराजगी जताते हुए सात मार्च तक रांची नगर निगम से इसकी अद्यतन जानकारी मांगी है। कोर्ट ने कहा कि अगर जवाब नहीं दिया गया तो एडवोकेट कमिश्नर की नियुक्त कर मामले की जांच कराई जा सकती है। इस दौरान अदालत ने कहा कि वहां दुकान लगाने वाले गरीब लोग हैं, जिनकी आजीविका इसी से चलती है। जिला प्रशासन और निगम को जल्द से जल्द उनका पुनर्वास करना है। पूर्व में कोर्ट ने मोरहाबादी मैदान से हटाए गए दुकानदारों का पुनर्वास करने का आदेश दिया था लेकिन अभी तक उन्हें बसाया नहीं गया है, जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में अवमानना दाखिल की गई है।

## जमीन घोटाला : छवि रंजन के मामले में हाइकोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की ओर से रांची की निचली अदालत के संज्ञान आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। मामले में छवि रंजन की ओर से ईडी कोर्ट द्वारा लिए गए संज्ञान आदेश को चुनौती देते हुए केस को निरस्त करने का आग्रह किया गया है। साथ ही छवि रंजन की ओर से अपनी गिरफ्तारी को भी अवैध बताया गया है। दरअसल, बरियातू में सेना की जमीन के कागजात की हेराफेरी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को ईडी टीम ने 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया था, उसी समय से वे जेल में है। इस मामले में उनकी जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट से भी खारिज है। बता दें कि मामले में ईडी द्वारा छवि रंजन के खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है। इसमें छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। जमीन खरीद बिक्री मामले को लेकर बरियातू थाना में अमित अग्रवाल, छवि रंजन आदि के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## झारखंड प्रशासनिक का अधिकारी निलंबन मुक्त

### पदस्थापना होने पर योगदान नहीं देने पर हुई थी कार्रवाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और तत्कालीन अधिसूचित भूमि सुधार उप समाहर्ता जामताड़ा, सम्प्रति निलंबित प्रभात कुमार को निलंबन मुक्त कर दिया है। प्रभात कुमार को 23 सिंतबर 2021 अधिसूचना द्वारा जामताड़ा में भूमि सुधार उपसमाहर्ता जामताड़ा के पद पर पदस्थापित किया है, परंतु उनके द्वारा अधिसूचित पद पर योगदान नहीं दिया गया। डीसी जामताड़ा ने कार्रवाई की अनुशंसा की थी, जिसके बाद उन्हें निलंबित किया गया। उनसे स्पष्टीकरण पूछा गया जिसमें उन्होंने जवाब दिया गया की उनके द्वारा 25 सितंबर को निर्धारित मुख्यालय में कुछ विलंब से योगदान किया गया था। उन्होंने सरकार से निलंबन मुक्त करने की मांग की थी। मामले पर सम्यक विचार के बाद उन्हें निलंबन मुक्त किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है।

## सीएम हेमंत सोरेन ने जयपाल सिंह मुंडा और सावित्रीबाई फुले को जयंती पर किया याद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**







**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने जयपाल सिंह मुंडा और सावित्रीबाई फुले को उनकी जयंती पर याद किया। सीएम ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि झारखंड की माटी के लाल, संविधान सभा के सदस्य और पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मरंङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर शत-शत नमन। हेमंत सोरेन ने आगे लिखा कि जयपाल सिंह मुंडा को सम्मान देते हुये अबुआ सरकार द्वारा ओवरसीज स्कॉलरशिप योजनाओं को चलाया जाता है। इसमें वंचित समाज के युवा हर वर्ष विदेश में सौ प्रतिशत स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा लेते हैं। हेमंत सोरेन ने दूसरे पोस्ट में लिखा कि देश की पहली महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले जी की जयंती पर शत-शत नमन। झारखंड की लाखों बेटियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़कर उनके सपनों को पंख देने का काम कर रही है अबुआ सरकार।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी को बरी किया

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने शुक्रवार को आत्महत्या के लिए उसकाने के मामले में ट्रायल फेस कर रहा धुर्वा के सखुआ बागान निवासी प्रशाद शर्मा को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। उस पर पड़ोसी मनोज कुमार को आत्महत्या के लिए उसकाने का आरोप था। घटना को लेकर मृतक की मां करमी देवी ने धुर्वा थाना में 5 जनवरी 2023 को नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। जिसमें कहा गया था कि मनोज की पत्नी का अवैध संबंध प्रसाद शर्मा से था। इसी को लेकर बेटे और बहू में हमेशा लड़ाई-झगड़ा होता रहता था। 4 जनवरी 2023 को मनोज ने एक चिट्ठी लिखकर आत्महत्या कर ली थी। चिट्ठी में लिखा था कि हम प्रसाद के चलते अपना प्राण दे रहे हैं। मामले में सुनवाई के दौरान सूचक समेत तीन गवाही दर्ज की गई थी। मामले के जांच अधिकारी गवाही देने नहीं पहुंचे थे।

## मुख्यमंत्री से मिले आजसू नेता गोस्वामी, नववर्ष की दी बधाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को आवास में आजसू पार्टी के कई नेता मिले। सीएम से मिलकर उन्हें नये वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर आजसू पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय सचिव आशुतोष गोस्वामी के साथ विश्वास उरांव, अशोक कच्छप, संजय लकड़ा, अशोक लुगून, अशोक कच्छप भी साथ थे। इन नेताओं ने सीएम को राज्य में प्रचंड बहुमत के लिए भी हेमंत सोरेन की प्रशंसा की और सीएम को गुलदस्ता भेंट किया।

सीएम हेमंत सोरेन ने आशुतोष गोस्वामी को झामुमो से जुड़कर राज्यहित में साथ मिलकर काम करने की सलाह दी है। इधर, आशुतोष गोस्वामी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड के सीएम हैं। उन्हें नये साल की बधाई दी है। युवा सीएम हैं। राज्य के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। पहले भी मिलना जुलना रहा है।

### एसीबी की टीम ने 37 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ किया था गिरफ्तार

## एसीबी कोर्ट में आरोपी सीओ को किया गया पेश, भेजा गया जेल

**रांची।** भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार रांची सदर के सीओ मुंशी राम को शुक्रवार को एसीबी की विशेष अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया है। पेशी के साथ एसीबी ने रिश्वत की राशि और आवास से बरामद राशि दोनों को प्रस्तुत किया गया था। अदालत ने उसे 15 जनवरी तक के लिए जेल भेज दिया है। मुंशी राम को गुरुवार को एसीबी की टीम ने कचहरी स्थित कार्यालय में 37 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। वह जमीन का सीमांकन करने के एवज में 50 हजार रुपये रिश्वत मांगी थी। जो बाद में 37 हजार रुपए तय हुआ था। एसीबी ने साल का पहला केस दर्ज किया है।

## डीसी ने सड़कों पर गुजारा कर रहे लोगों को आश्रय गृह पहुंचाने का दिया निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री गुरुवार देर रात ठंड में आश्रय गृह और अन्य क्षेत्र का हाल जानने रात्रि भ्रमण पर निकले। इस क्रम में वे खादगढ़ा बस स्टैंड स्थित आश्रय गृह का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। सड़कों पर रात में गुजर-बसर कर रहे व्यक्तियों को चिन्हित कर रेस्क्यू ऑपरेशन वृहद स्तर पर चलाते हुए निकटतम आश्रय गृह में शिफ्ट करने का भी निर्देश दिया, ताकि ठंड में सड़कों पर रात्रि में किसी को कोई परेशानी ना हो। निगम के सभी आश्रय गृहों में बेड, कंबल और पेयजल आदि के बेहतर इंतजाम का निर्देश दिया गया।

**जरूरतमंदों में कंबल का किया वितरण** : डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। आश्रय गृह का निरीक्षण करते हुए आश्रय गृह में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। बढ़ते ठंड को देखते हुए निगम के सभी आश्रय गृहों में बेड, कंबल, पेयजल आदि का बेहतर इंतजाम के साथ तमाम व्यवस्था सुनिश्चित रखने का निर्देश भी दिया। इस दौरान अपर प्रशासक रांची नगर निगम संजय कुमार आदि पदाधिकारी शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### मुख्यमंत्री से मिले मंत्री, विधायक और नेता






**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को मंत्री दीपक बिरुवा, दीपिका पांडेय, शिल्पी नेहा तिर्की, सांसद विजय हांसदा, सुखदेव भगत, कालीचरण मुंडा, विधायक जयमंगल सिंह, उमाकांत रजक, सुरेश बैठा, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पार्टी की पूर्व प्रदेश महिला अध्यक्ष आभा सिन्हा ने मुलाकात की। सभी नेताओं ने मुख्यमंत्री को नववर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी। आभा सिन्हा ने मंइयां योजना पर भी सीएम को बधाई दी। सीएम ने भी सभी को शुभकामनायें दी।

### सीएम से मिले कई आइएएस और आइपीएस










**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कई आइएएस व आइपीएस अफसरों ने मुलाकात की। मुलाकात करने वालों में प्रधान सचिव सुनील कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक आरके मलिक, आईजी पंकज कंबोज, सचिव मनीष रंजन, सचिव अबु बकर सिद्दीक, श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा, निदेशक रेवेन्यू भोर सिंह यादव, निदेशक उच्च शिक्षा रामनिवास यादव, निदेशक पर्यटन अंजली यादव एवं निदेशक उद्योग सुशांत गौरव ने मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी को नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनायें दी।

### मनी लाउंड्रिंग के आरोपी की डिस्चार्ज अर्जी पर दस को सुनवाई

**रांची।** शराब घोटाले की राशि की मनी लाउंड्रिंग करने के मामले के आरोपी योगेंद्र तिवारी की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर 10 जनवरी को सुनवाई होगी। पीएमएलए कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई के लिये सूचीबद्ध थी। लेकिन समय लिया गया। योगेंद्र तिवारी ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये 19 दिसंबर को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। ईडी ने उक्त आरोप में 19 अक्तूबर 2023 को गिरफ्तार किया था। वर्तमान में वह जमानत पर है।

### संजय सेठ ने एनसीसी कैडेट से किया संवाद



**रांची।** राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एनसीसी कैडेट्स के साथ शुक्रवार को उज्जैन में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने संवाद किया। श्री सेठ ने बताया कि अभी भारत में 17 लाख एनसीसी कैडेट हैं। जल्द ही यह संख्या बढ़ाकर 20 लाख की जायेगी। यह वर्दीधारी राष्ट्रप्रेमी युवाओं का सबसे बड़ा संगठन है। सोशल सर्विस एवं कम्युनिटी डेवलपमेंट के कार्यों में इनकी भूमिका सराहनीय होती है। सामाजिक बदलाव में भी एनसीसी सराहनीय कार्य करते हैं। पर्यावरण संरक्षण की बात हो या कोरोना संक्रमण काल में सेवा की, हर क्षेत्र में इनका योगदान सराहनीय रहा है।

## विद्यार्थियों के लिए पंजीकरण शुल्क में नहीं होगी कोई बढ़ोतरी : कुलपति

### 7 फरवरी को डीएसपीएमयू का दूसरा दीक्षांत समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में 7 फरवरी को विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाना है। इसके निमित्त शुक्रवार को कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में परीक्षा बोर्ड की बैठक की गई। बैठक में दीक्षांत समरोह से संबंधित विषयों पर कुलपति ने परीक्षा बोर्ड के सदस्यों के साथ विचार विमर्श किया। इसमें आयोजन की रूपरेखा, विद्यार्थियों लिए पंजीकरण शुल्क और एक स्मारिका के प्रकाशन पर सदस्यों के साथ विचार विमर्श किया गया। डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने इस बैठक में लिये गए निर्णयों पर कहा कि दीक्षांत समारोह में स्नातक के सत्र 2021 से 2024 और सत्र 2020 से 2023 के विद्यार्थियों के लिए और स्नातकोत्तर सत्र 2021 से 2023 और सत्र 2022 से सत्र 2024 के विद्यार्थियों लिए उपाधि वितरण किया जायेगा। विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए 2024 में आयोजित प्रथम दीक्षांत समारोह के लिए जो पंजीकरण शुल्क 800 रुपये था, इस बार भी 800 रुपये पंजीकरण शुल्क रखने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि न सिर्फ विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के आर्थिक हितों को ध्यान में रखता है बल्कि भावनाओं को प्राथमिकता में रखते हुए उसी पंजीकरण शुल्क के अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी को दूसरे दीक्षांत समारोह से संबंधित स्मारिका को भी उपलब्ध कराएगा ताकि विद्यार्थी उसे एक स्मरण के तौर पर संजो कर रख सकें। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 2024 और अब वर्ष 2025 में लगातार दूसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन कर विश्वविद्यालय उपाधि वितरण में अद्यतन स्थिति को प्राप्त कर लेगा। मौके पर परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि इस दूसरे दीक्षांत समारोह के लिए पंजीकरण की तिथि 8 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 निर्धारित की गयी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस पंजीकरण से संबंधित सारे चरणों से संबंधित सूचनाएं विश्वविद्यालय के पोर्टल पर आधिकारिक सूचना के द्वारा समय पर जारी कर दिया जाएगा।

## रांची में एथलेटिक्स, टेनिस, साइकिलिंग और हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 5 जनवरी से

### 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता

**खेल संवाददाता**




**रांची।** 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता की मेजबानी को लेकर शुक्रवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के प्रेक्षागृह में राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन ने संवाददाताओं से बात की। इस दौरान जेईपीसी के प्रशासनिक पदाधिकारी सच्चिदानंद दि. तिग्गा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, झारखंड ओलिंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेन्द्रनाथ दुबे उपस्थित थे। इस दौरान पत्रकारों को खेल आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने आयोजन की सफलता में पत्रकारों की भूमिका को अतुलनीय बताया। उन्होंने कहा कि दिनांक 5 जनवरी को शाम 4 बजे मोरहाबादी स्थित भगवान बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन द्वारा खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में माननीय मंत्री के अलावा विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, खेल निदेशक संदीप कुमार समेत शिक्षा एवं खेल विभाग के अन्य पदाधिकारी और खेल संघो के पदाधिकारी शामिल होंगे। इस आयोजन को लेकर टीमों का रांची आना शुरू हो गया है । देश की 35 टीमें रांची आ रही है। उनके लिए आवासन और चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था पूरी कर ली गयी है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था संभालने के लिए 17 समितियों को जिम्मेदारी दी गयी है। इन समितियों के कार्यो को लगातार मॉनिटर किया जाएगा।

**थीम गीत हुआ लांच** : राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन ने रांची में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता का थीम सॉन्ग खेलेगा इंडिया-जीतेगा इंडिया को लॉन्च किया। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी के निदेर्शानुसार बने थीम सॉन्ग के बोल एम मोदस्सर ने लिखा है, वहीं इस गीत को संगीतकार रोहन देव पाठक ने अपने सुरों से सजाया है।

**अभी तक इन टीमों का आगमन हुआ :** तेलंगाना, लक्ष्यद्वीप, आंध्र प्रदेश, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, विद्याभारती, डीएवी, हरियाणा, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, जम्मू कश्मीर, त्रिपुरा, केरल, दादर एंड नगर हवेली दमन, बिहार, पंजाब, ओड्शिा की टीम शामिल है।

# खादी मेला में उमड़ी ग्राहकों की भारी भीड़

- खादी वस्त्रों की खरीदारी को लेकर लोगों में दिखा काफी रूझान
- यहां 30 से अधिक झारखंड के बुनकर व खादी संस्था का स्टाल है




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मोराबादी मैदान में शुक्रवार को खादी मेला बाजार में जबरदस्त उत्साह दिखा। स्वजन के साथ बच्चे भी मेले में पहुंचे। इस दौरान बच्चों में उत्साह काफी दिखा। बच्चों ने जंपिंग झूला का लुत्फ भी उठाया। खादी वस्त्रों की खरीदारी को लेकर लोगों में काफी रूझान दिखा। जिसके कारण छह दिनों में बिक्री लगभग 25 लाख तक पहुंच गई है। यहां 30 से अधिक झारखंड के बुनकर व खादी संस्था का स्टाल है। बुनकर भोला ने बताया कि आधुनिक दौर में मांग के अनुरूप कपड़े व डिजाइन तैयार किया जा रहा है। डिजिटल पेंटिंग व ब्लाक प्रिंटिंग की साड़ी व सलवार सूट की मांग बढ़ी है।

**गंजेपन को दूर करने का दावा**

मेले में उप्र जिला उद्यान कन्नौज से आए व्यापारी का दावा है कि उनके मात्र 300 रुपये के तेल से सफेद बाल एक महीने में काले हो जाएंगे। वहीं वे दावा कर रहे हैं कि उनका तेल लगाने से गंजे लोगों के सिर पर भी बाल उग जाएंगे। इसके अलावा ये जोड़ों का दर्द, कमर, सिरदर्द, सायटिका, गठिया, लकवा जैसी बीमारियों को भी अपने तेल से ठीक करने का दावा कर रहे हैं।

**खादी पर परिचर्चा का आयोजन**

देर शाम खादी पर परिचर्चा भी हुई। जिला खादी ग्रामोद्योग पदाधिकारी ने बताया कि खादी कपड़ा पहनने में बहुत आरामदायक होता है। यह ठंड में गर्मी और गर्मी के मौसम में ठंड का एहसास कराता है। इसलिए खादी सभी को पहनना चाहिए।

**कन्नौज के इत्र और चंदन के उत्पाद लोगों की पहली पसंद**

कन्नौज के इत्र दुनिया भर में जाने जाते हैं। अगर आप कन्नौज नहीं जा सकते तो खादी मेला में लगे उत्तर प्रदेश सरकार के स्टॉल पर जाना न भूलें।

यहां आपको स्वदेशी अपनाओ-विदेशी भगाओ की सार्थकता देखने को मिलेगी। राधा ग्रामोद्योग सेवा आश्रम के स्टॉल पर कन्नौज की खुशबू मिल सकेगी। यहीं नहीं चंदन के शौकीनों के लिए भी यहां पर एक से बढ़कर एक उत्पाद मिल जायेगा।

## नीरजा सहाय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का किया शैक्षणिक भ्रमण



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को शैक्षणिक भ्रमण हेतु राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव देखने गये। स्कूल की प्राचार्या किरण यादव ने बताया कि कौशल आधारित शिक्षण विद्यार्थियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह बच्चों के अंदर आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान करता है। इस शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत बच्चों को झारखंड से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारियां प्राप्त हुईं। हस्तकरघा उद्योग, कुटीर उद्योग से निर्मित चीजें जैसे लाह, डोगरा आदि को बच्चों ने देखा, साथ ही मशीनों के उपयोग को भी सीखा। महुआ, शहतूत आदि खाद्य पदार्थों के साथ ही मशरुम उद्योग, बांस उद्योग आदि की जानकारी उन्हें प्राप्त हुई। कक्षा छठवीं एवं सातवीं के 220 विद्यार्थी अपने चार शिक्षकों के नेतृत्व में शैक्षिक भ्रमण का आनंद लिए।

## मुंशी राम के जेल जाने के बाद रांची डीसी ने की सदर अंचल के लिए नये सीओ की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रिश्वत कांड मामले में रांची के सदर अंचल अधिकारी मुंशी राम को निलंबित करने की तैयारी चल रही है। मुंशी राम को एसीबी की टीम घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था, जिन्हें आज जेल भेज दिया गया। इसकी जानकारी रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर बताया है कि सदर सीओ मुंशी राम न्यायिक हिरासत में भेजे गए हैं ऐसे में उनके स्थान पर किन्हीं नये अंचल अधिकारी की पदस्थापना की जाए। देर शाम डीसी के पत्र आने के बाद राजस्व भूमि सुधार विभाग के वरीय पदाधिकारी इस संबंध में अग्रेतर कार्रवाई कर रहे हैं, सामान्य संचिका बढ़ाई गई है विभागीय मंत्री दीपक बिरुवा की स्वीकृति के बाद उनका निलंबन आदेश जारी कर दिया जाएगा। वहीं नये अंचल अधिकारी की पोस्टिंग के लिए भी प्रक्रिया शुरू की गई है।

बता दें कि राजस्व सेवा के अधिकारी और रांची के सदर सीओ मुंशी राम को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने गुरुवार को गिरफ्तार किया था। मुंशी राम रांची के रहने वाले एक व्यक्ति से उसकी जमीन की मापी को लेकर 37 हजार की रिश्वत मांग रहे थे। पीड़ित ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो में की थी। मामले की तफ्तीश के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने गुरुवार को रांची के कचहरी स्थित मुंशी राम के कार्यालय में छापेमारी की और 37 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मुंशी राम के घर पर भी छापेमारी की, जहां से 11 लाख 42 हजार रुपये नगद बरामद किए गए हैं। मामले की विस्तृत जांच भी चल रही है।

## बिना किसी आदेश के अरगोड़ा चौक पर वीर बुधु भगत की प्रतिमा की जा रही स्थापित

- थाना प्रभारी का एसएसपी को पत्र, अरगोड़ा चौक पर प्रतिमा की स्थापना से विधि व्यवस्था भंग होने का खतरा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अरगोड़ा चौक पर कुछ आदिवासी संगठन बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के शहीद वीर बुधु भगत की प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं। इस संबंध में अरगोड़ा थाना प्रभारी ने रांची एसएसपी को पत्र लिखकर पूरी स्थिति की जानकारी दी है। थाना प्रभारी ने अपने पत्र में लिखा है कि अरगोड़ा चौक पर शहीद वीर बुधु भगत की प्रतिमा स्थापना का स्थानीय लोगों ने विरोध किया है।

थाना प्रभारी ने लिखा कि प्रतिमा स्थापना के खिलाफ चंदन कुमार सहित 135 लोगों ने हस्ताक्षरित आवेदन दिया है, जिसकी जांच चल रही है। स्थानीय लोगों के विरोध के कारण रांची नगर निगम ने प्रतिमा स्थापना पर तुरंत रोक लगा दी है। उन्होंने इस स्थिति से अरगोड़ा चौक पर विधि व्यवस्था भंग होने की चिंता जाहिर की है।

## नक्सलियों से लड़ने का प्रशिक्षण देने वाले स्कूल में संविदा पर आज होगी पूर्व सैनिक की नियुक्ति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में नक्सलियों से लड़ने का प्रशिक्षण देने वाले स्कूल में संविदा के आधार पर पूर्व सैनिक की नियुक्ति होगी। इसको लेकर डीजीपी कार्यालय से आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के मुताबिक, नेतरहाट, पदमा, मुसाबनी और टेंडरग्राम में शनिवार को 25 भूतपूर्व सैनिक की नियुक्ति किया जाना है।

**दो साल के लिए होगी पूर्व सैनिकों की नियुक्ति :** 25 भूतपूर्व सैनिकों में 21 हवलदार स्तर के और चार सूबेदार मेजर, सूबेदार व नायब सूबेदार स्तर से सेवानिवृत पूर्व सैनिक शामिल हैं। जारी आदेश के मुताबिक, पूर्व सैनिकों की नियुक्ति संविदा के आधार पर दो वर्षों के लिए की जायेगी। इसके बाद आवश्यकता के अनुसार विस्तार किया जायेगा।

**एक साल बाद मानदेय में आठ फीसदी की होगी वृद्धि :** वरीय अनुदेशक को 40 हजार और अनुदेशक को 30 हजार रुपए प्रति माह मानदेय मिलेगा। एक वर्ष की सेवा के बाद इन पदों पर कार्यरत पदाधिकारियों और कर्मियों के मानदेय में स्वतः 8 फीसदी की वृद्धि हो जायेगी। राज्य पुलिस के समकक्ष पदों के अनुरूप वार्षिक वर्दी भत्ता और यात्रा भत्ता देय होगा। वार्षिक अवकाश 30 दिन और आकस्मिक अवकाश 20 दिन प्रतिवर्ष मिलेगा।

## क्यूआर कोड के जरिये प्रशिक्षण संस्थानों में कार्य करने पुलिस पदाधिकारी कर सकते हैं आवेदन

- छह प्रमुख प्रशिक्षण संस्थानों में होगी प्रतिनियुक्ति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के पुलिस पदाधिकारियों के पास सुनहरा अवसर है। राज्य के छह प्रमुख प्रशिक्षण संस्थानों में पुलिस पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया जाना है। प्रशिक्षण कार्य के लिए इच्छुक पुलिस पदाधिकारी क्यूआर कोड के जरिये आवेदन कर सकते हैं। इसको लेकर आईजी ट्रेनिंग ने आदेश भी जारी कर दी है।

**इन छह संस्थानों में होगी पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति :** जारी आदेश के अनुसार झारखंड पुलिस अकादमी (हजारीबाग), जंगल वारफेयर स्कूल (नेतरहाट), जेएपीटीसी पदमा (हजारीबाग), सीटीसी स्वासपुर (मुसाबनी), अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय (रांची), और टीटीएस (जमशेदपुर) में विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण देने के लिए पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी।

## रांची से 130 श्रद्धालुओं का पहला जत्था पटना साहिब रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** पटना साहिब में प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए गुरु नानक सत्संग सभा के 130 श्रद्धालुओं का पहला जत्था इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा के नेतृत्व में शुक्रवार को हटिया रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा एवं मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने सभी श्रद्धालुओं को माला पहनाकर विदा किया और सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी। इस जत्थे में बुजुर्ग, महिला एवं युवा श्रद्धालु शामिल हैं। यह जत्था पटना साहिब में श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित प्रभात फेरी, नगर कीर्तन, कवि दरबार एवं प्रकाश पर्व की रात सजाए जाने वाले विशेष दीवान में शामिल होगा। इस बार कुल 350 श्रद्धालु पटना साहिब में प्रकाश पर्व में शामिल होंगे। श्रद्धालुओं का जत्था 8 जनवरी को वापस रांची पहुंचेगा।

**11 एवं 12 को विशेष दिवान सजाया जायेगा :** सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि श्रद्धालुओं के जत्थे के रांची वापस पहुंचने के बाद 11 एवं 12 जनवरी को सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में दो दिवसीय भव्य विशेष दीवान सजाया जाएगा, जिसमें 11 जनवरी, शनिवार को सुबह 8:00 से 10:00 बजे तक तथा रात आठ बजे से ग्यारह बजे तक एवं 12 जनवरी, रविवार को सुबह दस बजे से दोपहर ढाई बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। इन सभी दीवानों में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंच रहे सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई गुरमन प्रीत सिंह जी, दिल्ली वाले शबद गायन कर रांची की साध संगत को निहाल करेंगे।

## आरोपी जुवेनाइल घोषित, सुनवाई स्थगित

**रांची।** हत्या के जुड़े 9 साल पुराने मामले में दोषी करार लापुंग निवासी आरोपी देवनाथ महतो को अदालत ने जुवेनाइल घोषित कर दिया है। साथ ही, उसकी सजा के बिंदु पर होनेवाली सुनवाई को स्थगित कर दिया गया है। अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत ने शुक्रवार को आरोपी की ओर से प्रस्तुत किया गया जन्म प्रमाण पत्र को सही पाते हुए जुवेनाइल घोषित किया। उसकी ओर से अदालत में जुवेनाइल याचिका दाखिल की गई थी। जिस पर सुनवाई पश्चात अदालत ने 2 जनवरी को आदेश सुरक्षित रख लिया था। शुक्रवार को सुरक्षित आदेश सुनाया। उसकी ओर से जो जन्म प्रमाण पत्र अदालत में जमा किया था, उसके अनुसार घटना के समय उसकी उम्र 17 साल दो माह था। अदालत ने जुवेनाइल घोषित करते हुए रिकॉर्ड को संबंधित अदालत में भेजने का आदेश दिया है। उसने अपने बचाव में मैट्रिक का जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था। जिसमें उसका जन्म की तारीख 20 अप्रैल 1998 है। आरोपी ने घटना को अंजाम जुलाई 2015 में दी थी। बता दें कि 16 से 18 साल के बच्चों से जुड़े मामले की सुनवाई चिल्ड्रेन कोर्ट में होती है। मामले में आरोपी पर 30 मई 2017 को आरोप तय किया गया था। इसके बाद मामले में अभियोजन की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किया गया। जो 20 सितंबर 2024 को बंद किया गया। दोनों पक्षों की बहस के बाद 18 दिसंबर को फैसले की तारीख निर्धारित की गई थी। अदालत ने निर्धारित तारीख को हत्या मामले में दोषी पाया था।

### श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का उद्घाटन एवं श्री राज श्यामा जी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 5 जनवरी को

# यह राज्य का सबसे बड़ा राधा कृष्ण मंदिर होगा

- झारखंड के साथ-साथ दूसरे राज्यों से भी भक्तगण पधार रहे हैं



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में कटहल मोड़ रोड पर पुंदाग में झारखंड का सबसे बड़ा राधा कृष्ण मंदिर का उद्घाटन एवं श्री राजश्यामा जी (राधा कृष्ण) मंदिर की पूजा पधरावणी (प्राण प्रतिष्ठा) 5 जनवरी को होने जा रहा है। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल निर्मल जालान, सचिव मनोज चौधरी एवं मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने गुरुवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बताया कि श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का शुभारंभ 5 जनवरी दिन रविवार को प्रातः 10 बजे ट्रस्ट के संस्थापक एवं संरक्षक संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद महाराज के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर प्रणामी समाज के 20 संत-महात्मा उपस्थित रहेंगे। वृंदावन से संत शिरोमणि डॉ स्वामी सदानंद महाराज एवं सिलीगुड़ी से मोहन प्रियाचार्य महाराज के सान्निध्य में संपूर्ण पूजन अनुष्ठान होगा तथा शहर के 1500 से भी अधिक गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। झारखंड के साथ-साथ दूसरे राज्यों से भी भक्तगण पधार रहे हैं। इस पूजा पधरावणी के मुख्य यजमान सरिता-विजय अग्रवाल (सुपुत्र श्रीमती विद्या देवी अग्रवाल- स्व. दौलत राम अग्रवाल) होंगे। 5 जनवरी से यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। इस मंदिर का निर्माण 7 वर्षों में पूर्ण हुआ है। इस मंदिर का निर्माण 7 वर्षों में पूर्ण हुआ है। लगभग 30 डिसमिल भूखंड पर मंदिर का निर्माण हुआ है, जिसकी ऊंचाई 40 फीट और लंबाई 80 फिट है। निर्माण 3500 वर्ग फीट में किया गया है। मंदिर राजस्थान के संगमरमर सफेद पत्थर एवं टाइल्स से बना है। यह झारखंड में सबसे बड़ा श्री राधा कृष्ण का मंदिर है।

श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर में श्री कृष्ण की जन्म से लेकर महाभारत काल तक की झांकियां दिखाई गई हैं। मंदिर के मुख्य द्वार के ऊपर गोवर्धन पर्वत उठाए भगवान श्री कृष्ण की वृहद प्रतिमा है, तो दूसरे द्वार में भगवान श्री कृष्ण की गोपियां के संग रासलीला करते भगवान सुदर्शन की प्रतिमाएं हैं। मंदिर में ग्रंथ, भगवान के वस्त्र, मुकुट, मुरली आदि की पूजा की जाएगी।

**मानसिक रूप से कमजोर एवं निराश्रय और दिव्यांग प्रभु की भी सेवा की जाती है :** मंदिर के पहले तल्ले पर सद्गुरु कृपा अपना घर सत्य प्रेम सभागार बनाया गया है जहां मानसिक रूप से कमजोर एवं निराश्रय और दिव्यांग प्रभु जी की सेवा की जाती है। वहां उन्हें आश्रय दिया गया है तथा भोजन, इलाज की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। अभी इस अपना घर में 32 जरूरतमंदों की सेवा की जा रही है।

**प्रत्येक सप्ताह 1000 से 1500 लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाता है :** समय-समय पर ट्रस्ट द्वारा गरीबों को कंबल वितरण, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर तथा अन्य कई जन कल्याणकारी कार्य किए जाते हैं। मंदिर परिसर में विगत 182 सप्ताह से लगातार प्रत्येक रविवार को निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया जा रहा है तथा प्रत्येक सप्ताह 1000 से 1500 लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाता है।

**ये लोग रहे मौजूद :** मौके पर मनीष जालान, सुरेश चौधरी, नवल अग्रवाल, चिरंजी लाल खंडेलवाल, वेंकट गाड़ोदिया, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, विशाल जालान, अजय खेतान, ओम सरावगी, अमित पोद्दार, अशोक लाठ, गोविंद अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, जयप्रकाश मित्तल, दीपक चौधरी, नंदू चौधरी, मनीष सोनी, दीपेश निराला, नितिन मोदी, निर्मल छावनिका, प्रभास गोयल, प्रेमचंद श्रीवास्तव, मोहनलाल खंडेलवाल, विष्णु सोनी, शिव भगवान अग्रवाल, सुनील पोद्दार, सुरेश अग्रवाल, सुरेश भगत आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### जस्टिस डॉ एसएन पाठक की पुस्तक न्याय पथ के पथिक का चीफ जस्टिस ने किया विमोचन




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एसएन पाठक ने अपने न्यायिक जीवन के अनुभवों पर एक पुस्तक लिखी है। उनके द्वारा लिखी गई पुस्तक का नाम न्याय पथ के पथिक हैं, जिसका विमोचन हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने अन्य न्यायाधीशों की मौजूदगी में किया। इस मौके पर स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों समेत हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की एडहोक कमिटी के पदाधिकारी और वरीय अधिवक्ता एवं हाईकोर्ट के अन्य न्यायिक पदाधिकारी मौजूद रहे। महाधिवक्ता राजीव रंजन, वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह, राजीव शर्मा, रीतु कुमार, धीरज कुमार, नवीन कुमार, निवेदिता कुंडु, सुमित गाड़ोदिया और बड़ी संख्या में अधिवक्ता भी उपस्थित रहे।

### शाइनफोर्ड स्कूल का मना वार्षिक उत्सव बच्चों ने नृत्य से किया सभी को मंत्रमुक्त




**रांची।** शाइनफोर्ड स्कूल का वार्षिक उत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति की गई। जिसे देखकर उपस्थित अभिभावक मंत्रमुक्त हो गए। मौके पर बच्चों ने इंग्लिश नाटक भी प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि के तौर पर कैंब्रियन स्कूल की प्रिंसिपल नीता पांडे ने इस मौके पर मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व स्कूल की प्रधानाध्यापिका सुनीता भाटिया ने कैंब्रियन स्कूल के प्राचार्य नीता पांडे और स्कूल की वाइस चेयर पर्सन हाशी मुर्खजी का स्वागत किया।

### सीयूजे में 10 दिनी राष्ट्रीय कार्यशाला 17 जनवरी से

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में 17 से 28 जनवरी तक सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएशन पर एक 10 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला होगी। यह कार्यशाला झारखंड पर्यटन विभाग के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला में भाग लेने के लिए पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी आठ जनवरी तक गूगल फॉर्म के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। यह वर्कशॉप पूरी तरह आवासीय है। यहां रहने और खाने की सुविधा प्रदान की जाएगी। केवल 50 सीटें उपलब्ध हैं।

### फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर का संवाद-2 कार्यक्रम जल्द, राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर लेंगे भाग



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संवाद-2 कार्यक्रम आयोजन जल्द होगा। चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से मुलाकात कर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रित किया। मंत्री से राज्य के समसामयिक विषयों पर भी चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में कार्यक्रम के संयोजक अमित शर्मा, शैलश अग्रवाल व रोहित पोद्दार शामिल थे। संयोजक अमित शर्मा ने कहा कि मंत्री ने कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति दे दी है। जल्द ही संवाद-2 की तिथि की घोषणा की जाएगी। यह कार्यक्रम राज्य में नई सरकार की भावी योजनाओं पर सकारात्मक चर्चा के साथ ही राज्य के विकासात्मक मुद्दों पर सरकार और स्टेक होल्डर्स का संयुक्त प्रयास शुरू करने की दिशा में सार्थक साबित होगा।

### रेलवे ने लिया पावर ब्लॉक, दुमका-रांची एक्सप्रेस 5 को रद्द रहेगी, कई अन्य ट्रेनें भी प्रभावित

**रांची।** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने निर्माण कार्य को लेकर पावर ब्लॉक लिया है। इसके चलते कई ट्रेनें रद्द रहेंगी। ट्रेन संख्या 13319 दुमका- रांची एक्सप्रेस पांच जनवरी को रद्द रहेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 17006 रक्सौल - हैदराबाद एक्सप्रेस इस दिन अपने निर्धारित समय से एक घंटा 20 मिनट देर से रक्सौल से प्रस्थान करेगी। इधर, दक्षिण-पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल ने 6 जनवरी को पावर ब्लॉक लिया है। इसके चलते ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर -हटिया एक्सप्रेस 6 जनवरी को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल -पुरुलिया -कोटशिला -मुरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल -गुंडा विहार, मुरी होकर चलेगी। जबकि ट्रेन संख्या 18035/18036 खड़गपुर -हटिया -खड़गपुर मेमू ट्रेन का आद्रा -हटिया -आद्रा के बीच परिचालन रद्द रहेगा।

### झारखंड आंदोलनकारी आज भी संघर्ष कर रहे हैं : विजय सिंह



**खूंटी।** कर्रा प्रखंड के जलटंडा स्टेडियम में शुक्रवार को मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के जंयती पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जिला समिति की बैठक जिलाध्यक्ष विजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के जन्म दिन के अवसर पर उन्हें याद करते हुए तस्वीर माल्यार्पण किया गया और मारंग गोमके के बताये रास्ते चलने का संकल्प लिया गया। बैठक में भाग लेने के लिए सांसद और विधायक को भी निमंत्रण दिया गया था। उनके नहीं आने पर बैठक में रोष व्यक्त किया गया। आंदोलनकारियों ने कहा कि हमारी मांगें पूरी होने तक हमलोग आंदोलन करते रहेंगे। झारखंड अलग राज्य का सपना आज हम सभी आंदोलनकारियों को बलिदान से मिला है, पर आंदोलनकारी और उनका परिवार संघर्ष कर रहा है। बैठक में सचिव राजन कुजूर, अजय कुमार सिंह, सामुएल संगा, सूरज गोप, प्रेम प्रकाश हेरेंज, लालू मुंडा, भिमसेंट संगा, बलराम मांझी, विलिन पूर्ति, बुधन मिंज, सगीर अहमद, धामी धान, नवीन कुमार, लालसिंह मुंडा, मंगल मुंडा, सलीम संग आदि मौजूद थे।

# स्वास्थ्य मंत्री से झारखंड जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष व प्रोफेसर ने की मुलाकात

**खबर मन्त्र संवाददाता**


स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात करते हुए।

**खलारी।** झारखंड जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष शेख वकील अहमद एवं रांची यूनिवर्सिटी उर्दू पीजी विभाग के हेड प्रोफेसर डॉ रिजवान अली अंसारी के नेतृत्व मे शुक्रवार को झारखंड सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सार्वजनिक वितरण विभागों की मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मिलकर उन्हें नववर्ष की मुबारक बाद व बधाई देते हुए शेख वकील अहमद ने कहा कि डॉ इरफान अंसारी जिस विभाग में भी रहें इन्होंने उस के कायाकल्प करने में अहम भूमिका निभाई यही नहीं आज उनके स्वास्थ्य विभाग में ग्रामीणों के इलाज को लेकर जिस तरह से पहल कर रहे हैं बेहद सराहनीय है उन्होंने यह भी कहा कि सार्वजनिक वितरण विभाग में भी अच्छा कार्य कर हर तरह की सुधार होगा झारखंड जनशक्ति मोर्चा के अध्यक्ष शेख वकील अहमद द्वारा खलारी दौरा करने को लेकर आग्रह किया जिस पर मंत्री ने कहा कि खलारी जब भी बुलाएं मै जरूर आऊंगा मंत्री जी से भेंट करने वालों का नाम इस प्रकार है। आबिद अंसारी शहजाद हसन महफूज अंसारी मजीद अंसारी अनिल कुमार मुबारक अंसारी ईत्यादि लोगों ने मंत्री इरफान अंसारी से मिलकर उन्हें नववर्ष की बधाई दिया

# अनियंत्रित कार पलटी, महिला की मौत, पति व बच्चे घायल

▸▸ कार में सवार लोग मांडर से जमशेदपुर जा रहे थे

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मृतिका की फाईल फोटो।

**तमाड़।** रांची टाटा राजमार्ग तमाड़ थाना क्षेत्र रुगड़ी के समीप शुक्रवार को डस्टर कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। कार में ज्योति गुप्ता (38), सुभाष भगत (48) और उनके बेटा रौनक गुप्ता (17) बेटी आस्था गुप्ता (14) सवार थे। दुर्घटना से ज्योति गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गयीं। वही सुभाष भगत, रौनक गुप्ता, आस्था गुप्ता को हल्की चोटें आयी। गंभीर अवस्था में घायल ज्योति गुप्ता को एंबुलेंस से तमाड़ सीएचसी लाया लेकिन रास्ते में ही उन्होने दम तोड़ दिया। कार में सवार लोग मांडर से जमशेदपुर जा रहे थे। डॉ. सिम्मी ने बताया की महिला के सिर में गंभीर चोट आयी और काफी ज्यादा खून बह गय। तमाड़ पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनो को सौंपा जायेगा।

## क्रेडिटएक्सेस इंडिया फाउंडेशन ने दिखायी उदारता

# सीएचसी को मिला उपकरण और स्वास्थ्य सामग्री

▸▸ पहल की हो रही सराहना
▸▸ प्रभारी ने जताया आभार

**खबर मन्त्र संवाददाता**


अतिथियों का स्वागत करते डॉ एसके कश्यप।

**यह है उपकरण व सामग्री** ▸ तकिया और गद्दा के साथ छह बेड, एक अत्याधुनिक ईसीजी मशीन, चार बीपी उपकरण स्टैंड मोड, एक रेफ्रिजरेटर, एक अलमारी व दो रैंक आदि। मरीजों के अनुपात में वर्षों से इसकी कमी महसूस की जा रही थी। इसकी उपलब्धता से अस्पताल प्रबंधन ने खुशी का इजहार किया है। इससे पूर्व फाउंडेशन के लोगों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

**रातू।** क्रेडिटएक्सेस ग्रामीण लिमिटेड की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी शाखा क्रेडिटएक्सेस इंडिया फाउंडेशन की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कुमार कश्यप को मरीजों की सुविधा के लिये जरूरी स्वास्थ्य उपकरण और सामग्री भेंट की गयी। समारोह में डॉ कश्यप समेत डॉ एनके सिन्हा, डॉ प्रीति, बीपीएम वैशाली कृष्णा, अभिषेक तिवारी, अमित कुमार, मो सालिक, अजित गिरी तथा संस्था के वाराणसी कुटुंब राव, सोमनाथ डे , मो समीर, जितेंद्र कुमार, विनायक मोहिते व धर्मेंद्र कुमार मौजूद थे। इस बीच श्री कश्यप ने राज्य और देशभर में सीएआईएफ के प्रयासों और इसकी विभिन्न सीएसआर की पहल के लिये कृतज्ञता और प्रशंसा व्यक्त की। सीएआईएफ के मंडल प्रबंधक श्री राव ने बताया कि इससे सरकारी अस्पताल के बुनियादी ढांचे मजबूत और ग्रामीण समुदाय के लिये स्वास्थ्य सेवाओं में अपेक्षित सुधार होगा।

## स्पीड न्यूज

### ठंड और कुहासे से आम जनजीवन प्रभावित

**इटकी।** इटकी समेत आसपास के क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहे ठंड और कुहासे से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। शाम होते ही लोग अपने घरों में दुबक जा रहे है। जबकि ठंड से बचने के लिए चौक चौराहे पर लोग अलाव जला कर ताप रहे है। मौसम का व्यापक असर फसलों पर भी पड़ना शुरू हो गया है। घने कोहरे के कारण खेतों में लगी सब्जियों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। क्षेत्र के प्रगतिशील किसान नंदलाल महतो ने बताया कि बढ़ते ठंड और कुहासे के कारण खेत में लगे मटर, मिर्च को नुकसान हो रहा, गेहूं भी पीले पड़ रहे है।

### कांटा घर में संलिप्त दोषियों पर कारवाई की मांग



**खलारी।** जनता मजदूर संघ का प्रतिनिधिमंडल कमलेश सिंह सीसीएल अध्यक्ष के नेतृत्व में सीएमडी सीसीएल निलेन्दु कुमार सिंह से मिले। इस दौरान एनके एरिया के कांटा घर के वजन डिवाइस से प्राप्त माइक्रो चिप लगाने वाले दोषियों पर कारवाई करने की मांग कोय गया। वही सीएमडी से श्रमिक हित से जुड़े विषय को लेकर मुलाकात हुई। मौके पर रविन्द्र नाथ सिंह,उदय प्रताप नारायण सिंह, सुखदेव प्रसाद, कामोद प्रसाद मंतोष सिंह, दीपक रंजन सहित अन्य मौजूद थे।

### ऑटो और ट्रक के धक्के मे तीन घायल

**चान्हो।** एनएच 39 मुख्य पथ पर स्तिथ बिजुपाड़ा हुटार मोड़ के निकट शुक्रवार सुबह करीब छह बजे हुई। वहां सब्जी लेकर बाजार जा रहा ऑटो एक ट्रक के धक्के से पलट गई। जिससे ऑटो में सवार ताला खुरहाटोली निवासी 52 वर्षीय निवासी बसंती देवी, ताला बरवाटोली निवासी 15 वर्षीय सुक्कू उरांव तथा इसी गांव के रहने वाले 15 वर्षीय आनंद उरांव घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल महिला बसंती देवी को रिम्स रेफर किया गया है।

### केडीएच के इंजीनियर मानदेव राम का विदाई समारोह संपन्न

**खलारी।** केडीएच के इंजीनियर मानदेव राम का विदाई समारोह शुक्रवार को टीएमबी केडीएच प्रांगण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्हें अंगवस्त्र व फूल गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रमेश सिंह ने किया। समारोह में उपस्थित सभी सहयोगियों ने मानदेव राम के कार्यकाल की प्रशंसा की। मौके पर अभिषेक कुमार, राहुल कुमार, चंदन कुमार, सोनू कुशवाहा, अक्षय कुमार और संतोष मेहता ने अपने वक्तव्य में कहा कि मानदेव राम ने अपनी नौकरी के दौरान निष्ठा और समर्पण के साथ सीसीएल में योगदान दिया।

# गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार के दिन हाकेदाग गांव में बूढ़े बुजुर्ग और गरीबों के बीच 200 कंबल का वितरण रविंद्र बेदिया,सुषेण बेदिया और सरोज कुमार महतो के द्वारा किया गया। मौके पर उन्होंने लोगों से अपील किया कि किसी प्रकार का नशा पान से दूर रहे ताकि स्वच्छ समाज का निर्माण हो सके और सहाय लोगों को जरुर मदद करें। बताते चलें कि ये लोग हर वर्ष असहायक लोगों के बीच कंबल का वितरण करते हैं ताकि ठंड से बचा जा सके। सरोज कुमार महतो भारतीय थल सेना में फिलहाल 2019 से सेवा दे रहे हैं और अपनी ओर से ठंड में कंबल का वितरण करते आ रहे हैं साथ ही गरीब बच्चों के बीच कॉपी किताब का वितरण भी करते रहे हैं ताकि उनकी पढ़ाई सुचारू ढंग से चल सके एवं और असहायक लोगों का जरूरत के मुताबिक मदद भी करते हैं।

# जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनी



**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के नुरीडीह गागर सोतिया मेला टांड़ व सरलोंगा में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित कर मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का संचालन ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह मुंडा ने किया। पूर्व पाहन सीताराम मुंडा ने आदिवासी विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूवात की। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर के अलावे मुखिया अनिता देवी, सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश गुप्ता, हीरा दास, प्रकाश सिंह मुंडा, प्रोफेसर देवनंदन सिंह मुंडा, गणेश मुंडा, हरि सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह मुंडा, सामाजिक कार्यकर्ता सुखराम सिंह मुंडा, आदि द्वारा मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के चित्र पर पुष्प एवं अगरबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया गया।

## एक नजर में

### जयपाल सिंह मुंडा को स्कूली बच्चों ने जाना


जयपाल सिंह मुंडा जयंती कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**ओरमांझी।** भारत को पहली बार ओलिंपिक हॉकी में चैंपियन बनाने वाले टीम के कप्तान व शिक्षाविद जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर शुक्रवार को प्रोजेक्ट हाई स्कूल सदमा ओरमांझी में एक कार्यक्रम आयोजित कर स्कूली बच्चों को उनकी जीवनी बताया गया। आदिवासी सरना 22 पड़हा समिति सदमा ओरमांझी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने जयपाली सिंह मुंडा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी। समिति के अध्यक्ष बाबूलाल महली ने मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा को आदिवासी समाज व झारखंड आंदोलन के सर्वोच नेता बताया और कहा वे पत्रकार, लेखक, संपादक के साथ वे असाधारण प्रतिभ के धनी थें। वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद कूद में भी आगे रहते थें। कहा जयपाल सिंह मुंडा आदिवासी समाज के बहुत बड़े चिंताक थें। आदिवासियों की हालात को देखकर ही राजनीति में आने निर्णय लिया था। बाद में जयपाल सिंह मुंडा देश में आदिवासियों के अधिकारों की आवाज बन गए। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया हरिलाल मुंडा, रंजीत पाहन, सुरेंद्र उरांव, बुद्धेश्वर मुंडा, डिस्को मुंडा, गीता कच्छप, फुलेश्वर मुंडा व एंजल गार्डन स्कूल के बच्चे उपस्थित थें।

### खलारी प्रखंड में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**खलारी।** खलारी प्रखंड परिसर अंतर्गत राजीव गांधी सेवा केंद्र के सभागार में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम बैच में ग्राम पंचायत बमने, बिश्रामपुर, बुकबुका, चूरी पूर्वी, चूरी मध्य, चूरी उत्तरी, चूरी पश्चिमी का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिन के दौरान मास्टर ट्रेनर पंकज ठाकुर द्वारा जन योजना अभियान सबकी योजना सबका विकास के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु एलएसडीजी विषय आधारित वार्षिक कार्य योजना तैयार करने के लिए गांव की समस्याओं को पहचानने, अथवा कारणों का पता लगाकर योजना तैयार करने से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी गई। सातों ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव, भिपीआरपी फैसिलिटेटर के एक सदस्य, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, पंचायत के पंचायत सहायक, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, 15वे वित्त विभाग से उपस्थित थे।

### रातू प्रखंड को 4240 कंबल आबंटित

▸▸ लाभान्वित होंगे जरूरतमंद ▸▸ वृद्ध जनों में खुशी की लहर

**रातू।** कांके से सटे रातू प्रखंड में हाड़ कांपती ठढ़ से लोगों को निजात दिलाने के लिये जिला प्रशासन की ओर से 4240 कंबल आबंटित किये गये हैं। यहां 20 पंचायतें हैं। प्रमुख संगीता तिर्की के निर्देश पर प्रत्येक को 185 के हिसाब से कंबल दिये जा रहे हैं। मुखिया की अगुआई में समाज के जरूरतमंदों के बीच बांटा जायेगा। शेष 540 कंबल मुख्यालय में रखे गये हैं। सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जायसवाल, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, जिप सदस्य मनीषा देवी, प्रमुख संगीता तिर्की और उप प्रमुख रियाजुल अंसारी विशेष परिस्थिति में इसका वितरण करेंगे। इधर, पंचायतों में कंबल आने की खबर से वृद्ध जनों में खुशी की लहर दौड़ गयी। वह इसके वितरण का इंतजार कर रहे हैं।

### स्क्रैप घोटाले पर जीएम को पत्र देकर सघन जांच कराने की मांग करेगा संयुक्त मोर्चा

**खलारी।** एनके एरिया संयुक्त मोर्चा का बैठक,पदाधिकारियों के अनुपस्थिति के कारण 5 जनवरी के दिन बैठक कर स्क्रैप घोटाले पर जोरदार चर्चा किया जाएगा। संयुक्त मोर्चा की बैठक की अध्यक्षता धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में मोर्चा अधिकारियों ने अस्वस्थ किया कि एनके एरिया के परियोजना कांटा घर में सोची समझी रणनीति के अनुसार नापतोल मशीन में चिप लगाने अथवा कंपनी को मुनाफा पहुँचने व संलिप्त अधिकारियों के खिलाफ बारीकी से जांच कराने के लिए एनके महाप्रबंधक को पत्र दिया जाएगा। जिसमें जांच की तय सीमा होगी। समय पर जांच अथवा कारवाई नही किया गया तो,संयुक्त मोर्चा के द्वारा पुरजोर तरीके से आंदोलन किया जायेगा। जिसका जवाबदेही खुद एनके प्रबंधन की होगी। मौके पर मिथलेश सिंह,गोल्डन यादव, अमर भूषन,पिंकू सिंह,हरेन्द्र सिंह,मिथलेश सिंह,उदय सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### एससी/एसटी/ओबीसी एकता मंच के द्वारा सावित्री बाई फुले सदा समारोह आयोजित



खलारी। डकरा स्थित अंबेडकर पार्क में शुक्रवार को भारत की प्रथम शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले व संविधान सभा के सदस्य एवं झारखंड के महान हॉकी खिलाड़ी जयपाल सिंह मुंडा की जयंती के शुभ अवसर पर एससी/एसटी/ओबीसी एकता मंच के पदाधिकारियों द्वारा एक सदा समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शाम को ज्ञान दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम में देव पाल मुंडा, बहुरा मुंडा, कन्हाई पासी, जगन्नाथ महतो, रामेश्वर भोगता, अशर्फी राम, सुखराम सेठ, हलीम खान, जगदीश गंझू, विजय उरांव, भावेश वर्मा, उमेश लोहरा, बालेश्वर उरांव और नित्यानंद सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

# ग्रामीणों ने श्रमदान से सड़क का निर्माण किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**


श्रमदान से सड़क बनाते ग्रामीण।

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के बगदा गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को श्रमदान से तीन किलो मीटर सड़क का निर्माण किया। जानकारी के अनुसार बगदा से बेंती सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। सड़क खराब रहने से छात्रों को स्कूल जाने में काफी दिक्कत हो रही थी। साथ ही किसानों को अपने सब्जियों को पतरातू, भुरकुंडा, रामगढ़ ले जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीण रूपलाल महतो, योगेंद्र महतो ने कहा कि सड़क निर्माण को लेकर सांसद, विधायक समेत विभागीय अधिकारियों के पास कई बार गुहार लगाया गया लेकिन सभी जगहों से सिर्फ आश्वासन ही मिला। मौके पर किशोर महतो, मणिलाल महतो, शोभनाथ महतो, शांति देवी, सावित्री देवी, सबिता देवी समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## घने कोहरे और कंपकंपाती ठंड से पिपरवार मे जनजीवन अस्त व्यस्त

# अलाव की व्यवस्था नहीं होने से परेशान रहे लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र में घने कोहरे और कपकपाती ठंड से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सुबह के चार घंटे धना कोहरा होने के दौरान विजिबिलिटी कम होने से चार पहिया दोपहिया एवं रेल के पहिए धीमी पड़ गए। चार पहिया वाहन और दोपहिया वाहनों ने इस घने कोहरे के दौरान वाहनों के लाइट जलाकर सड़कों पर चलते देखा गया। धना कोहरा के कारण छोटे छोटे बच्चों सहित दैनिक वेतन भोगी एवं मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ठंड से ठिठुरते हुए छोटे-छोटे बच्चे इस घने कोहरे में स्कूल जाता दिखाई दिया। ठंड को लेकर ना तो स्थानीय प्रशासन गंभीर ना ही समाजसेवी एवं राजनीतिक दल गंभीर हैं। ठंड से बेहाल गरीबों का जीना भी दुभर हो गया है। इस धने कोहरे एवं ठंड को लेकर क्षेत्र के किसानों में काफी मायूसी देखी गई। इस संबंध में कृषक महेंद्र महतो ने कहा कि ज्यादा ठंड पड़ने एवं घना कोहरा के कारण दर्जनों एकड़ में लगाई गई आलू समेत अन्य सब्जियों की फसल नष्ट होने के संभावना बढ़ गई हैं। पिपरवार क्षेत्र में कड़ाके की ठंड के बावजुद अलाव की कोई व्यवस्था नहीं किए जाने के कारण फुटपाथ पर गुजर बसर करने वाले लोग भी काफी परेशान है।

## जयपाल सिंह मुंडा की 122वीं जयंती मनाई गई

# जयपाल सिंह मुंडा देश में आदिवासियों की आवज थे

**खबर मन्त्र संवाददाता**


जयपाल सिंह मुंडा का श्रद्धांजिल देते बच्चन उरांव व अन्य।

**ओरमांझी।** क्षेत्रिय सरना समिति अध्यक्ष सह झारखंड पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बच्चन उरांव की अध्यक्षता में शुक्रवार को नेवरी विकास में एक कार्यक्रम आयोजित कर संविधान सभा के सदस्य व देष को ओलिपिंक हॉकी में पहली बार स्वर्ण पदक दिलाने वाले भारतीय टीम के कप्तान जयपाल सिंह मुंडा को उनकी 122वीं जयंती पर याद किया गया। बच्चन उरांव ने कहा जयपाल सिंह मुंडा देष में आदिवासियों की आवाज व झारखंड आंदोलन के अग्रण्य नेता थे। ओलिपिंक में जयपाल सिंह के नेतृत्व में ही देश को पहली बार के स्वर्णपदक मिला था। जयपाल सिंह मुंडा संविधान सभा के सदस्य के रूप में आदिवासियों की पहचान और अस्मिता को रखा था। उन्होने ही झारखंड राज्य की परिकल्पना की थी। इससे पूर्व बच्चन उरांव के साथ जनजातीय सुरक्षा मंच के संयोजक संदीप उरांव, वरिष्ठ समाज सेवी जगत मुंडा, परतुल मुंडा सहित उपस्थित लोगों ने जयपाल सिंह मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी, और कहा आदिवासियों और दलितों को कानूनी अधिकार दिलाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यक्रम में राजकुमार उरांव, विवेक मुंडा, निशांत मुंडा, सामू उरांव, पवन कुमार, शमीम अख्तर, राकेश करमाली, बंदी देवी, फूलमती देवी आदि उपस्थित थें।

# कृषि मंत्री ने चान्हो में बैंक की कम शाखा पर चिंता जतायी

▸▸ 2 लाख रुपए तक ऋण माफी को लेकर बैंक अधिकारियों को दिशा निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने क्षेत्र ग्रामीण के दौरान चान्हों में बैंक की कम शाखा को लेकर चिंता जाहिर की। पंजाब नेशनल बैंक में क्षेत्र के लोगों को बैंक से संबंधित परेशानियों को लेकर बैठक की। राज्य सरकार के द्वारा किसानों के लिये चलाई जा रही 2 लाख रुपए तक की ऋण माफी योजना में आ रही अड़चनों को लेकर बैंक अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। किसानों को सबसे ज्यादा परेशानी केवाईसी को लेकर हो रही है। केवाईसी नहीं होने से क्षेत्र के लोग सरकार की योजना का समय पर लाभ नहीं उठा पा रहे है। मंत्री ने इस दौरान बैंक के शाखा में कैसे इजाफा हो, इस पर भी बैंक अधिकारियों के साथ चर्चा की। बैंक की शाखा चान्हों में कम होने से ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। इस दौरान मंत्री ने चान्हों प्रखंड के रघुनाथपुर पंचायत में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का ड्डी वितरण किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि ठंड के इस मौसम में सहायता प्रदान करने का उद्देश्य जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना है। मंत्री ने रघुनाथपुर पंचायत स्थित कोको आईयो शक्ति पूजा स्थल पर पुनः पहुंच कर मां के चरणों मत्था टेका।

## गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से निकले दिव्य अखंड दीप कलश रथ जरिया पहुंची

# गायत्री मंत्र 24 के अक्षरों में अपार शक्ति है : फौजदार पाण्डेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**


ज्योति कलश रथ यात्रा का स्वागत करते ग्रामीण।


प्रवचन देते फौजदार पाण्डेय व मौजूद श्रद्धालु।

**बेड़ो।** गायत्री का मनन व चिंतन फलदायिनी है। गायत्री सर्वत्र व्याप्त हैं। गायत्री गंगा, यमुना, त्रिवेणी, प्रयागराज व कुंभ का संगम स्थली है। यह बातें फौजदार पाण्डेय ने कहीं। वे गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चल रहे दिव्य अखंड दीप शताब्दी समारोह के क्रम में शुक्रवार को बेड़ो प्रखंड के जरिया गांव में ग्राम देवी, भगवान भोलेनाथ व बजरंगबली मंदिर परिसर में ज्योति कलश रथ यात्रा के पहुंचने पर प्रवचन के दौरान बोल रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों व श्रद्धालुओं ने जरिया गांव के समीप परंपरागत ढंग से रथयात्रा का स्वागत किया। वहीं मंदिर परिसर में रथयात्रा के पहुंचने पर मां गायत्री की पूजा अर्चना व आरती करते हुए दीप जलाया गया। साथ ही भजन कीर्तन के साथ साथ ग्रामीणों ने गायत्री मंत्र का पाठ किया। अपने प्रवचन में फौजदार पाण्डेय ने कहा कि गायत्री तीन शब्द गा, य, त्री से बना है। गा से गंगा, य से यमुना व त्री से प्रयागराज व कुंभ यानी त्रिवेणी का संगम स्थल की अभिव्यक्ति होती है। गायत्री मंत्र ने हमारे मानव जीवन में गुरुसत्ता के जरिए घर घर में प्रयागराज यानी त्रिवेणी का अमोघ अमृत रस घोल दिया। उन्होंने कहा कि गायत्री के महारूप में मां काली, मां दुर्गा, मां लक्ष्मी व मां सरस्वती का स्वरूप विद्यमान है। गायत्री घट घट में व्याप्त हैं। इनकी महिमा का उल्लेख वेद, पुराणों, भागवत, रामायण व महाभारत समेत अन्य धार्मिक शास्त्रों में देखने को मिलता है। गायत्री 24 अक्षरों की शक्तियों से भरापुरा है। मानव जीवन के 24 घंटे का एक एक मिनट गायत्री होकर ही जीता है। यानी हमारा जीवन का एक एक सांस गायत्री में ही समाहित रहता है। गायत्री के आगमन से मानव जीवन में सद्गुण, सुमति, सद्व्यवहार, सुविचार, विद्याधन, आदर्श चरित्र, गुरुभक्ति, गुरू कृपा, हरिपादसेवन, ज्ञानोदय व मानवता की प्राप्ति होती है। उन्होंने मानव समुदाय को मदिरा सेवन व मांस भक्षण से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन, सदगुरु व सत्संग तीनों दुर्लभ है। वहीं गायत्री में ये तीनों दुर्लभ विषय समाहित हैं। गायत्री महाशक्ति का ज्योतिपुंज हैं। वहीं मौके पर गायत्री परिवार के जिला समन्वयक रांची जयनारायण प्रसाद, जिला उपसमन्वयक अनिल कुमार, प्रमोद कुमार, विजय कुमार, अशोक प्रसाद, एस सिंह मुंडा, राजेश्वर सिंह, विरेन्द्र कुमार व पवन गुप्ता समेत दर्जनों लोग मौजूद थे। वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज साहू, ब्रजेश महतो, मन्नू बड़ाइक, पंकज बड़ाइक, ओम प्रकाश महतो, प्रमोद कुमार, प्रकाश महतो, सुरेश महतो, प्रेम महतो, लक्ष्मण महतो व सुभाष गोप समेत दर्जनों ग्रामीणों ने सराहनीय योगदान दिया।

# खतरे में भविष्य

देश आने वाली पीढ़ियों के लिये छोड़कर जाएंगे। वायु प्रदूषण की विभीषिका, गहराते जल संकट, सिमटते प्राकृतिक संसाधन व रोजगार की विसंगतियों के बीच आने वाली पीढ़ी के बच्चों का जीवन निस्संदेह संघर्षपूर्ण होगा। बच्चों के भविष्य पर जलवायु संकट का खतरा अलग से मंडराने लगा है। यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ ने बच्चों के भविष्य की तस्वीर उकेरते हुए विभिन्न चुनौतियों के मुकाबले के अनुरूप नीति निर्माण की जरूरत बतायी है। यह एक हकीकत है कि वर्ष 2021 तक भारत बच्चों पर जलवायु जोखिम सूचकांक में 163वें स्थान पर रहा है। लेकिन इस सदी के मध्य तक स्थिति खासी चुनौतीपूर्ण होने की आशंका है। यूनिसेफ का आकलन है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते वर्ष 2050 तक बच्चों को वर्ष 2000 की तुलना में आठ गुना अधिक तपिश झेलनी पड़ सकती है। दरअसल, हाल ही में यूनिसेफ ने द फ्यूचर ऑफ चिल्ड्रेन इन चेंजिंग वर्ल्ड शीर्षक अपनी सालाना रिपोर्ट में भारत में बच्चों के भविष्य को लेकर उत्पन्न चुनौतियों का मंथन किया है। जिक्र है कि साल 2050 तक भारत में 35 करोड़ बच्चे जनसांख्यिकीय बदलावों, जलवायु संकट और तकनीकी बदलावों की चुनौतियों का सामना कर रहे होंगे। उल्लेखनीय है कि उस समय देश जनसांख्यिकी बदलावों की चुनौती से जूझ रहा होगा। इस बदलाव के चलते ही वर्तमान की तुलना में बच्चों की संख्या में करीब दस करोड़ की कमी आएगी। ऐसे वक्त में जब पूरी दुनिया में एक अरब बच्चे वर्तमान में उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का मुकाबला कर रहे हैं, तो 2050 की स्थिति का सहज आकलन किया जा सकता है। दरअसल, मौजूदा दौर में जिस तेजी से गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ रहा है, अनुमान लगाया जा रहा है कि वर्ष 2050 तक देश की आधी आबादी शहरों में रह रही होगी।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

**मेष :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

**वृष :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

**मिथुन :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

**कर्क :** राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

**धनु :** आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

**मकर :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

# सोशल मीडिया पर नियंत्रण करना सही नहीं है



**सिविल** सर्विसेज में सोशल मीडिया आचरण की उभरती चुनौतियां सचमुच परेशान करने वाली हैं। सोशल मीडिया सार्वजनिक दृश्यता को बढ़ाता है, जिससे अधिकारी द्वारा दिया गया हर बयान सार्वजनिक मूल्यांकन के अधीन हो जाता है, जिससे प्रशासन की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचने का जोखिम होता है। उदाहरण के लिए सोशल मीडिया पर केरल सरकार के कृषि विभाग के विशेष सचिव की हालिया टिप्पणियों की व्यापक आलोचना हुई, जिससे सार्वजनिक अधिकारियों द्वारा विवेकपूर्ण ऑनलाइन आचरण की आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित हुआ। ₹सेवा के सदस्य के लिए अनुचित₹ शब्द की व्याख्या की जा सकती है, जिससे उचित सोशल मीडिया व्यवहार के बारे में अस्पष्टता पैदा होती है। उद्योग निदेशक, 2024 (केरल) द्वारा एक व्हाट्स ऐप समूह का निर्माण विभाजनकारी माना गया, जिसमें दिशा-निर्देश निजी डिजिटल इंटरैक्शन के लिए सीमाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने में असमर्थ थे। व्यापक अनुशासनात्मक प्रावधानों को चुनिंदा रूप से लागू किया जा सकता है, जिससे पक्षपात और लक्ष्यीकरण की धारणाएं बनती हैं। आचरण नियमों के असमान प्रवर्तन के परिणामस्वरूप अक्सर कनिष्ठ अधिकारियों को कड़ी जांच का सामना करना पड़ता है, जबकि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नरमी बरती जा सकती है।

सोशल मीडिया पर संवेदनशील सरकारी डेटा या आंतरिक चचाएं साझा करना, यहां तक कि अनजाने में भी, गोपनीयता भंग कर सकता है और राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिम पैदा कर सकता है। सोशल मीडिया गतिविधि के कारण अनुशासनात्मक कार्रवाई का डर अधिकारियों के मनोबल को प्रभावित कर सकता है, जिससे खुली बातचीत और नवाचार में बाधा आ सकती है। व्यक्तिगत अधिकारों के साथ प्रशासनिक अनुशासन को संतुलित करने के सकारात्मक पहलू। संतुलित दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि अधिकारी अपने अधिकारों का सम्मान करते हुए जवाबदेह हों, व्यावसायिकता को बढ़ावा दें। पारदर्शी नियम जनता के विश्वास को मजबूत करते हैं, क्योंकि नागरिक अधिकारियों को नैतिक और उचित दोनों मानकों का पालन करते हुए देखते हैं। यह निष्पक्ष प्रशासन के बारे में जनता की धारणा को मजबूत करता है। स्पष्ट दिशा-निर्देशों के साथ, सिविल सेवक शासन के मामलों पर जनता से जुड़ने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग कर सकते हैं, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी। आईएएस अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक आउटरीच अभियान सेवा वितरण और नागरिक भागीदारी में सुधार कर सकते हैं। परिभाषित नियम अस्पष्टता को कम करते हैं, डिजिटल क्षेत्र में अधिकारियों के लिए एक स्पष्ट नैतिक ढांचा प्रदान करते हैं। सोशल मीडिया के उपयोग के लिए एक उदाहरणात्मक आचार संहिता अधिकारियों का मार्गदर्शन कर सकती है, जिससे गलत व्याख्या का जोखिम कम हो जाता है। निष्पक्ष नियम अधिकारियों को मनमानी कार्रवाई से बचाते हैं, जिससे उन्हें अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों को व्यक्तिगत स्वतंत्रता के साथ संतुलित करने की अनुमति मिलती है। सुरक्षा को निर्दिष्ट करने वाले दिशानिर्देश व्यक्तिगत शिकायतों के आधार पर अनुशासनात्मक कार्रवाइयों के दुरुपयोग को रोकने में मदद करते हैं।



-प्रियंका

> व्यक्तिगत अधिकारों के साथ प्रशासनिक अनुशासन को संतुलित करने के नकारात्मक पहलू। अत्यधिक प्रतिबंध व्यक्तिगत अभिव्यक्ति में बाधा डाल सकते हैं, जिससे एक कठोर वातावरण बन सकता है जो खुलेपन को रोकता है। अधिकारी अनुशासनात्मक कार्रवाई के डर से लाभकारी जानकारी साझा करने से बच सकते हैं, जिससे पारदर्शिता कम हो सकती है।

व्यक्तिगत अधिकारों के साथ प्रशासनिक अनुशासन को संतुलित करने के नकारात्मक पहलू। अत्यधिक प्रतिबंध व्यक्तिगत अभिव्यक्ति में बाधा डाल सकते हैं, जिससे एक कठोर वातावरण बन सकता है जो खुलेपन को रोकता है। अधिकारी अनुशासनात्मक कार्रवाई के डर से लाभकारी जानकारी साझा करने से बच सकते हैं, जिससे पारदर्शिता कम हो सकती है। सोशल मीडिया पर पेशेवर और व्यक्तिगत आचरण के बीच अंतर करना मुश्किल है, जिससे अकसर भ्रम की स्थिति पैदा होती है। नियमों को राजनीतिक एजेंडे से प्रभावित होकर चुनिंदा तरीके से लागू किया जा सकता है, जिससे अधिकारी की स्वतंत्रता प्रभावित होती है। ऐसे मामले जहां अधिकारियों को चुनिंदा तरीके से अनुशासित किया जाता है, प्रवर्तन तंत्र की तटस्थता में विश्वास को कम करता है। सोशल मीडिया की निगरानी अधिकारियों के व्यक्तिगत अधिकारों का उल्लंघन कर सकती है, जिससे निगरानी के बारे में नैतिक सवाल उठते हैं। अनुशासन पर अत्यधिक जोर देने से मनोबल प्रभावित हो सकता है, जिससे अधिकारियों की जनता के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने की इच्छा सीमित हो सकती है। आईएएस अधिकारियों के लिए सोशल मीडिया पर स्वीकार्य सामग्री और व्यवहार को रेखांकित करने वाले विशिष्ट नियम विकसित करें। नियम, 1968 में बदलाव किए जाने चाहिए, जिसमें सोशल मीडिया आचरण के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देशों का अभाव है।

1968 के नियमों में ₹सेवा के सदस्य के लिए अनुचित₹ जैसे शब्दों को किसी भी तरह की मनमानी कार्रवाई को हटाने के लिए निष्पक्ष रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए। सुनिश्चित करें कि रैंक या स्थिति की परवाह किए बिना अनुशासनात्मक कार्रवाई समान रूप से लागू की जाती है। अधिकारियों के गोपनीयता अधिकारों की रक्षा के लिए व्यक्तिगत सोशल मीडिया खातों की निगरानी पर सीमाएं निर्धारित करें। व्यक्तिगत और आधिकारिक खातों के बीच स्पष्ट सीमांकन अनावश्यक गोपनीयता उल्लंघनों से बचने में मदद कर सकता है। अधिकारियों का मार्गदर्शन करने के लिए सोशल मीडिया के नैतिक और जिम्मेदार उपयोग पर नियमित प्रशिक्षण आयोजित करें। सोशल मीडिया नैतिकता पर कार्यशालाओं से अधिकारियों को डिजिटल इंटरैक्शन के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में शिक्षित किया जा सकता है। एक ऐसा प्लेटफार्म विकसित करें जहां अधिकारी अनुशासनात्मक कार्रवाई के खिलाफ अपील कर सकें, जिससे निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित हो सके।

मिशन कर्मयोगी के पारदर्शी और जवाबदेह सिविल सेवा के दृष्टिकोण जैसे क्षमता निर्माण पहलों के साथ तालमेल बिठाते हुए, भारत को सिंगापुर के सार्वजनिक अधिकारियों के लिए आचार संहिता जैसी वैश्विक प्रथाओं से प्रेरित होकर सोशल मीडिया आचरण पर स्पष्ट दिशा-निर्देश अपनाने चाहिए। यह संतुलित दृष्टिकोण अनुशासन और व्यक्तिगत अधिकारों दोनों को मजबूत करेगा, डिजिटल युग के लिए एक लचीली सिविल सेवा का निर्माण करेगा और उन्हें भारत के स्टील फ्रेम के रूप में मजबूत करेगा।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

## ट्वीट

**किसान** कल्याण की यात्रा भारत के विकास की गाथा बनी है। केंद्र सरकार के प्रयासों से आज भारतीय कृषि विकसित भारत के विराट संकल्पों को नई गति दे रही है।

**- शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार**

**राष्ट्र** कथा शिविर युवाओं को राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ने, उनके व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र के पुनर्जागरण के लिए प्रेरित और संकल्पित करता है।

विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी देश के युवाओं को उठानी है। इसके लिए उनमें शारीरिक, मानसिक और चारित्रिक दृढ़ता आवश्यक है।

**- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# इंडिया गठबंधन में अपनों के निशाने पर कांग्रेस

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**चुनाव 2024**

**कांग्रेस** पार्टी इन दिनों अपने ही साथी दलों के निशाने पर है। भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ विपक्षी दलों के संयुक्त इंडी गठबंधन में शामिल विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं द्वारा कांग्रेस से गठबंधन का नेतृत्व वापस लेने की मांग की जा रही है। इंडी गठबंधन में शामिल बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी खुलेआम कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर सवाल उठा रही हैं। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस करके कांग्रेस पार्टी को इंडी गठबंधन के नेता पद से हटाने की मांग की है। ममता बनर्जी की मांग के समर्थन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी सहमति जताई। इससे विपक्षी गठबंधन की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है।

जून 2023 में 26 विपक्षी दलों के साथ बना इंडी गठबंधन टूट के कगार पर है। लोकसभा चुनाव में मिली हार और उसके बाद हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुई पराजय ने इस गठबंधन को कमजोर कर दिया। इसी के चलते कांग्रेस के सहयोगी दल उसकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाकर अलग राह पकड़ने के संकेत दे रहे हैं। हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आआपा) ने कांग्रेस को गठबंधन से बाहर निकलवाने तक की धमकी दे दी है। कांग्रेस के दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के बाद से ही आआपा खासी नाराज है। समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद पवार), नेशनल कांफ्रेंस तो खुलकर कांग्रेस की मुखालफत करने लगी है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपनी जीत तय मानकर आआपा से गठबंधन से इनकार कर दिया था। जिसके चलते आआपा ने कई सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़कर 1.8 प्रतिशत वोट प्राप्त किए। जबकि हरियाणा में कांग्रेस को 39.34 प्रतिशत वोट व भाजपा को 39.94 प्रतिशत वोट मिले थे। यदि हरियाणा में कांग्रेस आआपा से समझौता करके चुनाव लड़ती तो निश्चय ही सरकार बन सकती थी। मगर कांग्रेस ने अवसर गंवा दिया और वहां भाजपा ने आसानी से तीसरी बार पहले से भी अधिक बहुमत से सरकार बना ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में तो समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी थी। जबकि लोकसभा चुनाव कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने मिलकर लड़ा था। महाराष्ट्र में कांग्रेस नीत महाविकास अघाड़ी की करारी हार के बाद शिवसेना (यूबीटी) ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस ने हरियाणा में आआपा और समाजवादी पार्टी को सीट ना देकर गलती की। पार्टी के मुखपत्र सामना में भी लिखा गया कि कांग्रेस नेताओं के अति आत्मविश्वास और घमंड ने हरियाणा में हार की भूमिका निभाई। पार्टी नेता संजय राउत ने तो यहां तक कह दिया कि कांग्रेस को लगने लगा था कि वह अकेले जीत सकती है इसलिए किसी को भी सत्ता में भागीदार बनाना उचित नहीं समझा था।

पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस कुल 329 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। जिसमें से 145 सीटों पर बिना किसी गठबंधन की अकेले चुनाव लड़ी थी। इनमें कांग्रेस 37 सीटों पर चुनाव जीती थी। कांग्रेस का बिना किसी दल से गठबंधन में जीत का औसत, 25.52 प्रतिशत रहा था। जबकि कांग्रेस 184 सीटों पर साथी दलों से गठबंधन करके चुनाव लड़ी थी। इसमें कांग्रेस ने 62 सीट जीती थी और जीत का औसत 33.75 प्रतिशत रहा था। इस तरह देखें तो कांग्रेस को अकेले चुनाव लड़ने की बजाय गठबंधन साथियों की बदौलत बड़ी जीत हासिल हुई थी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 13 करोड़ 67 लाख 59 हजार 64 यानी 21.29 प्रतिशत वोट मिले थे। गठबंधन करने के कारण 2019 की तुलना में 2024 में कांग्रेस को 1.91 प्रतिशत अधिक वोट मिले थे।

कांग्रेस पंजाब, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, उड़ीसा, तेलंगाना व पश्चिम बंगाल में अपने बूते चुनाव लड़ी थी। जबकि बिहार, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, पांडिचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश में गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, आंध्र प्रदेश, दादरा नगर हवेली व दमन दीव, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, मध्य प्रदेश, मिजोरम, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड ऐसे प्रदेश हैं जहां लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल सका था।

# कुंभमेला 2025: विश्व का सबसे बड़ा मानव समूह का जमावड़ा है



**केशवराजु आकारपु**

**महाकुंभ 2025**

कलियुग 5126. क्रोधी नाम वर्ष

विश्व हिंदू परिषद की शुरूआत 1964 में हुई थी. 1966 में आयोजित कुंभ मेले में दुनिया भर के हिंदुओं के साथ 'विश्वसम्मेलनम' का आयोजन किया। उस समय, हिंदू धर्म के विभिन्न धार्मिक आध्यात्मिक मार्गों के पूज्य धर्म गुरु, चारों शंकराचार्य, वैष्णवाचार्य, निम्बाकार्चार्य, बौद्ध, जैन सिख, गाणपत्य, शाक्तेय और विभिन्न पूजा पद्धतियों का पालन करने वाले मत संप्रदायों के सभी प्रमुख बुजुर्ग मौजूद थे। यह प्रयास सैकड़ों वर्षों के बाद पूज्य माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर गुरूजी के नेतृत्व में विश्व हिंदू परिषद के प्रयासों से संभव हुआ।

इस वर्ष 2025 कुंभ मेले में 24 जनवरी को मार्गदर्शन मंडल की बैठक होगी, 25, एवं 26 तिथियां में देश भर से 128 विभिन्न धार्मिक संप्रदायों की 'संत महात्माओं का सम्मेलन' 25 सुबह साध्वीं सम्मेलन और 'युवा संत सम्मेलन' 27 को होगी।

कुंभमेला यह विश्व का सबसे बड़ा मानव समूह हैः

कुंभ मेला चंद्रमा के शीर्ष से पृथ्वी पर दिखाई देने वाला एकमात्र सार्वजनिक जमावड़ा है, जो दुनिया में मनुष्यों का सबसे बड़ा जमावड़ा है, जिसमें दुनिया के 13वें हिस्से यानी विश्व के देशों की आधी से अधिक आबादी शामिल होती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2017 में अर्थ कुंभ मेले में तीन करोड़ लोगों ने भाग लिया था और 2001 में कुंभ मेले में छह करोड़ लोगों ने भाग लिया था। 2019 में 20 करोड़, केवल फरवरी 4 तारीख ही 5 करोड़ से ज्यादा पुण्य स्नान किया गया था । इस वर्ष ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान करेंगे।

प्राचीन काल में आदिशंकराचार्य जी ने प्रयागराज का यात्रा किया और कुंभ मेले में भाग लिया, बंगाल के चैतन्य महाप्रभु ने 1514 में, और तुलसी रामायण लिखने वाले पूज्य संत तुलसीदास ने भी कुंभ मेले में भाग लिया और पवित्र स्नान किया।

**कुंभ मेला पवित्र स्नान पर प्रतिबंध.** : भारत के शासकों के बीच हुए युद्धों में भले ही कोई भी जीतता हो, जीतने वाला राजा यहां सांस्कृतिक उत्सवों का आयोजन करता था लेकिन दुर्भाग्य से विदेशी आक्रमणकारियों ने अपनी साजिशों से स्थानीय शासकों को हरा दिया और



दमनकारी विदेशीयों ने स्थानीय शासकों के खिलाफ विद्रोह करते थे, यहां के मंदिरों को नष्ट कर दिया था , यह घोषणा की गई कि कोई भी पूजा शुल्क देकर हीं स्नान की जाएगी 'जज़िया कर' वसूली किया गया, इस प्रकार उस समय के लोग तिलक लगाना, चुटि रखना, कुम्भ मेले में स्नान करने हेतु कर चुकाकर अपना धर्म निभाया।

ब्रिटिश काल के दौरानः

'वेल्श यात्रा लेखक फैनी पार्क्स' ने लिखा है कि 1806 में अंग्रेजों ने कुंभ मेले में स्नान करने के इच्छुक तीर्थयात्रियों पर 1 रुपये का कर लगाया था और कहा था कि उन दिनों ₹1 रुपया एक आदमी को एक महीने तक आराम से भोजन व्यवस्था करने के लिए पर्याप्त था₹।

उनके अंग्रेजी समकालीन ने एक अन्य पुस्तक में यह भी लिखा कि कंपनी ने तीन रुपये का कर लगाया, जिसे स्थानीय हिंदू अदा करते थे और कुंभ मेले में स्नान करते थे, नदी के किनारे बैठे वैदिक विद्वानों और गरीब ब्राह्मणों को भिक्षा और उपहार देते थे।

**प्रयागराज वटवृक्षः**

यदि स्थानीय लोगों को विदेशी आक्रमणकारियों द्वारा अपने धर्म परिवर्तित कर लिया गया था या उन्हें गोमांस खिलाया गया था और धर्मभ्रष्ट किया गया तो वे सभी दर्दनाक रूप से प्रयागराज त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करते थे जहां 12 वर्षों में एक बार कुंभ मेला आयोजित किया जाता है और 'वट' के नीचे बैठ कर पूजा कर के अपने पूर्वजों को याद किया और सनातन धर्म में लौट आते थे। यह वटवृक्ष' जो कल्पांत के बाद से प्रयागराज त्रिवेणी संगम तट पर हैं।

विदेशी आक्रमणकारी बाबर, जिसने मूल निवासियों को प्रलोभन और डराकर अपने धर्म में परिवर्तित किया था, ने देखा कि वे सभी अपने मूल धर्म में वापस जा रहे हैं। कुंभ मेला या माघी मेला या गंगा नदी स्नान पर प्रतिबंध लगा दिया, इसके तहत पूजा न करने का फतवा जारी किया। वट वृक्ष को तोड़ दिया और कुछ ही दिनों के बाद वाट वृक्ष उग आया। अगली बार जब अकबर ने बरगद के पेड़ को तोड़ दिया, तो कुछ वर्षों के बाद वह फिर से उग आया, लोग हमेशा की तरह उस पेड़ के नीचे पूजा कर रहे थे और स्वधर्म में वापस आ रहे थे, औरंगजेब ने एक तरफ जजिया कर लगा दिया दूसरी ओर, बरगद के पेड़ को नष्ट कर दिया और पेड़ की जड़ में 'पारा' गरम करके नौकरों से डलवाया यह कुछ ही दिनों में फिर से उग आया । लोग आज भी अपने पूर्वजों को याद करने के लिए बरगद के पेड़ के पास जाते हैं और उनकी पूजा करते हैं। यही पेड़ अजर अमर अपना इतिहास के प्रतीक विश्व हिंदू परिषद के चिन्ह बन गई।

## स्पीड न्यूज

### राजद ने 500 गरीबों को दिया कंबल




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बढ़ते ठंड को देखते हुए राजद कार्यालय भुरकुंडा में शुक्रवार को 500 गरीब-असहाय, जरूरमंदों के बीच कंबल का वितरण झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह सदस्यता प्रभारी गिरधारी गोप व राजद प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव ने किया। गिरधारी गोप ने कहा कि राजद सामाजिक न्याय की पार्टी है जिसका मूल उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान में रहने वालों की सेवा करना और सम्मान दिलाना है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। मानव सेवा से सुकून और शांति समृद्धि मिलती है। मानवता सेवा के सामने सभी मजहबों और धर्मों की दीवारें टूट जाती है। हम सभी जाती मजहब से ऊपर उठकर समाज सेवा करने पर विश्वास करते हैं। गोप ने कहा कि राजद द्वारा पिछले आठ वर्षों से जनवरी माह में कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाने को ले जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को मजदूर नेता रामनरेश सिंह, अलाउद्दीन मंसूरी, प्रेम कुमार साहू, शकील अख्तर, डॉ क्यू अली, ललन सिंह आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर भगवान सिंह यादव, बलराम पांडेय, संतोष मिश्रा आदि मौजू थें। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष यादव, जानकी ठाकुर, सुभाष तिवारी, प्रमोद यादव, रवि सोनी, दिलीप सोनी, मंजूर अंसारी, मो राशिद, मो रफीक, परवेज अख्तर आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### परमेश्वर महतो से मिले सांसद



**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट के सेक्शन एक खदान के समीप परमेश्वर महतो का घर और खेत प्रशासन द्वारा डोजरिंग कर गिरा दिया गया था। इसको लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल रामगढ़ क्षेत्र भ्रमण के दौरान उनके आवास पहुंचकर उनसे और उनके परिवार से मिले और इस मामले का उचित समाधान निकालने का आश्वासन दिए. मौके पर पहुंचे प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट ऑफिसर से प्रशासन के इस कृत्य का उचित समाधान निकालने का दिशा निर्देश दिया। मौके पर भाजपा नेता चंद्रशेखर चौधरी, राजीव जायसवाल आदि मौजूद थे।

### सेंट्रल सौंदा में मनी फुले की जयंती



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** माली-मालाकार उत्थान समिति रामगढ़ जिला के तत्वावधान में शुक्रवार को सेंट्रल सौंदा आवासीय कार्यालय में मां सावित्री बाई फुले की 194वीं जयंती मनाई गई। इसकी अध्यक्षता समिति के रामगढ़ जिला सचिव उदय माला कार ने की। कार्यक्रम की शुरूआत उदय मालाकार ने मां सावित्री बाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। इसके बाद समिति के लोगों ने भी उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर उदय मालाकार ने कहा कि देश की पहली महिला शिक्षिका मां सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं के बीच शिक्षा का ज्योत जलाई थी। उन्होंने सन 1848 ई. में पुणे में पहले बालिका विद्यालय की स्थापना की थी। इस दौरान इन्होंने अगड़ी जाति के द्वारा बहुत सारी प्रताड़ना के बाद भी हार नहीं मानी। और निरंतर शिक्षा को बढ़ावा देते रही। यही वजह है कि समाज के लोग लगातार मां सावित्री बाई फुले और महात्मा ज्योतिबा फुले को सरकार से भारत रत्न देने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन दोनों के नाम विद्यालय और कॉलेज में जीवनी की पाठ्य पुस्तिका और प्रत्येक विद्यालयों, कॉलेज और सरकारी कार्यालयों में इनकी प्रतिमा बनाये जाने की मांग की जा रही है। इस अवसर मां सावित्री बाई फुले के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में उदय मालाकार, पिंटू मालाकार, धनंजय मालाकार, रामकृपाल मालाकार, डॉ रवि कुमार, दीपक मालाकार, प्रवेश मालाकार, वीरेंद्र भगत, योगेंद्र भगत, अनिल मालाकार, सुनील मालाकार, बबलू मालाकार, बसंती देवी, किरण देवी, अनीता देवी, आरती देवी, प्रमोद मालाकार, गौतम मालाकार आदि शामिल थे।

### निशि पांडेय का मना जन्म दिन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जनता मजदूर संघ के तत्वावधान में यूनियन की केंद्रीय उपाध्यक्ष सह बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत निशि पांडेय ने केक काटकर किया। इसके बाद उपस्थित लोगों के बीच केक और मिठाई का वितरण कर इस पल को यादगार बना दिया गया। यूनियन के लोगों ने केंद्रीय उपाध्यक्ष सह समाजसेवी निशि पांडेय को उपहार देकर जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। निशि पांडेय ने कहा कि यूनियन द्वारा दिया गया स्नेह और प्यार जीवन भर याद रखूंगी। उन्होंने कहा कि मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए हमारी यूनियन कटिबद्ध है। हमारी यूनियन के लिए मजदूरों हित सर्वोपरि है। इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। मौके पर यूनियन के केंद्रीय सचिव बैजनाथ कुमार, वेलफेयर बोर्ड सदस्य सुखदेव प्रसाद, भुरकुंडा ब्रांच के अध्यक्ष सत्यनारायण ठाकुर, राजु मल्होत्रा, जितेंद्र यादव, शिवचरण करमाली, राजेश बेदिया, चमन मुंडा, सुरेश राय, राहुल झा, गणेश साव, महेंद्र सिंह, विनय सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# सांसद ने की छिन्नमस्तिके मंदिर में पूजा

## रामगढ़ के कई गांवों में मनीष जायसवाल ने सुनी समस्यायें

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। सांसद मनीष जायसवाल ने अंग्रेजी नववर्ष की शुरूआत शुक्रवार रामगढ़ जिले के रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका के मंदिर में रामगढ़ जिले के सभी मंडलों के बीजेपी मंडल अध्यक्षों और अपने शुभचिंतकों संग पूजा- अर्चना कर किया। यहां उन्होंने मां छिन्नमस्तिके से समस्त हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की । बीते दिनों सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट के सेक्शन एक खदान के समीप परमेश्वर महतो का घर और खेत प्रशासन द्वारा डोजरिंग कर गिरा दिया गया था। जहां पहुंचकर उक्त आवासीय परिसर में भुक्तभोगी परिवार से मिले और इस मामले का उचित समाधान निकालने का उन्हें। आश्वासन दिया। मौके पर पहुंचे प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट ऑफिसर से प्रशासन के इस कुकृत्य का उचित समाधान निकालने का सख़्त दिशा-निर्देश भी दिया । रामगढ़ जिले के भ्रमण के दौरान हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में भारतमाला परियोजना के अंतर्गत निमार्णाधीन रांची- धनबाद एक्सप्रेसवे के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण राष्ट्रीय राजमार्ग के संबंधित पदाधिकारियों के साथ की एवं निमार्णाधीन परियोजना से स्थानीय ग्रामीणों को हो रहे समस्याओं को जाना और देखा इसमें विशेषरूप से सोसो में ग्राम सोसो, महलीडीह, जांगी और हिसिमदाग के स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं जानी जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के लिए सर्विस रोड और पानी की व्यवस्था को तत्काल बहाल करने के दिशा-निर्देश मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को दिया। वहीं बरियातू पंचायत के अलगडीहा पहुंचकर यहां अलगडीहा और बारघुटु सहित कई गांव को जोड़ने के लिए बनाए जा रहे अंडरपास का निरीक्षण किया एवं ग्रामीणों की मांग पर अंडरपास की चौड़ाई 2 फीट तक बढ़ाने का निर्देश एनएच के अधिकारियों को दिया ।





# किसानों के लिए एक्सपोजर विजिट करें अधिकारी : डीसी

## रामगढ़ में जिला स्तरीय रबी कर्मशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** समाहरणालय रामगढ़ के सभाकक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय रबी कर्मशाला का आयोजन किया गया। कर्मशाला का शुभारंभ उपायुक्त चंदन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कर्मशाला में परियोजना निदेशक आत्मा रामगढ़ द्वारा जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति के बारे में सभी को जानकारी दी गई । उपायुक्त ने जिले के अलग अलग क्षेत्रों में एग्री स्मार्ट विलेज के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में प्रभावी तरीके से कार्य करने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिले में कृषि के विकास को लेकर किसानों के लिए वृहद रूप से एक्सपोजर विजिट आयोजित करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने पीएम कुसुम योजना अंतर्गत प्रतिस्थापित किए जा रहे सोलर पंप सेट की जांच करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी एवं उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो द्वारा भी कर्मियों को कृषि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान किया गया। जिला उद्यान पदाधिकारी, रामगढ़ ने उद्यान विभाग के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

कर्मशाला में सहायक भूमि संरक्षण का अधिकारी, रामगढ़ ने भूमि संरक्षण विभाग द्वारा चल रही योजनाओं की जानकारी दी। अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने विभाग से चल रही योजनाओं की जानकारी दी। कर्मशाला में तकनीकी सत्र चलाया गया। सत्र के दौरान केवीके बोकारो डॉ आदर्श श्रीवास्तव और मांडू के डॉ धर्मजीत खेरवार वैज्ञानिकों के द्वारा पौधा संरक्षण के विभिन्न विधियों की जानकारी दी। मत्स्य विभाग के पदाधिकारी द्वारा मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी।

कर्मशाला में जिला योजना पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, उप परियोजना निदेशक, प्रभारी मिट्टी जांच प्रयोगशाला, जिलें के सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बीटीएम, जनसेवक, एटीएम ,कृषि के अन्य अलाइड विभागों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।



## छात्रों के छात्रवृत्ति को लेकर बैठक

**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला छात्रवृत्ति समिति की बैठक हुई। जिला कल्याण पदाधिकारी सिदार्थ शंकर चौधरी द्वारा उपायुक्त एवं समिति के अन्य सदस्यों को जानकारी देने के क्रम में बताया गया की प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 49227 छात्र-छात्राओं ने ई कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण किया है। वहीं, आईएनओ द्वारा 41786 छात्र-छात्राओं के आवेदनों को सत्यापित किया गया है जिसके उपरांत वर्तमान में 41786 बच्चों को छात्रवृत्ति हेतु अनुमोदन दिया जाना है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 26815 विद्यार्थियों द्वारा ई कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण किया गया था जिसके उपरांत आईएनओ द्वारा 26141 आवेदनों का सत्यापन किया गया। पूर्व में समिति द्वारा 21427 आवेदनों को अनुमोदन दिया गया था जिसके उपरांत वर्तमान में 449 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति हेतु अनुमोदन दिया जाना है। उपायुक्त ने आवेदनों की समीक्षा के क्रम में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ देने हेतु आवेदनों को स्वीकृति देने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

## बलकुदरा पंचायत में 270 गरीबों को मिला कंबल



भुरकुंडा (रामगढ़)। बढ़ती ठंड को देखते हुए बलकुदरा पंचायत में शुक्रवार को कंबल वितरण मुखिया विजय मुंडा, पंचायत समिति सदस्य राजु कुमार मुंडा, उपमुखिया लक्ष्मी कुमारी, वार्ड सदस्य गुलचंद मुंडा, मुनि देवी, सुमंती देवी, अनिल मुर्मू, चंदा रानी और कलावति देवी ने गरीब-असहाय व जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कर किया। राज्य सरकार एवं पीवीयूएन पतरातू के सौजन्य से 270 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। मौके पर मुखिया विजय मुंडा ने कहा कि पंचायत का चहंमुखी विकास के साथ सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाना ही मेरा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पंचायत के हर जरूरतमंद तक कंबल पहुंचाउंगा ताकि सबों को ठंड से बचाया जा सके। मुखिया श्री मुंडा ने कहा कि गरीबों की समस्या मेरी समस्या है। गरीबों को न तो अनाज की दिक्कत होने दूंगा और न ही और किसी चीज की। जरूरत के अनुसार आपको आबुआ आवास, प्रधानमंत्री मंत्री आवास, अंबेडकर आवास, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन का लाभ दिलाना मेरा जिम्मेवारी है। मौके पर मनोज यादव, रंजीत उरांव, प्रेम मुंडा, सुशिल मुंडा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# बाल कराटेकार विकास को ओपी प्रभारी ने सम्मानित

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर के 9 वर्षीय कराटेकार विकास कुमार को भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रह्मव्रत कुमार ने शुक्रवार को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। ओपी प्रभारी ब्रह्मव्रत कुमार ने कहा कि कराटे से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है, यह अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि मार्शल आर्ट आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। वर्तमान समय में खास करके लड़कियों को कराटे का गुर जरूर सिखना चाहिए। ओपी प्रभारी श्री कुमार ने विकास के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कराटे प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास की भी जमकर प्रशंसा की। बताते चलें कि मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे कोच सेंसाई कंचन दास के देखरेख में विकास कुमार ब्राउन बेल्ट कराटे का प्रशिक्षण ले रहा है। विकास पढ़ाई के साथ कराटे में भी अव्वल है। सेंसाइ कंचन दास ने बताया कि विकास पिछले वर्ष रांची के खेलगांव में आयोजित इंडियन कराटे प्रतियोगिता काता और फाइट में दो ब्रांउज मेडल जीतकर रामगढ़ जिला व अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया था। कंचन दास ने बताया कि विकास गरीब परिवार से आता है।



# श्री अग्रसेन स्कूल में सीबीएसइ की ट्रेनिंग शुरू

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** इंट्रोवर्ट (अंतमुर्खी) वह व्यक्ति होता है, जो दूसरों से बातचीत या मेल-मिलाप से एनरजेटिक महसूस नहीं करता है। वह भीड़ वाले इलाके को पसंद नहीं करता। उसे अपना एकांत प्यारा लगता है। लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि उन्हें भीड़ से डर लगता है या उन्हें कोई बीमारी है। बस ये उनकी चॉइस है। यह केवल व्यक्तित्व का एक प्रकार है। इसके उलट एक्स्ट्रोवर्ट लोग आत्मविश्वासी और उत्साह से भरे होते हैं। इन्हें अकेलेपन की तुलना में साथियों के बीच रहना ज्यादा पसंद होता है। ये लोग सोशल एक्टिविटीज में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उक्त बातें विशेषज्ञ वक्ता नयी दिल्ली से आये चिकित्सक डॉ अभिषेक ने कही। डॉ अभिषेक शुक्रवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शुरू हुए तीन दिवसीय सीबीएसई इंटरनल ट्रेनिंग सेशन में बोल रहे थे। पहले दिन ट्रेनिंग का विषय ह्यस्किल फोर टीचिंग इंट्रोवर्ट

**▸▸ इंट्रोवर्ट बेहतर प्लानिंग के साथ प्राप्त करें लक्ष्य : डॉ अभिषेक**

स्टूडेंट्सह्व था। डॉ अभिषेक ने कहा कि इंट्रोवर्ट लोग अकेले में ज्यादा सहज होते हैं। उन्हें लोगों के साथ काम करने में कम दिलचस्पी होती है। वह बोलने से ज्यादा लिखना पसंद करते हैं। भीड़ में होने पर उन्हें घुटन महसूस होने लगती है। वह अपनी ख्वाबों की दुनिया में रहना पसंद करते हैं। जल्दी नर्वस होते हैं, लेकिन उनके जैसी दोस्ती कोई नहीं निभा सकता। वह बहुत ईमानदार दोस्त और अच्छे लाइफ पार्टनर होते हैं। अक्सर लोग उनके बर्ताव को देखकर सोचते हैं कि वह फ्रेंडली नहीं है। लेकिन ऐसा नहीं है, इंट्रोवर्ट लोग खूब मस्ती करते हैं और फ्रेंडली होते हैं, लेकिन केवल चुनिंदा लोगों के साथ ही। डॉ अभिषेक ने कहा कि लोग समझते हैं कि इंट्रोवर्ट अच्छे लीडर नहीं होते। लेकिन ऐसा नहीं है। इस तरह के लोग दूर की सोच रखते हैं। उन्हें अपना लक्ष्य पता होता है और वह लॉन्ग टर्म गोल पर काम करते हैं। वह कम बोलते हैं, लेकिन उनका काम पर फोकस रहता है। उनकी प्लानिंग और आइडियाज सबसे हटकर होते हैं। उनके अंदर एक अच्छे बॉस और लीडर के सारे गुण होते हैं। ऐसे लोग बोलने से ज्यादा सुनना पसंद करते हैं। यानी वह अच्छे श्रोता होते हैं। यह खूबी बहुत कम लोगों में होती है। वह शांति से जब बातें सुनते हैं तो उनकी किसी से बहस नहीं होती। दूसरे लोग उनसे खुश रहते हैं, क्योंकि वह पलट कर जवाब नहीं देते। जो लोग चुप रहते हैं, वह अपनी एनर्जी को बचाकर रखने में यकीन करते हैं और अपनी ताकत को प्रोडक्टिव बनाते हैं। नए स्किल्स जल्दी सीखते हैं। जब वह किसी काम को अपने हाथ में लेते हैं तो दुनिया उन्हें सलाम करती है। क्योंकि सफलता उनके कदम चूमती है। इंट्रोवर्ट किसी भी काम को अधूरा नहीं छोड़ते हैं। इस अवसर पर निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, प्राचार्य विवेक प्रधान, निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी, काउंसेलर मुख्तार सिंह व शिक्षक उपस्थित थे।



## एक नजर में

### आइआरएसएम फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज



**केरेडारी।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना ने कोयला खनन के अंतर क्षेत्रीय खेलक प्रतियोगिता (आईआरएसएम) के अंतर्गत फुटबॉल टूनामेंट की मेजबानी करते हुए अंतर क्षेत्रीय खेलकूद का आयोजन किया। यह टूनार्मेंट 3से 7 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कुल सात टीमों ने हिस्सा लिया है। इन टीमों में केडीसीएमपी , सीबीसीएमपी, पीबीसीएमपी , कोयला खनन मुख्यालय और नॉर्थ धाडू , टीएलसीएमपी , डीएलसीएमपी, और बादम सीएमपी शामिल थीं। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह 3 जनवरी को नमन विद्या स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। समारोह में परियोजना प्रमुख केरेडारी श्री शिव प्रसाद, परियोजना प्रमुख बादम श्री ए.के. सक्सेना और परियोजना प्रमुख चट्टी बारियातू श्री नवीन गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम का आरंभ सभी टीमों के कप्तानों द्वारा अतिथियों का फूलों के गुलदस्ते और अंगवस्त्र से स्वागत करने के साथ हुआ। अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना को बढ़ावा देने की बात कही। श्री शिव प्रसाद ने कहा, ₹खेल हमें न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाते हैं, बल्कि टीम भावना, नेतृत्व और एकता को भी मजबूत करते हैं।₹ श्री ए.के. सक्सेना और श्री नवीन गुप्ता ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं और खिलाड़ियों को आत्मविश्वास के साथ मैदान में खेलने की प्रेरणा दी। समारोह के दौरान परियोजना प्रमुखों और सभी टीम कप्तानों ने टूनार्मेंट के प्रतीक चिन्ह (मास्कॉट) और विजेता ट्रॉफी का अनावरण किया। यह प्रतीक चिन्ह टूनार्मेंट की ऊर्जा और समर्पण को दर्शाता है। इसके साथ ही खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच उत्साह और उमंग का माहौल बना। उद्घाटन समारोह का एक मुख्य आकर्षण आईआरएसएम ज्योति प्रज्वलन था। तीनों एचओपी ने इस ज्योति को प्रज्वलित किया और इसे टीम कप्तानों को सौंपा। इसके बाद सभी टीम कप्तानों ने एक साथ मार्च पास्ट करते हुए टूनार्मेंट के मैदान में आईआरएसएम की मशाल जलाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस क्षण ने खेलों की भावना और एकता का संदेश दिया।

### झरपो में मुखिया ने खिलाड़ियों को दिया कीट



**टाटीझरिया।** झरपो पंचायत भवन परिसर में 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया शिबू प्रसाद सोनी के हाथों टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय की ओर से दी गई खेल सामग्रियों का वितरण 3 जनवरी दिन शुक्रवार को झरपो पंचायत क्षेत्र के खिलाड़ियों में खेल कीट सामग्रियों में संदीप कुमार दास,शनि , चांद कु .दास, रॉकी कुमार,सूरज कुमार,संतोष कुमार ,प्रमोद कुमार ,अभय कुमार पाण्डेय,अनिल कुमार, समेत अन्य लोग को टी शर्ट, पैंट,जूता , मौजा,गेंद का वितरण किया गया।मुखिया ने सरकार के ओर से क्षेत्र के खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्रियों को देने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि आप सभी क्रिकेट खिलाड़ी अपने क्षेत्र का नाम रौशन करे। मौके पर झरपो पंचायत सचिव गुड़िया कुमारी ,रोजगार सेवक संतोष राम,बसंत राम ,रामलखन पांडेय मौजूद थे।

### बैंक मैनेजर ने बिरहोर टोला में बांटा कंबल

**दारु।** सेवा ही धर्म संस्था से जुड़कर बैंक ऑफ इंडिया की शाखा प्रबंधक निशु सिन्हा ने अपनी बेटी के जन्मदिवस को प्रखंड के पिपचो मे स्थित बिरहोर टोला में गरीब और असहाय लोगों के बीच अनोखे अंदाज में मनाया। उन्होंने गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल, शॉल और खाद्य सामग्री का वितरण कर इस दिन को खास बनाया।इस अवसर पर संस्था के संस्थापक मनोज कुमार ने कहा कि हमारी संस्था से लगातार लोग जुड़ रहे हैं और इसके माध्यम से गरीबों तक आवश्यक सामग्री और सहायता पहुंचाई जा रही है। संस्था में वर्षों से विछिप्त लोगों का सेवा किया जा रहा है। क्षेत्र के बुद्धिजीवी एवं समाजसेवी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे तो संस्था के कार्यों को आगे ले जाने में सरल होगा। वहीं, शाखा प्रबंधक निशु सिन्हा ने कहा, ₹मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि अपनी बेटी का जन्मदिवस इन बच्चों और जरूरतमंदों के बीच मना पाई।₹ इस तरह के नेक कार्य के लिए लोगों को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बिरहोर टोला के लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। इस तरह के प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देने का काम करते हैं।

### जनता की समस्या करें निदान : रोशन लाल



बड़कागांव। विधायक कार्यालय में बीडीओ सीओ के समक्ष प्रखंड की जनता की समस्याओं को सुनी और त्वरित कार्रवाई करते हुए बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, सीओ मनोज कुमार एवं अंचल निरीक्षक नवल किशोर को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की हर काम को प्राथमिकता के साथ करें। ताकि आम जनता को किसी भी तरह के कठिनाई न हो, संवैधानिक तरीके से जो कार्य होता हो उसे किसी भी कीमत में टालने का प्रयास न करें। शिकायत आने पर बर्दाशत नहीं करेंगे। केंद्र एवं राज्य सरकार की विकास योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी को निस्वार्थ भाव कम करने की जरूरत है ।तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प ,सबका साथ सबका विकास एजेंडा सफल होगा। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री रामपति राम, मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो,मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, केंद्रीय कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहनलाल मेहता,आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा,कामेश्वर महतो, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस,भाजपा महामंत्री इंद्र भूषण, नरसिंह प्रसाद, मोहन महतो पूर्व मुखिया,पूर्व पसस केदार महतो, कामेश्वर महतो,दशरथ पासवान,उपेंद्र प्रसाद, विनोद राम सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### संजीव बेदिया ने गरीबों को दिया कंबल



**बड़कागांव।** पोटंगा पंचायत तेतरिया बरवा टोला में झामुमो केंद्रीय सचिव सह राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने कड़कती ठंड को देखते हुए गरीब महिलाओं एवं बुजुर्गों को कंबल देकर ठंड से बचने का अपील किया वहीं पर उपस्थित लोगों को श्री बेदिया ने कहा अभी के समय में ठंड बहुत ही ज्यादा पड़ रहा है मौसम परिवर्तन होने के कारण ठंड बढ़ गया है। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह,राम प्रसाद,रीना देवी,मो बुधनी,रेणु देवी,उर्मिला देवी,आकांक्षा देवी, सुमित्रा देवी, यशोदा देवी,अशोक कुमार,शंकर साव,मनोज कुमार,राजकुमार, फुलेश्वर कुमार,भुनेश्वर कुमार,छोटेलाल बेदिया सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# नूतन वर्ष पर उल्लास और युवाओं से उम्मीद

विदा हो रही है जख्म देने वाली साल,
आ रहा है धूमधाम मचाने नूतन वर्ष मित्र,
ठाना है रुख बदल देगें हवाओं का हम,
एकजुट होकर मैदान में आयेंगे जब हम,
मेहनत के बलबूते बदल देंगे दुनिया सारी,
खत्म कर देंगे दुनिया से नकारात्मकता सारी,
भरोसा है हमको मेहनत पर अपनी यारों,हौसले के बलबूते हम लोग आने वाले,
नववर्ष 2022 में भर देगें खुशियों से दुनिया सारी,
ईश्वर से दुआ है वो खत्म कर दे दुनिया से,
नकारात्मकता नफरत व जहालत सारी,
बस खुशहालियों से भर दे दुनिया को सारी।



डॉ मेरी ग्रेस

**दुनिया** के प्रचलित अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार नूतन वर्ष 2025 की शुरूआत शनिवार के दिन से हो गयी है। हालांकि कोरोना महामारी के प्रकोप के चलते पिछले दो वर्षों से ही पूरी दुनिया एक अजीब से भय में जीवन यापन करने के लिए मजबूर है, लोग अपनों के साथ इकट्ठा होकर खुशियां साझा करने में भी डर रहे हैं। दुनिया भर में वर्ष 2024 में लोग अपनी बेहाल आर्थिक स्थिति, , मंदी से जूझ रहे व्यापार व काम धंधे, बेरोजगारी व डर के चलते बहुत ज्यादा तनावग्रस्त रहे हैं, हालांकि यह स्थिति हमारे देश व समाज के लिए उचित नहीं है, लेकिन ईश्वर की इच्छा पर किसी का कोई बस नहीं चलता है। आम व खास सभी वर्गों के लोग अपने दुखदर्दों को भूलकर तेजी के साथ अपनी रोजमर्रा की दिनचर्या को भयमुक्त करके सामान्य व खुशहाल बनाने के लिए लगातार धरातल पर प्रयास करने लगे हैं। पिछले वर्ष की तरह ही एक बार फिर से कोराना काल के दरम्यान ही अंग्रेजी नव वर्ष 2025 का आगमन हो गया है। अंग्रेजी नववर्ष को जोशोखरोश व हर्षोल्लास के साथ पूरी धूमधाम और बेहद चकाचौंध कर देने वाले तरीकों से लंबे समय तक मनाने की तैयारी है। वैसे भी खुशियों के चंद लम्हों को भी जीने के लिए आपदाकाल में अब हम लोगों को बहानों की तलाश रहती है, यह तो अंग्रेजी नूतन वर्ष 2025 के स्वागत का एक बड़ा अवसर है, फिर हम चैन से घरों में कहाँ तक बैठेंगे। वैसे तो अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार प्रत्येक वर्ष 1 जनवरी के दिन बहुत सारे देशों में बड़े पैमाने पर अंग्रेजी नववर्ष को पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, हमारे देश भारत में भी बहुत सारे लोगों व बाजार की ताकत के बलबूते अंग्रेजी नूतन वर्ष को जमकर धूमधाम से सेलिब्रेट किया जाता है। अंग्रेजी नूतन वर्ष पर मैं अपने इन शब्दों में छिपी सकारात्मक भावना के साथ यह उम्मीद करता हूँ कि अब हम सभी देशवासी आपसी मनमुटाव को भूलकर व कोरोना के द्वारा दिये गये गहरे जख्मों को भूलकर फिर से अपने जीवन की एक नई शानदार शुरूआत करते हुए देश निर्माण के लिए रात-दिन जुटकर कार्य करेंगे। वैसे भी हममें से अधिकांश लोग हमेशा यह चाहते हैं कि नूतन वर्ष की एक बहुत अच्छे से शुरूआत हो और हम लोग उज्ज्वल भविष्य की आशा में सकारात्मक ऊर्जा व हर्षोल्लास के साथ जीवन पथ पर निरंतर चलते रहें।



हम लोगों की मान्यता है कि नववर्ष का प्रथम दिन सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने के लिए जिंदगी में एक बेहद महत्वपूर्ण दिन होता है, हम उसके ही अनुरूप अपनी दिनचर्या को निर्धारित करते हुए जीवन पथ पर चलने का प्रयास करते हैं। हमें उम्मीद है कि यह नूतन वर्ष एक नई उम्मीद, नई आशाएं, नई खुशियां, जीवन में नई उमंग, नये लक्ष्य व जिंदगी के लिए जरूरी सकारात्मक ऊर्जा लेकर आया है।

नववर्ष पर बीते वर्ष की खट्टी-मीठी व कड़वी यादों को दिलों में संजोकर उनसे सबक लेकर जीवन पथ पर पूर्ण सकारात्मक ऊर्जा के साथ अग्रसर होकर तय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए दिल से प्रयास करेंगे। आज हम सभी देशवासियों को इस अंग्रेजी नूतन वर्ष 2025 का हर्षोल्लास व जिंदादिली से स्वागत करना चाहिए। हम लोगों को अपने-अपने आराध्य सर्वशक्तिमान ईश्वर का तहेदिल से आभार व्यक्त करना चाहिए कि हम सभी के जीवन में फिर से एक बार नववर्ष उदित होने का अवसर आया है, उसके लिए हम हमेशा ऋणी रहेंगे। नूतन वर्ष में हम सभी के जीवन में नव आशा, नव उत्साह, नव हर्ष हो, जिंदगी में नयी ताजगी हो, एक नई उमंग हो, अपनों का हर वक्त संग हो, प्रगति के पथ पर चलते हुए हर्ष हो, नववर्ष नई आशाओं से पूर्ण शोभित हो, हम लोग कोरानाकाल में उत्पन्न बेहद गंभीर समस्याओं से मुक्त होकर जल्द से जल्द तनाव से मुक्त हों, हम सभी देशवासियों के जीवन में इन्हीं सकारात्मक मंगलकामनाओं के साथ नई आशाएं व नई अभिलाषाएँ के साथ नूतन वर्ष शुभ हो।

# गंगाजल बनाम ज्ञान गंगा

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस



**इस** गंगा जल का क्या उपयोग हो सकता है। इतना कम है कि इस पीकर प्यास भी नहीं बुझ सकती है और न ही इससे स्नान हो सकता है। आप इसे हरिद्वार से लेकर आये हैं अच्छी बात है। वर्तमान समय में इस प्रकार के आचरण का क्या अर्थ है। जिस प्रवाहित गंगा को हम कल्याण और धर्म का प्रतिक मान चुके हैं उस गंगा के पानी से आपकी मुक्ति नहीं हो सकती है। गंगा से ज्यादा ज्ञान गंगा की समझ होना भक्ति के लिए आवश्यक है। (मुख्य स्थान छोटका राजपुर, बक्सर, बिहार में एक भक्त द्वारा हरिद्वार से गंगा जल लाकर गुरुजी को समर्पित करने के बाद सत्संग में गुरुदेव ने गंगा जल और ज्ञान गंगा के महत्व को रेखांकित करते हुये भक्तों को सारगर्भित प्रकरणको उदाहरण देकर समझाया।) अगर ज्ञान गंगा विकसित नहीं हुई तो वर्तमान गंगा का अस्तित्व भी नहीं बचाया जा सकेगा। जीव की मुक्ति और कल्याण के लिए ज्ञान गंगा में डुबकी लगाना आवश्यक होता है। परम श्री स्वामी अद्वैतानंद जी महाराज ने जो गंगा की महान स्तुति की है, उसमें साफ तौर पर ज्ञान गंगा पर ही अपना ध्यान केन्द्रित किया है। उन्होंने छपरा से टेरी जो अब पाकिस्तान में है वहां तक की यात्रा के क्रम में जिस गंगा की उपासना की है उसे जल से भरी गंगा समझ लेना भूल होगी। उन्होंने ज्ञान गंगा की ही बात है। व्यक्ति को जब ज्ञान हो जाएगा तब ही उसकी मुक्ति संभव है। ज्ञान के लिए भक्ति, प्रेम और योग का होना अनिवार्य है। पौराणिक कथाओं के अनसुार गंगा शिव की जटाओं से निकली जो भौगोलिक रूप से वर्तमान समय में उतरांचल राज्य में गोमुख स्थान पर स्थित है। यह गंगा उत्तरप्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल होते हुए सागर में मिल जाती है। इस गंगा के किनारे ही अवस्थित हमारे कुटिया जो गढ़वा घाट काशी से लेकर संतोषपुर कोलकाता तक हैं। लेकिन इन कुटिया की ज्ञान गंगा भी पश्चिम दिशा में पाकिस्तान के टेरी से प्रवाहित होती है और साथ-साथ चलती है। गंगा से ज्ञान गंगा का यह रोचक मिलन का उदाहरण दुनिया की भक्ति में एक मात्रा उदाहरण है। यह भक्ति यात्रा भी पश्चिम से आयी और गंगा से मिलकर सागर में सम्माहित हो गयी।

आज समाज का ढांचा लगातार बदल रहा है। शहरीकरण का प्रभाव है कि गांवो से लोगों की दिचलस्पी कम होती जा रही है और रीति परम्परा का लगातार विनाश हो रहा है । विभिन्न पर्व त्याहारों का आशय जीवन में उल्लास लाना है। यह उल्लास जीव किस प्रकार ला सकता है। यह उल्लास सर्वोतम ढंग से तब आ सकता है जब जीव का शिव के साथ पर्व त्योहार को मनाने का संकल्प जगे। हर पावन दिन पर अपने सबसे प्रिये को याद करना उस पावन दिन को मनाने का सबसे बेहतर तरीका हो सकता है। समाज में प्रेम तब हो सकता है जब हमारा झुकाव एक ओर हो। हमारा झुकाव गलत होगा तो समाज का दिशा भी गलत होगी। जीवन में सबसे महत्वपूर्ण है प्रेम का अधिक से अधिक होना। राम, कृष्ण और शिव इसी प्रेम और व्यवहार के लिए आज भी जन-जन के मन और सभी परम्पराओं में रचे बसे हैं। इस प्रेम और व्यवहार की कमी से समाज और व्यक्ति आहत है। आज संयुक्त परिवार की परम्परा खत्म हो रही है। भाई-भाई के प्रेम का कम होना जिन कारणो पर आधारित होता है वह चिंता का विषय है। जब व्यक्ति सही दिशा में सोच रखता है तब उसे सभी के प्रति प्रेम और विश्वास की समझ होती है। हम जो खो रहे है उसका अहसास भी हम सबको नहीं है। भक्ति का आधार प्रेम ही है और प्रेम से संसार का सच्चा स्वरूप विकसित होता है।

प्रेम बढ़ाने के लिए मन हो जोड़ना होता है। कृष्ण की विरह में गोपीयों ने उद्धव से कहा था - उद्धव मन न हुए दस-बीस। यानी एक से जुडना ही प्रेम है और जीव का प्रेम ईश्वर से ही होना चाहिए। परमगुरुदेव ब्रह्मलीन स्वामी अद्वैतानंद जी महाराज कहते हैं- ***यही देवता यही देवालय यही पुष्प धूप यही बाती, पूजन वाली यहीआत्मा एही आप पूजाति, हमको द्वैत दृष्टि नहीं आती।***

भक्ति का इतनी उच्च और सही परिभाषा देकर उन्होंने ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम की स्थापना की जहां जाति सम्प्रदाय, लिंग ड्रोद जैसी तमाम मतभेदों की कोई गुंजाइश नहीं है। योग प्रेम भक्ति और मुक्ति का यह सिद्धांत सर्वोच्च है। दुनिया में ऐसा और कहीं नहीं है।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम, मुख्य स्थान छोटका राजपुर, बक्सर, बिहार)**

# सर्दी में सूप का मजा

जीवीएस शास्त्री

**बाहर** कड़कड़ाती सर्दी और कोहरा हो और रजाई में दुबक कर रहने का मन हो तो गर्मागर्म सूप हमें खूब ताजगी और गर्मी का अहसास देता है। सूप केवल पश्चिमी संस्कृति वाली थाली से पहले परोसा जाने वाला व्यंजन नहीं है अलबत्ता यह एक ऐसा शोरबा है जो सर्दी में गर्मी का अहसास तो कराता है साथ में अच्छी सेहत का राज भी इसमें छुपा है।अब बात करते हैं दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में बनने वाले सूप की। हंगरी में गोलश तो रूस में बोर्स्ट स्वादिष्ट भोजन का एक प्रकार है। अमेरिका में चौडर्स को बहुत पसंद किया जाता है । जबकि जापान और चीन जैसे देशों में शरीर को पोषण और मन को ताजगी देने के लिये सूप बनाने का चलन है। गडुआ शूरवा उत्तराखंड में प्रसिद्ध है तो तिब्बत के साथ लगने वाले इलाकों में थुपका (सूप वाली डिश) खूब चाव से खाया जाता है।

आमतौर पर हम खाने का कोई शॉर्टकट ढूंढ़ लेते हैं। जल्दबाजी में हम सब्जियों को काटने और धोने पर वक्त खर्च नहीं करना चाहते। रंग बिरंगी, ताजी सब्जियां सूप में न केवल स्वाद भरती हैं बल्कि इसे देखने में भी काफी अच्छा बनाती हैं। चाहें तो इसमें फ्लेवर जोड़ने के लिये पनीर या टोफू का इस्तेमाल कर सकते हैं। नूडल्स और वेजीटेबल्स को मिलाकर पकाने से आधे घंटे में वन बाउल मील बन सकता है। यानी एक कटोरी सेहत, स्वाद और खुशियों से भरी। आवश्यक सामग्री- हरे फल

फ्रेंच बीन्स- एक मुट्ठी, गोभी- 1/2 कप,स्वीट कॉर्न -1/2 कप

हरी मटर- 1/2 कप दाने

मशरूम -1/2 कप

टमाटर -1, पनीर / टोफू -50 ग्रा

नूडल्स / पास्ता -1/4 कप

ब्रोकली -1-2 फूल, छोटे

आलू -1 (उबला और छिला हुआ)

सिरका -1-2 चम्मच

चीनी -इच्छानुसार डालेंनमक - स्वादानुसार, मक्खन- 50 ग्राम

मसाले- तेज पत्ता-1, लौंग 1-2, काले पेपरकोर्न- 6-8 एक मोटे पैन में थोड़ा मक्खन गरम करें। मक्खन पिघलने लगे तो इसमें एक तेजपत्ता और लौंग डालें। अब इसमें सब्जियां भी मिलाएं। गाजर, बीन्स, मटर, स्वीट कॉर्न, मशरूम और ब्रोकली मिलने के लगभग 2-3 मिनट के लिए मध्यम आंच पर ढककर पकाएं। उबलते पानी के 3-4 कप डालें और 15-20 मिनट तक पकने दें।

# मंदिर जो दिन में दो बार गायब होता है

प्रिया मिश्रा

हम आपको भगवान शिव के एक ऐसे अनोखे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं जो दिन में दो बार गायब हो जाता है। जी हाँ, गुजरात में स्थित स्तंभेश्वर मंदिर को 'गायब मंदिर' भी कहा जाता है। देश-विदेश से शिव भक्त अपनी मनोकमना पूर्ण होने की कामना के साथ इस मंदिर में आते हैं। आइए जानते हैं भगवान भोलेनाथ के इस अद्भुत मंदिर के बारे में -

स्तंभेश्वर मंदिर गुजरात के जम्बूसार तहसील में कवि कंबोई गांव में स्थित है। यह मंदिर वडोदरा से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित होने के कारण वडोदरा के पास सबसे लोकप्रिय दार्शनिक स्थलों में से एक है। यह मंदिर लगभग 150 साल पुराना है और इसे 'गायब मंदिर' भी कहा जाता है।

**स्कंद पुराण में मिलता है उल्लेख**

स्कन्द पुराण में दिए गए उल्लेख के अनुसार स्तम्भेश्वर मंदिर को भगवान कार्तिकेय के ताड़कासुर नाम के राक्षस को नष्ट करने के बाद स्थापित किया था।

कहा जाता है कि राक्षस ताड़कासुर भगवान शिव का बहुत बड़ा भक्त था। उसने भगवान को प्रसन्न करने के लिए



घोर तपस्या कीऔर भोलेनाथ ने उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर उसे एक वरदान मांगने को कहा। तब ताड़कासुर ने आशीर्वाद माँगा कि भगवान शिव के छह दिन के पुत्र के अलावा कोई भी उसे मार न सके। उसकी इच्छा पूरी होने के बाद, ताड़कासुर ने तीनों लोकों में हाहाकार मचा दिया। तब ताड़कासुर के अत्याचार को समाप्त करने के लिए भगवान शिव ने अपने तीसरे नेत्र की ज्वाला से भगवान कार्तिकेय की रचना की। ताड़कासुर को मारने वाले भगवान कार्तिकेय भी उसकी शिव भक्ति से प्रसन्न थे। इसलिए, प्रशंसा के संकेत के रूप में, उन्होंने उस स्थान पर एक शिवलिंग स्थापित किया जहां ताड़कासुर का वध किया गया था।

एक अन्य संस्करण के अनुसार, ताड़कासुर को मारने के बाद भगवान कार्तिकेय खुद को दोषी महसूस कर रहे थे क्योंकि ताड़कासुर राक्षस होने के बाद भी भगवान शिव का भक्त था। तब भगवान विष्णु ने कार्तिकेय को यह कहते हुए सांत्वना दी कि आम लोगों को परेशान करके रहने वाले राक्षस को मारना गलत नहीं है। हालाँकि, भगवान कार्तिकेय शिव के एक महान भक्त को मारने के अपने पाप से मुक्त होना चाहते थे। इसलिए, भगवान विष्णु ने उन्हें शिव लिंग स्थापित करने और क्षमा के लिए प्रार्थना करने की सलाह दी।

**मंदिर के गायब होने की वजह**

स्तंभेश्वर मंदिर के गायब होने के पीछे की वजह प्राकृतिक है। दरअसल, यह मंदिर समुद्र के किनारे से कुछ मीटर की दूरी पर स्थित है। इसलिए दिन में समुद्र का स्तर इतना बढ़ जाता है कि मंदिर जलमग्न हो जाता है। फिर कुछ जो देर में जल का स्तर घट जाता है जिससे मंदिर फिर से दिखाई देने लगता है से प्रकट होता है। चूंकि समुद्र का स्तर दिन में दो बार बढ़ जाता है इसलिए मंदिर हमेशा सुबह और शाम के समय कुछ देर के लिए गायब हो जाता है। इस नजारे को देखने के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से इस मंदिर में आते हैं।

# कोई प्रजा नहीं

सुधांशु कुमार

**गौर** करें कि यहां पंचायती का मतलब यह नहीं कि प्रभाव तो गांव में होना है; सोचने, योजना बनाने और क्रियान्वयन के तरीके कहीं और...केन्द्र में तय हों। इस पर भी घोषणा और अपेक्षा की लोगों को सहभागी बनाना है। यह तो सिद्धांततः उलट बात है। यही तो हमारे संसदीय गणतंत्र में कमी है। हमें एकमत होना होगा कि पंचायती का मतलब, केन्द्र से सोची और उतारी गई योजनाओं को क्रियान्वित करने वाली एजेन्सी हो जाना नहीं है। पंचायती मतलब सत्ता का प्रधान-पंच के हाथ में आ जाना भी नहीं। कार्य विशेष के लिए बैठी सभा, कार्य सम्पन्न होने के साथ ही विसर्जित हो गई। गांव की आय में किसका कितना अंश... गांव के पुरोहित-कारीगर का कितना; व्यवस्था संचालकों को कितना ? सब कुछ परम्परा से तय था। अंश प्राप्तकर्ता को मांगने नहीं आना पड़ता था। अंश को एकत्र करना; उसके प्राप्तकर्ता तक पहुंचाना भी गांव द्वारा तय ग्रामणी का काम। नेतृत्व से लेकर निर्णय तक सभी कुछ सामिलात, सर्वसम्मत, सम्भावी, स्वावलम्बी, न्यायप्रिय।

पंचायती लोकतंत्र का मतलब, अपने बारे में खुद सोचने, खुद नियोजित करने और खुद ही उसका क्रियान्वयन करने वाली व्यवस्था। क्रियान्वयन करने वाले हाथ, जवाबदेही, संसाधन भी उसी स्थान के हों, जिस भूगोल पर उसका सीधे-सीधे प्रभाव होना है; चाहे फिर वह गांव हो या नगर। यही तो असली आजादी थी; असली स्वराज। आखिरकार, यही तो वह व्यवस्था थी, जिसे भारत की सुख, समृद्धि और स्वतंत्रता का अधिकतर श्रेय देते हुए ब्रिटिश गवर्नर चार्ल्स मेटकाफ ने लिखा था - "ये गांव समाज छोटे-छोटे ऐसे प्रजातंत्र हैं, जिन्हे अपनी आवश्यकता की लगभग हर वस्तु अपने ही भीतर मिल जाती। एक गणतंत्र के रूप में भारत सात दशक पूरा करना जा रहा है। आइए, संविधान दिवस के अवसर पर हम, भारत की जनता इस पर विचार करें।

# भारत के संविधान में राम- कृष्ण

मनोज शर्मा

**भारत** के संविधान की मूल प्रति में राम, कृष्ण और नटराज के चित्र क्यों हैं। यही नहीं, हमारे संविधान की मूल प्रति पर शांति का उपदेश देते हुये भगवान बुद्ध भी और पूर्व सभ्यता के प्रतीक मोहन जोदड़ों के चित्र भी हैं जो अब कायदे से पाकिस्तान के अंग है। हिन्दू धर्म के एक और अहम प्रतीक अष्ट कमल भी संविधान की मूल प्रति पर हर जगह मौजूद हैं। पूरा मुखपृष्ठ ही कमल दल को संजोकर बनाया हुआ है क संविधान की मूल प्रति में मुगल बादशाह अकबर भी दिख रहे हैं और सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह भी वहां मौजूद हैं। मैसूर के सुल्तान टीपू और 1857 की वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई के चित्र भी संविधान की मूल प्रति पर उकेरे गए हैं। तो राष्ट्रपति जी पर सवालिया निशान खड़े करने वाले जान लें कि हमारा संविधान नास्तिक भारत के निर्माण की वकालत तो कदापि नहीं करता। ये विक्षिप्त मानसिकता के तत्व यह भी कह रहे हैं कि राष्ट्रपति कोविंद ने देश के पहले राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद का अनुसरण किया तो यह तो बहुत अच्छा ही किया है । डा. राजेन्द्र प्रसाद 1951 में जब सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण पूरा हुआ तो खुद इसका उद्घाटन करने के लिए गए थे, हालांकि तब के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को यह पसंद नहीं आया था



और उन्होंने खुले तौर पर विरोध भी किया था । राजेन्द्र बाबू, नेहरु जी और सोमनाथ मंदिर का उदाहरण देने वाले अपना इतिहास का ज्ञान थोड़ा सा दुरुस्त कर लें। जो नेहरु जी आपत्ति जता रहे थे राजेन्द्र बाबू के सोमनाथ मंदिर जाने पर वे स्वयं दिल्ली में हजरत बख्तियार काकी की दरगाह की मरम्मत के लिए तो कभी पीछे नहीं हटे थे। फिर वे आगे चलकर वहां जाने भी लगे फूल वालों की सैर कार्यक्रम में भाग लेने के लिए। ये थी नेहरु जी की धर्मनिरपेक्षता। सोमनाथ मंदिर तो मुगल आक्रांताओं द्वारा कई बार तोड़ा गया था क लेकिन, इसके पुनरोद्धार के लिये नेहरु ने तो कभी 50 रुपए भी नहीं किये थे क कहां सोमनाथ और कहाँ एक मामूली शख्श की कब्र ? इसी से साबित हो जायेगा कि नेहरु और उनके चेलों की धर्मनिरपेक्षता का दोगला चरित्र कैसा है ? क्या उन्हें मालूम है कि दिल्ली में विगत 50 सालों में बने भव्य मंदिरों में छतरपुर में स्थित आद्या कात्यानी शक्ति पीठ मंदिर की स्थापना में उन्हीं इंदिरा जी का आशीर्वाद था। ये मां दुर्गा के कात्यायनी रूप को समर्पित मंदिर है। इसका शिलान्यास सन 1974 में किया गया था। इसकी स्थापना कर्नाटक के संत बाबा नागपाल जी ने की थी। यह मंदिर 70 एकड़ में फैला है। कहते हैं कि ये संसार के सबसे विशाल मंदिरों में से एक है। अगर इंदिरा जी इस मंदिर के निर्माण से जुड़ी थीं तो इसमें कोई अपराध तो वह नहीं कर रही थीं। कांचीपीठ के शंकराचार्य चन्द्रशेखरानन्द सरस्वती (जयेन्द्र सरस्वती के गुरु) के आशीर्वाद लेती रहती थीं।

और जो राजेन्द्र बाबू के सोमनाथ मंदिर में जाने को बार-बार मुद्धा बनाते हैं, वे जान लें कि उन्हीं की पहल पर राष्ट्रपति भवन परिसर के भीतर मंदिर और मस्जिद दोनों ही का निर्माण हुआ था। चूंकि राष्ट्रपति भवन से सटे ही हैं चर्च और गुरुद्वारा इसलिए इनके निर्माण की जरूरत महसूस नहीं की गई होगी। राजेन्द्र बाबू और उनकी पत्नी श्रीमती राजवंशी देवी प्रसाद दिवाली, ईद, क्रिसमस, बाबा नानक जन्म दिन आदि त्यौहार पूरे राष्ट्रपति भवन के सैकड़ों कर्मचारियों के साथ मनाते थे।

# काक की धाक

नये साल की पहली भोर ही मन को उदास कर गयी। काक नहीं रहे। सात जुलाई, 1967 से बिना नागा हर रोज एक कार्टून बनाने वाले कार्टूनिस्ट काक इस फानी दुनिया से अलविदा कह गये। उन्नाव के पुरा गांव के स्वतंत्रता सेनानी शोभ शुक्ल की पांचवीं संतान हरीश चन्द्र शुक्ला (दुनिया में काक नाम से पहचान) को सातवीं कक्षा में उनके पेंसिल से खौ-खौ करते बंदर के बनाये गये चित्र, जो चित्र कम कार्टून ज्यादा था, को कला अध्यापक जगदम्बा सिंह द्वारा दिये गये ह्यगुडह्ल ने उन्हें स्कैच बनाने को प्रेरित किया। फिर कापी पर पेंसिल से स्कैच करना उनके जीवन का परम सुख बन गया।

सातवीं कक्ष में बनाया गया वह बंदर और उसकी शरारतें, कारस्तानियां हरीश के मस्तिष्क में इतने गहरे पैठ गयीं कि काक बनने पर भी वह बंदर स्मृति से विस्मृत नहीं हुआ बल्कि और ज्यादा शिद्दत से उभरा। काक के कार्टूनों के प्रिय पात्र जो गली का फक्कड़ बुड्ढा रहा, जो देश-दुनिया की हर घटना पर आम आदमी के मन की बात होती है, उसे कहने में गुरेज नहीं करता। उसे जरा गौर से देखियेगा, उसके पार्श्व में कहीं न कहीं वह बंदर दिखाई दे ही जाता है। पढ़ाई-लिखाई पूरी कर कानपुर के ही एक सरकारी प्रतिष्ठान में नौकरी मिलने और फिर दाम्पत्य जीवन में बंध जाने के बावजूद उनका कार्टून बनाने का शौक बदस्तूर जारी रहा। नित्य के दायित्वों को निभा जैसे ही फुरसत पाते, बस पेंसिल उठाकर स्कैच करने बैठ जाते। पहला कार्टून छपने के डेढ़ साल बाद सीमांत गांधी खान अब्दुल गफ़्फार खान भारत आये। शुक्ला जी ने पेंसिल उठाई और कार्टून बनाया। जिसमें सीमांत गांधी की बड़ी छवि बनाते हुए उनका स्वागत करते नेताओं को बहुत छोटा-छोटा दिखाया गया था। यह कार्टून दैनिक जागरण के संपादक नरेंद्र मोहन को दे आये। कार्टून गजब था और संपादक पारखी। उन्होंने कार्टून को 7 जुलाई, 1967 को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया।

संयोग देखिये, उसी दिन हरीश चंद्र शुक्ला के पहले बेटे का जन्म हुआ। सारा घर-परिवार खुश कि घर में नन्हा शिशु आया है लेकिन उनके लिये यह यक्ष प्रश्न अपने आप से कि वह पुत्र आगमन से खुश हैं या अपना कार्टून छपने से। बहरहाल सात जुलाई 1967, काटूनों की दुनिया में ऐतिहासिक दिन बन गया, उसी दिन जाने माने कार्टूनिस्ट काक का नामकरण हुआ। उस दिन हरीशचंद्र शुक्ला नेपथ्य में चले गये और सामने थे काक, जिन्हें सारा देश इसी नाम से पहचानता हैं। स्वयं काक साहब भी इसी नाम से पुकारे जाने के हामी थे। उन्होंने खुद से संकल्प किया कि जब तक जीवन है, वह हर रोज कार्टून बनायेंगे। इन 58 साल में एक भी दिन ऐसा नहीं जब काक साहब ने कार्टून न बनाया हो। काक की संकल्प शक्ति को क्या कहियेगा, कोरोना संकट में वे हर रोज कार्टून बनाते रहे।

इस तरह काक ने काटूनों की दुनिया में ऊंची उड़ान भर दी। एक से एक नुकीला, चुभता हुआ, गुदगुदाता हुआ कार्टून हिंदी के तमाम अखबारों में दिखने लगा। कानपुर से दैनिक जागरण, आज, जयपुर में राजस्थान पत्रिका, चंडीगढ़ में हिंदी ट्रिब्यून में काक के कार्टून उड़ान भर रहे थे। बात को बेहद सलीके से अपने प्रिय पात्र बुड्ढे के जरिये कहते थे।

# श्रम बाजार में महिलाओं की स्थिति

अन्नू अंबालिका

**इंटरनेशनल** लेबर ऑर्गनाइजेशन द्वारा 2024 में प्रकाशित एक रिपोर्ट से पता चलता है कि, वैश्विक स्तर पर, महिलाएं घरेलू देखभाल के काम के कुल घंटों का 76.2% करती हैं, जो पुरुषों की तुलना में तीन गुना अधिक है। एशिया और प्रशांत में, यह आंकड़ा 80% तक बढ़ जाता है। उत्तरी अमेरिका और यूरोप में महिलाओं के आंदोलन ने गृहकार्य के लिए मजदूरी की मांग उठाई है। सामाजिक और राजनीतिक समानता के लिए अन्य मांगों के साथ-साथ, महिलाओं के अधिकार प्रचारकों ने घरेलू महिलाओं के गृहकार्य और बाल देखभाल के रोजमर्रा के कार्यों का अब वैधानिक तौर पर मांग के लिए प्रचार किया है। ऐसा करने में, उन्होंने इस धारणा को चुनौती दी कि गृहकार्य महिलाओं की आवश्यक प्रकृति में निहित थी।

1960 और 1970 के दशक की अग्रणी महिला अधिकार कार्यकताओं के लिए, इस मिथक को तोड़ना महत्वपूर्ण था कि घर में महिलाओं का काम पूंजीवादी उत्पादन की बिना किसी शर्त के एक व्यक्तिगत सेवा थी।महिलाओं के खाना पकाने, सफाई, कपड़े धोने, इस्त्री करने के कपड़े, दोपहर के भोजन के बक्से पर श्रम शक्ति एक दुकान या विधानसभा लाइन में दैनिक खपत के बराबर होती है. घर में मुफ्त सेवाएं प्रदान करके महिलाओं के 'वास्तविक कार्य' या सामाजिक अनुबंध के रूप में देखने से रोक दिया। हमारे समाज ने चुपचाप यह निर्णय लिया है कि घरेलू काम महिलाओं की जिम्मेदारियों और गतिविधियों के क्षेत्र से संबंधित हैं। यह भी निर्धारित किया है कि यह काम कोई आर्थिक मूल्य नहीं लेगा। लेकिन ऐसा क्यों होना चाहिए? भारत के सामाजिक-आर्थिक नीति ढांचे में महिलाओं द्वारा किए जाने वाले घरेलू कामों और खेत श्रम को क्यों स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए? सरकार देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को बनाने में महिलाओं की भूमिका को नहीं माप कर लैंगिक भेदभाव कर रही है। भारत की जनगणना भिखारियों और छात्रों के साथ गैर-कामकाजी आबादी में घरेलू काम रखती हैं। जनगणना 2011 में गैर-कार्यशील आबादी की संख्या 728.9 मिलियन थी। आधिकारिक परिभाषा कहती है कि ये वे लोग हैं जिन्होंने किसी समय अवधि में किसी भी प्रकृति का काम नहीं किया था। इनमें से 165.6 मिलियन लोगों का मुख्य काम घरेलू जिम्मेदारियों का निर्वहन था, वे ज्यादातर 96.5 प्रतिशत या 159.9 मिलियन महिलाएं हैं।

इस कार्य को न केवल पहचानने की एक स्पष्ट और वर्तमान आवश्यकता है, बल्कि इसका पुनर्वितरण भी करना जरूरी है। एक परिवार के सदस्यों के बीच घरेलू कर्तव्यों को साझा किया जाना चाहिए। माउंटेन रिसर्च एंड डेवलपमेंट जर्नल में 2011 में प्रकाशित अध्ययन, जिसका शीर्षक है घरेलू भोजन और आर्थिक सुरक्षा के लिए महिला का योगदान में पर्वतीय क्षेत्र की महिलाओं के बारे बताया कि उन्होंने कोई काम नहीं किया। हालांकि, जब उनकी गतिविधियों का विश्लेषण किया गया, तो यह देखा गया कि जब क्षेत्र के पुरुष औसतन नौ घंटे काम करते थे, तब महिलाएं 16 घंटे तक मेहनत करती थीं।

ये कार्य जो महिलाओं की ज़िम्मेदारी का हिस्सा है जो मानव जीवन को बनाए रखता है और श्रम शक्ति को पुनः पेश करता है, को हमेशा की तरह दबाया जाता है।

यह उल्लेखनीय है कि भारत में घरेलू श्रम के सवाल पर एक महत्वपूर्ण अभियान चल रहा है। ये मुख्य रूप से महिलाएं हैं जो 'महिलाओं के काम' करती हैं, लेकिन अन्य लोगों के घरों में। न्यूनतम मजदूरी की गारंटी दी जाए, और श्रमिकों की स्थिति और अधिकारों की रक्षा की जाए।

**राज्य द्वारा होमवर्क को मान्यता देने की मांग महत्वपूर्ण है।**

गृहकर के मूल्य को कैसे और किस तरह मापे के सवाल पर तमिलनाडु और अन्य जगहों की महिला घरेलू कामगारों और उनकी ट्रेड यूनियनों ने गंभीरता से ध्यान दिया है। उनकी मांगों में एक घंटे की न्यूनतम मजदूरी, एक साप्ताहिक दिन बंद, एक वार्षिक बोनस और कार्यक्षेत्र में उनकी शारीरिक स्वायत्तता की सुरक्षा शामिल है। यह एक ऐसा एजेंडा है, जिसे सभी पार्टियां और न सिर्फ अपने चुनावी घोषणापत्र में शामिल कर सकती हैं, बल्कि उन्हें पहचानने और होमवर्क के जनादेश को गंभीरता से लेकर उन्हें राजनितिक रूप से मजबूत कर सकती है।

# हेलमेट पहनिये हुजूर... नहीं तो यमलोक जाने को तैयार रहिये

- यातायात नियमों के उल्लंघन पर 'यमराज' ने दी चेतावनी
- फूल, माला पहनाकर चालकों से की गयी नियमों के पालन की अपील
- 31 तक परिवहन विभाग और यातायात पुलिस चलायेगी सड़क सुरक्षा अभियान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कॉस्मोपॉलिटन सिटी जमशेदपुर इन दिनों उन लापरवाह बाइक अथवा कार चालकों को लेकर रोज शर्मिंदा हो रही है जो बाइक चलाते वक्त न तो हेल्मेट पहनते हैं, और कार चलाते वक्त सीट बेल्ट नहीं बांधते। यहां के लोग कितने लापरवाह और थेथर हो गए हैं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यातायात पुलिस हर माह 15 लाख से 18 लाख रुपये जुर्माना वसूलती है, फिर भी लोग हैं कि मानते नहीं। ऐसे में अब हार कर यमराज सड़क पर उतर कर ऐसे लापरवाह चालकों को घिघिया कर आग्रह कर रहे हैं, हे प्रभु हेल्मेट पहनिए, सीट बेल्ट बांधियें, काहें सड़क दुर्घटना में असमय जान गवां कर यमलोक में भीड़ बढ़ाना चाहते हैं। यातायात सुरक्षा नियमों का पालन कर अपने परिवार के साथ-साथ यमलोक पर कृपा करिए।

गत 01 जनवरी 2025 से आगामी 31 जनवरी 2025 तक जिला में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार जिला परिवहन कार्यालय एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाते हुए वाहन चालकों को यातयात नियमों को लेकर जागरूक किया गया।

इस अभियान के तहत जुबली पार्क के आसपास एवं शहर के सभी ट्रैफिक चेकिंग स्थलों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को यमराज ने चेतावनी दी तथा सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा के महत्व को बताया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय, ट्रैफिक डीएसपी नीरज कुमार, एमवीआई सूरज हेंब्रम, निशांत महतो और श्री ईश्वर लाल साव तथा सभी ट्रैफिक थाना प्रभारी एवं डीआरएसएम श्री प्रकाश कुमार गिरी, सड़क अभियांत्रिक विश्लेषक नवीन कुमार ने अलग-अलग जांच स्थलों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों को माला पहनाकर एवं गुलाब का फूल देकर शर्मिंदगी महसूस करायी।

**...और सक्रिय हुए यमराज :** अभियान के दौरान यमराज ने मैसेज देने का प्रयास किया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। चार पहिया या भारी वाहनों में सीटबेल्ट का प्रयोग, सड़क पर निर्धारित गतिसीमा में ही वाहन चलाने, ओवरलोड नहीं करने व यातायात नियमों का पालन करें। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं के कारणों से अवगत कराया। इस दौरान सिटी इन होटल, पारडीह व डिमना चौक के आसपास के क्षेत्र में सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग के विरुद्ध अभियान चलाया गया।



बिना हेलमेट के चालक को फूल देकर शर्मिंदा करते डीटीओ-डीएसपी और उसके सिर पर सवार यमराज।

**बिना हेलमेट और अंडर एज ड्राइविंग से बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं :** आजकल कम उम्र के बच्चे बिना लाइसेंस-हेलमेट के वाहन चलाते हैं, जो अपराध है। वे एक हाथ से बाइक की हैंडल और दूसरे हाथ में मोबाइल से बातें करते हुए देखे जाते हैं, जो दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण है। ड्राइविंग के दौरान हेडफोन पर गाने सुनना भी दुर्घटनाओं को आमंत्रित करने जैसा है। जमशेदपुर डीटीओ धनंजय कुमार और सरायकेला डीटीओ गिरिजाशंकर महतो ने लोगों से अपील की है कि बच्चों को बाइक न दें।

## कांड्रा चौक पर सरायकेला डीटीओ ने चलाया जागरुकता अभियान

**कांड्रा।** सड़क सुरक्षा माह के तहत शुक्रवार को सरायकेला-खरसावां डीटीओ गिरजा शंकर महतो ने कांड्रा चौक पर बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के वाहन चालकों को गुलाब देकर उन्हें उनकी गलतियों का आभाष दिलाया। साथ ही भविष्य में बिना हेलमेट बाइक ड्राइविंग न करने की सलाह दी गयी और उन्हें उन्मुख किया गया। वहीं दूसरी ओर बाइक में हेलमेट रहते हुए भी ड्राइविंग के दौरान हेलमेट नहीं पहनने पर उन्हें चेतावनी दी गयी और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्माना के प्रावधान से उन्हें वाकिफ कराया गया। चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट के प्रयोग पर ध्यान देते हुए चालकों को दुर्घटनाओं से अवगत कराया गया। बिना हेलमेट तकरीबन 80 बाइक सवारों को रोककर सड़क सुरक्षा के नियमों से उन्हें भली भांति अवगत कराया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी सरायकेला खरसावां गिरजा शंकर महतो एवं मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर रवि प्रसाद, दिलीप कुमार एवं सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य भी थे।



## स्पीड न्यूज



### जमशेदपुर एफसी और बेंगलुरु एफसी के बीच मुकाबला आज

**जमशेदपुर।** इंतजार लगभग खत्म होने वाला है। स्टील सिटी में उत्साह का माहौल होगा, जब जमशेदपुर एफसी 4 जनवरी को शाम 7:30 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के मुकाबले में बेंगलुरु एफसी से भिड़ेगी। पहले से ही 16,000 टिकट बिक चुके हैं, और यह रोमांचक मुकाबले के लिए मंच तैयार है जो प्रशंसकों के लिए यादगार अनुभव होने का वादा करता है। मेन ऑफ स्टील वर्तमान में आईएसएल तालिका में पांचवें स्थान पर हैं, अपनी जीत की राह जारी रखने और अंक तालिका में ऊपर चढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। उनके सामने बेंगलुरु एफसी है, जो वर्तमान में दूसरे स्थान पर है और उनके पास भारतीय फुटबॉल के दिग्गज सुनील छेत्री जैसे खिलाड़ी हैं। स्टील डर्बी मुकाबला एक बेहतरीन और करीबी मुकाबला होने की उम्मीद है, जिसमें दोनों टीमें सभी तीन अंक हासिल करने के लिए उत्सुक होंगी।

### मानगो गुरुद्वारा रोड में फोन छीन भागे उचक्के

**जमशेदपुर।** मानगो गुरुद्वारा रोड़ के रहने वाले मुकेश पांडे के रिश्तेदार आदर्श पांडे अपने बहन के घर आए हुए थे। घर के कुछ ही दूर आगे मुंशी मोहल्ला के समीप फोन में बात करते हुए टहल रहे थे किसी बीच दो अपराधी आए और आदर्श पांडे का मोबाइल छीनकर भागने लगें। जब आदर्श ने इसका विरोध किया तो लोगों ने हथियार के साथ आदर्श पर हमला कर दिया और मोबाइल लेकर फरार हो गया। घटना घटते ही मुकेश पांडे ने पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह को दी। विकास इसकी सूचना मानगो थाना प्रभारी को देते हुए कार्यवाही की मांग की।

### श्री-श्री चैतन्य वेलफेयर ट्रस्ट ने डोमजुड़ी में लगाया नेत्र शिविर




**जादूगोड़ा।** श्रीश्री चैतन्य वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष लखी दास की अगुवाई में नरवा पहाड़ स्थित डोमजूडी ग्राम में आज शुक्रवार को नेत्र जांच शिविर आयोजित की गयी। इधर इस नेत्र जांच शिविर में ग्राम मे भारी संख्या में लोगों ने अपनी आंख की जांच करायी। इस दौरान जांचोपरांत 10 लोगों का मोतियाबिंद शिकायत हेतु उन्हें अपरेशन के लिए चयन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नेत्र डॉक्टर अजय कुमार समेत ट्रस्ट के अध्यक्ष लक्खी दास, सचिव शंकर दास, संस्थापक सदस्य तापस कुमार दास, प्रभाकर दास, धनु राज हेंब्रोम, बबलू दास ने अहम योगदान दिया।

# कचरा उठाव ठप, नगर निगम पर लाल हो रहे एमपी-एमएलए

- सरयू राय मिले पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त से, दी चेतावनी
- सांसद विद्युतबरण महतो ने नगर उप-आयुक्त के साथ की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





डीसी मिल कर लौटते विधायक सरयू राय और सर्किट हाउस में मानगो नगर निगम के सुरेश यादव एंड टीम संग बैठक करते सांसद विद्युतबरण महतो।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त के साथ जमशेदपुर शहर की समस्याओं को लेकर बैठक की तो सांसद विद्युतबरण महतो ने सर्किट हाउस में मानगो नगर निगम के उप-नगर आयुक्त श्री यादव के साथ बैठककर मानगो में कचरा निष्पादन की समस्या के समाधान के आवश्यक निर्देश दिये।

डीसी के साथ सरयू राय के बैठक का मुख्य मुद्दा मानगो नगर निगम क्षेत्र का कचरा निष्पादन की समस्या था। विधायक श्री राय ने उपायुक्त से इस समस्या का शीघ्र निदान करने की मांग की और कहा कि इस बारे में मानगो की जनता का धैर्य टूटने की कगार पर पहुंच गया है। दो दिनों के भीतर अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मानगो की जनता सीधी कार्रवाई पर उतरने के लिए विवश हो जायेगी।

सरयू राय ने उपायुक्त से कहा कि मानगो नगर निगम द्वारा प्रयास किये जाने के बावजूद रोज निकल रहे कचरा का पूरा उठाव नहीं हो पा रहा है। यही वजह है कि मानगो नगर निगम क्षेत्र में जगह-जगह कचरा भरा पड़ा है। जिस तरह से जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र का कचरा टाटा स्टील के बारा कॉम्प्लेक्स में गिराया जा रहा है, उसी प्रकार मानगो नगर निगम का कचरा भी बारा कम्प्लेक्स में गिराया जाये। 2010-11 से जेनएसी और मानगो का कचरा बारा में गिरता था। बाद में टाटा लीज की जमीन पर ही मरीन ड्राइव के किनारे मानगो और जेएनएसी का कचरा टाटा स्टील की सहमति से गिरने लगा। रिहायशी इलाका के बीच होने के कारण तथा कचरा ढेर में आग लगते रहने के कारण एनजीटी ने अप्रैल 2023 में हस्तक्षेप किया तो जेएनएसी का कचरा बारा कॉम्प्लेक्स में गिरने लगा और मानगो की समस्या को वैसे ही छोड़ दिया गया। अब यह आप पर (उपायुक्त) है कि टाटा स्टील से वार्ता कर यह सुनिश्चित करायें कि मानगो का कचरा भी वहीं गिरेगा, जहां जेएनएसी का गिर रहा है।

श्री राय ने कहा कि टाटा स्टील मानगो के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी से भाग नहीं सकता। मानगो के साथ टाटा स्टील का अटूट संबंध है। इस संबंध पर आंच नहीं आनी चाहिए. जेएनएसी के वार्ड 7, 8, 9 से ही एमएनएसी बना है। डिमना रोड, मानगो चौराहा, डिमना चौराहा, एमजीएम कॉलेज, पानी का पाईपलाइन, हजार से अधिक टाटा स्टील कर्मियों का निवास मानगो में होना आदि टाटा स्टील और मानगो के बीच सक्रिय संबंध के उदाहरण हैं। इस प्रकार जेएनएसी के साथ साथ मानगो नगर निगम का भी टाटा स्टील की जनसुविधा संरचनाओं पर अधिकार बनता है। इसे ध्यान में रखते हुए उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम मानगो के कचरा प्रबंधन के लिए टाटा स्टील के बारा कॉम्प्लेक्स में स्थान सुनिश्चित कराना चाहिए।

## एक नजर में

### अधिवक्ता सुनील का लेखन अनुकरणीय : गोप



**जमशेदपुर।** झारखंड के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक तथ्यों पर आधारित पुस्तक के लेखक, आदिवासी कुड़मी समाज महासचिव एवं जिला बार एसोसिएशन के सदस्य अधिवक्ता सुनील गुलिआर को शुक्रवार को वरीय अधिवक्ताओं ने सम्मानित किया। पूर्व लोक अभियोजक पीएन गोप पूर्व संयुक्त सचिव मलकीत सिंह सैनी, पूर्व संयोजक सचिव मोहम्मद कासिम एवं वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने बसंती चोला ओढ़ाकर सम्मानित किया। वरीय अधिवक्ता पीएन गोप के अनुसार पांच साल के कठिन परिश्रम एवं जटिल प्रक्रिया से गुजरते हुए लेखक सुनील गुलिआर ने वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित पुस्तक लिखी है जो सभी के लिए अनुकरणीय है। अधिवक्ता सुधीर पप्पू के अनुसार झारखंड सरकार को चाहिए कि वह उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम में इसे शामिल करे जिससे झारखंड की सभ्यता संस्कृति एवं उत्तरोत्तर विकास से प्रांत के बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता, शोधकर्ता के साथ भावी पीढ़ी अवगत हो सके। बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष जेपी भगत, एनके मिश्रा, दीना प्रसाद, मोहनीश पाण्डेय, कुलविंदर सिंह, श्रीकांत सिंह, राहुल राय आदि अधिवक्ता थे। सुनील के अनुसार पांच साल की अथक परिश्रम से 'वृहद छोटानागपुर के आदि-बुनियाद' नामक पुस्तक लिखी है। इसमें वृहद छोटानागपुर कृषि सभ्यता का विकास और इसमें विशेषकर टोटेमिक कुड़मी समुदायों के द्वारा प्रारंभिक योगदान का विवरण है।

### इनर व्हील क्लब ने मस्ती की पाठशाला बागुनहातु में मनायी क्रिसमस



**जमशेदपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट के सदस्यों ने पीपी इरा के निवास परनया साल और क्रिसमस मनाया। क्लब की अध्यक्ष मधुमिता सान्याल के द्वारा लाया गया केक काटा। और पीपी इरा ने व्यवस्थित विभिन्न स्वादिष्ट स्नैक्स खाये। सदस्यों ने सुंदर क्रिसमस विशेष पोशाक पहनकर बहुत उत्साह से भाग लिया। इस अवसर पर इनर व्हील को जानने के लिए दो संभावित सदस्यों को आमंत्रित किया। वे बहुत खुश हुए और उन्होंने इसका भरपूर आनंद लिया। उसके बाद सभी ने मिल कर मस्ती की पाठशाला, बागुनहातु, बारिडीह मे 150 लड़कियों के साथ क्रिसमस और नया साल 2025 मनाया। इनर व्हील क्लब का मानना है कि 'क्रिसमस सबसे सच्चा क्रिसमस तब होता है जब हम इसे प्यार और देखभाल की रोशनी देकर मनाते हैं, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है।' मस्ती की पाठशाला बागुनहातु में रहने वाली 150 वंचित बेघर लड़कियों के साथ क्रिसमस को बहुत ही खास तरीके से मनाया। पीपी नीलिमा प्रकाश की बेटी हमारी प्यारी प्रिया उन लड़कियों के लिए असली सांता साबित हुईं। उन्होंने उन लोगों को गर्मजोशी, प्यार और देखभाल देने के लिए शॉल भेंट की, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। हमने केक काटा और नाचते-गाते बहुत खुश हुए। उनके मुस्कुराते चेहरे देखकर हम सभी भावुक हो गए। हमारे समाज के प्रति उनके इस नेक काम के लिए प्रिया को हमारी शुभकामनाएं और आशीर्वाद। आईपीपी सम्पा उपाध्याय, उपाध्यक्ष पूनम वर्मा, आईएसओ पीपी रमा खन्ना, पीपी नीलिमा प्रकाश, पीपी विनीता झा और पीपी अर्चना, बंदोपाध्याय ईरा, मधुमिता,संचिता, ड नीलम, सोनाली महंती, मधुमिता राय, लक्ष्मी आदि उपस्थित रहे। अर्चना जी धन्यवाद ज्ञापित किये।

## टेंपो चालक हत्याकांड में तीन धराये

**सोनारी**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस ने सोनारी कार्मेल स्कूल के पीछे 2 जनवरी को दिन दहाड़े एक टेम्पो चालक सूरज प्रमाणिक की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में मनोज जायसवाल उर्फ पगली, पिंटु सिंह उर्फ प्रकाश सिंह, विकास सिंह उर्फ होते शामिल हैं। 3 जिंदा कारतूस के साथ हत्याकांड में इस्तेमाल किया गया पिस्टल, दो मोबाइल फोन और स्कूटी पुलिस ने बरामद कर लिया है। सीनियर एसपी किशोर कौशल ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर यह हत्या हुई है। 2017 में ही इनके बीच झगड़ा हुआ था। तभी से तनाव था। कुछ दिनों पूर्व भी इनमें झंझट हुआ है। मनोज और पिंटु के विरुद्ध कोई मामला नहीं किन्तु विकास उर्फ होते पर कई मामले दर्ज हैं। संवाददाता सम्मेलन में सिटी एसपी कुमार शिवाशीष व अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## मरांग गोमके के नाम हुआ बिष्टुपुर एयरपोर्ट गोलचक्कर का नामकरण

- बिरसा सेवा दल ने बारीडीह गोलचक्कर के बाद फिर किया जबरन नामकरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



बिष्टुपुर गोलचक्कर का नामकरण कर नारेबाजी करते दिनकर कच्छप व साथी।

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को झारखंड पार्टी के संस्थापक एवं महान हॉकी खिलाड़ी स्व जयपाल सिंह की मुंडा की जयंती के अवसर पर बिरसा सेना ने अप्रत्यासित कदम उठाते हुए जमशेदपुर शहर के दो नामी गोलचक्करों पर जबरन स्टील का बोर्ड लगा कर उसका नामकरण स्व. जयपाल सिंह मुंडा चौक कर दिया। इस दौरान बढ़ते बवाल को देखते हुए क्यूआरटी पहुंची और बिरसा सेना के सदस्यों को शांतिपूर्ण ढंग से वहां से हटाया। शहर में नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराने वाली कंपनी टाटा स्टील यूआइएसएल ने इस प्रत्यासित कदम पर प्रशासन का ध्यान दिलाते हुए कड़े कदम उठाने का आग्रह किया है। दूसरी ओर, सोनारी एयरपोर्ट गोलचक्कर पर भी आदिवासियों के एक समूह ने अचानक वहां स्व. जयपाल सिंह मुंडा चौक का बोर्ड लगा दिया। इस दौरान स्थानीय गैर आदिवासी समुदाय आगया और इस कदम का विरोध किया। दोनों पक्षों में जम कर तू-तू मैं-मैं हुआ किन्तु प्रशासन की सक्रियता से किसी तरह का टकराव बच गया।

## पूर्व सिविल सर्जन डॉ ए के लाल लंबी सेवा के बाद स्वास्थ्य विभाग से हुए सेवानिवृत

- डॉ लाल साहब हमेशा मेरे लिए मार्ग दर्शक के रूप में थे : सी एस डॉ साहिर पाल
- सदर अस्पताल का सफल संचालन डॉ लाल साहब का देन : डॉ जुझार मांझी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


**जमशेदपुर/पोटका।** सिंहभूम के पूर्व सिविल सर्जन डॉ ए के लाल के अवकाश प्राप्त होने पर सिविल सर्जन कार्यालय खाशमहल के सभागार में एक बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ ए के लाल सह पत्नी पूनम लाल के साथ उपस्थित थे। सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल सहित अन्य चिकित्सक तथा कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ तथा माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। तदोपरांत सभी ने डॉ लाल को उपहार भेंट किया। मौके पर बतौर अतिथि डॉ ए के लाल ने सभी चिकित्सकों तथा कर्मचारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिस विषम परिस्थिति में मैं सेवानिवृत हुआ।



डॉ एके लाल को विदाई देते वर्तमान सिविल सर्जन डा साहिर पाल। साथ में डॉ जुझार मांझी।

## समाजसेवी स्व केके सिंह की स्मृति में रेडक्रॉस का नेत्र ज्योति महायज्ञ आज से

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति वर्ष का पहला नेत्र शिविर रेडक्रॉस के पेट्रन व समाजसेवी स्व केके सिंह की स्मृति में नेत्र ज्योति महायज्ञ के रूप में आयोजित किया जाता है, जिस कड़ी में इस वर्ष 4 से 7 जनवरी तक नेत्र ज्योति महायज्ञ 2025 आयोजित हो रहा है, जो रेडक्रॉस सोसाईटी का 753वां नेत्र शिविर होगा। शिविर की शुरुआत मरीजों के रजिस्ट्रेशन के साथ 4 जनवरी को प्रातः 8 बजे होगी, जिसके साथ ही कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ 11 बजे होगा। समारोह में रेड क्रॉस की उपाध्यक्ष एवं एसडीओ शताब्दी मजूमदार, टाटा स्टील एवं निप्पन स्टील की संयुक्त उपक्रम जेसीएपीसीपीएल के प्रबंध निदेशक अभीजीत अविनाश नानोती, यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक प्रोजेक्ट्स एवं सीएसआर एमके सिंघाई, समाजसेवी एवं उद्योगपति रमेश अग्रवाल तथा राजस्थान सेवा सदन के अध्यक्ष दिलीप गोयल शिविर का उद्घाटन करेंगे।

### कल गम्हरिया में होगा तैलिक वैश्य महासभा का कोल्हान स्तरीय वनभोज कार्यक्रम



**गम्हरिया।** अखिल भारतीय तैलिक वैश्य महासभा के जिला कमेटी की ओर से आगामी रविवार, 5 जनवरी को वार्षिक वनभोज सह पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस समारोह में कोल्हान के तीनों जिले से करीब पांच हजार से अधिक समाज के लोग शिरकत करेंगे। यह जानकारी महासभा के जिला अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद साहू एवं युवा जिला अध्यक्ष दिनेश गोराई ने एक प्रेस वार्ता में संयुक्त रूप से दी है। उन्होंने बताया कि गम्हरिया के भामाशाह धर्मशाला सह आरोग्य गौशाला प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री एवं सरायकेला के भाजपा विधायक चंपाई सोरेन रहेंगे। विशिष्ट अतिथि जमशेदपुर पूर्वी विधायक पूर्णिमा दास साहू, भाजपा प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर अमित सिंह, एसिया अध्यक्ष इन्दर अग्रवाल, भाजपा एसटी मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बास्को बेसरा शिरकत करेंगे। मौके पर सत्यनारायण साहू, सुरेंद्र साहू, रूपलाल साहू, राजेश गुप्ता आदि थे।

## वेस्ट बोकारो में 13वें वार्षिक पुष्प-सब्जी प्रदर्शनी 2025 का उद्घाटन

- टाटा स्टील वेस्ट बोकारो कर रही है प्रदर्शनी की मेजबानी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





प्रदर्शनी का उद्घाटन करते टाटा स्टील के वीपी डीबी सुंदरामम। साथ में श्रीमती सुंदरामम व अन्य और शो का एक दृश्य।

**वेस्ट बोकारो/जमशेदपुर।** टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन की मेजबानी में 3 से 5 जनवरी तक टाटा स्टील स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, वेस्ट बोकारो में आयोजित 13वें वार्षिक पुष्प और सब्जी प्रदर्शनी का आज शुभारंभ हुआ।

डी बी सुंदरामम, वाइस प्रेसिडेंट, रॉ मटेरियल्स, टाटा स्टील ने डी बी शैलजा, अनुराग दीक्षित, जेनरल मैनेजर, वेस्ट बोकारो डिवीजन, टाटा स्टील, रक्षा दीक्षित, महेश प्रसाद, अध्यक्ष, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन, वेस्ट बोकारो और पी के सिंह, सचिव, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन, वेस्ट बोकारो, की उपस्थिति में इस प्रदर्शनी का फीता काटकर विधिवत उदघाटन किया।

मौके पर डी बी सुंदरा रामम, वाइस प्रेसिडेंट, रॉ मैटेरियल्स, टाटा स्टील ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने मानव जीवन में प्रकृति के महत्व को समझा और टाटा स्टील उससे मिले सबक को आगे बढ़ा रही है। आज, हम समुदाय और समाज के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां स्वच्छ वातावरण में रह सकें। आज इस प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों ने ऊर्जा संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग के बारे में बात की, जिससे पता चलता है कि बच्चे इन मुद्दों के बारे में कितने जागरूक हैं।

इस तीन दिवसीय आयोजन में विभिन्न संस्थानों, वेंडर पार्टनर्स, और विभिन्न स्कूलों के कुल 54 स्टॉल के साथ 7 फूड स्टॉल भी लगे हैं। कार्यक्रम में विभिन्न खास किस्मों के पुष्प, सब्जियों और पौधों को प्रदर्शित की गयी है। जिसमें सैंड पेंटिंग, रंगोली, स्केच पेंटिंग, कलर पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट और आस पास की नर्सरी के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। इसके साथ ही झारखंड की संस्कृति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी।

### गोइलकेरा : जगत मांझी के जनता मिलन में पेयजल और सड़क की समस्याएं आयी



**गोइलकेरा, प. सिंहभूम।** स्थानीय विधायक जगत माझी ने शुक्रवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड कार्यालय स्थित कक्ष में जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान दर्जनों ग्रामीणों ने विधायक से मिलकर व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं को प्रमुखता से रखा। करीब तीन घंटे से अधिक समय तक विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और समाधान का आश्वासन दिया। कुमदी गांव से आये सिला सोले जो एक दुर्घटना के बाद चलने फिरने में असमर्थ थे उन्हें तत्काल सीडीपीओ को निर्देश देकर बैशाखी उपलब्ध करायी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### पहले दिन का खेल खत्म, बुमराह-कोंस्टास की टक्कर से मैच हुआ रोमांचक, 176 रन पीछे आस्ट्रेलिया

# भारत पहली पारी में 185 पर ढेर

एजेंसी

**सिडनी।** बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के पांचवें टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को स्कॉट बोलैंड (चार विकेट), मिचेल स्टार्क (तीन विकेट) तथा पैट कमिंस (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर आस्ट्रेलिया ने भारत को पहली पारी में 185 रनों पर ढ़ेर करने के बाद दिन का खेल समाप्त होने के समय एक विकेट पर नौ रन बना लिये है। भारत के 185 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आस्ट्रेलिया ने दिन का खेल समाप्त होने के समय तीन ओवर में नौ रन पर एक विकेट गवां दिया। तीसरे ओवर में जसप्रीत बुमराह ने उस्मान ख्वाजा (दो) रन पर आउट कर भारत का पहली सफलता दिलाई। स्टंप के समय सैम कॉन्स्टास (नाबाद सात) क्रीज पर थे। इससे पहले शुक्रवार सुबह भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने 11 के स्कोर पर केएल राहुल (चार) का विकेट गवां दिये। उन्हें मिचेल स्टार्क ने कॉन्स्टास के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बोलैंड ने यशस्वी जयसवाल (10) को आउट कर भारत को दूसरा झटका दिया। शुभमन गिल (20) रन बनाकर आउट हुये। भारत का चौथा विकेट विराट कोहली (17) के रूप में गिरा। हालांकि इसके बाद ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा ने भारत की लड़खड़ाती पारी को संभाला। भारत ने चायकाल तक चार विकेट पर 107 रन बना लिये थे। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के बीच 48 रन की साझेदारी हुई है। यह भारतीय टीम की सबसे बड़ी साझेदारी थी। चायकाल के भारतीय टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। पांचवां विकेट के रूप में ऋषभ पंत आउट हुये। उन्होंने 98 गेंदों में तीन चौके और छक्का लगाते हुए (40) रनों की पारी खेली। उन्हें बोलैंड ने आउट किया। रवींद्र जाडेजा (26), नीतीश कुमार रेड्डी (शून्य), वॉशिंगटन सुंदर (14) और प्रसिद्ध कृष्णा (तीन) रन बनाकर आउट हुये। कप्तान जसप्रीत बुमराह ने 17 गेंदों में (22) रनों की पारी खेली। मोहम्मद सिराज तीन रन बनाकर नाबाद रहे। आस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय पारी 72.2 ओवर में 185 के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। आस्ट्रेलिया के लिए स्कॉट बोलैंड ने चार विकेट तथा मिचेल स्टार्क ने तीन, पैट कमिंस ने दो और नेथन ने एक-एक विकेट लिया।

2024 से 14वीं बार भारत टेस्ट में 80 ओवर से पहले हुआ ऑलआउट, न्यूजीलैंड-बांग्लादेश को पीछे छोड़ा




### बुमराह-कोंस्टास ने चढ़ाया पारा

मैच के दौरान माहौल उस वक्त गर्म हो गया जब ऑस्ट्रेलिया पारी के तीसरे ओवर में बुमराह पांचवीं गेंद फेंकने के लिए रन अप ले रहे थे, लेकिन उन्होंने देखा कि ख्वाजा बल्लेबाजी के लिए तैयार नहीं है। इस पर बुमराह ने नाराजगी व्यक्त की और ख्वाजा से कुछ कहते दिखाई दिए। उसी वक्त नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़े कोंस्टास बुमराह की तरफ देखकर कुछ बड़बड़ाने लगे, इससे बुमराह काफी गुस्से में कुछ कहते हुए कोंस्टास के पास जाने लगे। हालांकि, अंपायर ने बीच बचाव किया और कोंस्टास को बुमराह के पास नहीं आने दिया। कोंस्टास और बुमराह के बीच बहस होते देख दर्शक जोर-जोर से चिल्लाने लगे और माहौल देखते-देखते गर्म हो गया।

### सबसे ज्यादा बार 80 ओवर से ऑलआउट होने वाली दूसरी टीम बना भारत

भारतीय टीम ने इसके साथ ही एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम 2024 से सबसे ज्यादा बार टेस्ट में 80 ओवर से भी कम पर ऑलआउट होने वाली दूसरी टीम बन गई है। भारत अब तक 14 बार टेस्ट में 80 ओवर भी नहीं खेल सकी है। इस सूची में शीर्ष पर इंग्लैंड की टीम है जो 18 बार 80 ओवर नहीं खेल सकी है। भारत ने इस मामले में न्यूजीलैंड और बांग्लादेश को पीछ छोड़ा जो 13 बार 80 ओवर से पहले ऑलआउट हुए हैं। भारत इससे पहले 2000 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में 150 रन बना सका था, जबकि 2012 में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर 191 रन ही बना सकी थी।

### स्निकोमीटर फिर विवादों में रहा

भारत को 148 के स्कोर पर आठवां झटका लगा। वॉशिंगटन सुंदर को विकेट के पीछे कैच आउट दिया गया। हालांकि, ऑनफील्ड अंपायर ने उन्हें नॉटआउट दिया। इसके बाद तीसरे अंपायर ने फैसला बदलते हुए सुंदर को आउट दिया। स्निकोमीटर को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। मेलबर्न टेस्ट में भी स्निकोमीटर चर्चा में रहा था। यशस्वी जायसवाल को बिना किसी ठोस सबूत के तीसरे अंपायर ने आउट दे दिया था। इसकी सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री दिग्गजों ने आलोचना भी की थी।

### स्मिथ का विवादित कैच

यह घटना आठवें ओवर की है और कोहली पहली ही गेंद खेल रहे थे। उन्होंने स्कॉट बोलैंड की गेंद पर दूसरी स्लिप में शॉट खेला जहां स्मिथ खड़े थे। स्मिथ ने अपने दाहिनी ओर डाइव लगाकर कैच लपका और गली में गेंद उछाल दी जहां मार्नस लाबुशेन ने कैच पूरा किया। मैदानी अंपायर ने फैसला टीवी अंपायर जोएल विल्सन को सौंपा जिन्होंने बल्लेबाज के पक्ष में फैसला दिया क्योंकि रिप्ले में जाहिर था कि स्मिथ के हाथ लगने से पहले गेंद जमीन को छू रही थी। इसके बाद कोहली और स्मिथ के बीच थोड़ी नोंकझोंक भी हुई। हालांकि, कोहली इस जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके और महज 17 रन बनाकर स्कॉट बोलैंड की ऑफ स्टंप से बाहर जा रही गेंद पर कैच आउट हुए।




### पंत ने शरीर पर खाई कई गेंद

यह घटना 37वें ओवर की है। पंत क्रीज पर मौजूद थे और मिचेल स्टार्क गेंदबाजी कर रहे थे। इस ओवर की दूसरी गेंद स्टार्क ने शॉर्ट लेंथ फेंकी, जिसकी रफ्तार 144.6 किमी प्रतिघंटा थी। इस दौरान पंत ने खुद को बचाने का प्रयास किया लेकिन गेंद उनके कान के हिस्से पर जा लगी। गनीमत यह रही कि पंत ने हेलमेट पहन रखा था। बाद में फिजियो और डॉक्टर ने मैदान पर पहुंचकर जांच की। इस तरह भारतीय बल्लेबाज बाल-बाल बचे। इसके बाद एक बार फिर पंत का स्टार्क से सामना हुआ और गेंद सीधे उनके बाएं हाथ में लगी। गेंद की रफ्तार का अंदाजा लगाया जा सकता है पंत के हाथ में लाल निशान बन गया।

### मिस्बाह-चांदीमल के क्लब में शामिल हुए रोहित

## सीरीज के बीच में ड्रॉप होने वाले पहले भारतीय कप्तान



एजेंसी

**सिडनी।** भारत और आस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जा रहा है। इस मैच के लिए भारतीय टीम में दो बदलाव किए गए हैं। टेस्ट में नियमित कप्तान रोहित शर्मा की जगह शुभमन गिल और आकाश दीप की जगह प्रसिद्ध कृष्णा को मौका दिया गया है। स्टैंड इन कैप्टन जसप्रीत बुमराह ने बताया कि रोहित ने इस मैच के लिए आराम करने का फैसला लिया है और उन्होंने एक उदाहरण साबित किया है। हालांकि, हिटमैन का न खेलना बहुत सारी अटकलों को उजागर करता है। क्या रोहित ने टेस्ट से संन्यास लेने का फैसला कर लिया है? क्या अब वह व्हाइट जर्सी में कभी खेलते नहीं दिखेंगे? यह तो समय ही बताएगा, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई है कि रोहित ने चयनकताओं और टीम मैनेजमेंट को अपना फैसला सुना दिया है कि वह अब नहीं टेस्ट में नहीं खेलेंगे। रोहित ने उदाहरण साबित किया है कि टीम किसी खिलाड़ी के ओहदे से ज्यादा बड़ा है।

#### रोहित ने बनाया अनचाहा रिकॉर्ड

हालांकि, रोहित ने एक अनचाहा रिकॉर्ड भी बनाया है। वह किसी द्विपक्षीय सीरीज के बीच में प्लेइंग-11 से ड्रॉप होने वाले भारत के पहले कप्तान हैं। इससे पहले कभी किसी भारतीय कप्तान को किसी भी सीरीज के बीच में टीम से ड्रॉप नहीं किया गया। हालांकि, ओवरऑल दुनिया भर के क्रिकेट में ऐसा कुल चार बार हो चुका है। रोहित से पहले पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक, श्रीलंका के पूर्व कप्तान दिनेश चांदीमल और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइक डेनेस प्लेइंग-11 से ड्रॉप हुए थे। सबसे पहली घटना 1974 एशेज में घटी थी, जब डेनेस ने सीरीज के चौथे टेस्ट से खुद को ड्रॉप करने का फैसला किया था। उनकी जगह जॉन एडरिच ने कप्तानी की थी। हालांकि, इसके बाद एडिलेड टेस्ट में डेनेस ने वापसी की थी और पहली पारी में अर्धशतक जमाया था। फिर सीरीज के छठे टेस्ट में मेलबर्न में उन्होंने 181 रन की पारी खेली थी और इंग्लैंड ने पारी से जीत हासिल की थी।

#### मिस्बाह और चांदीमल भी ड्रॉप हो चुके

वहीं, 2014 में ऐसा दो बार हुआ था। 2014 में पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज के दौरान तीसरे मुकाबले में मिस्बाह ने खुद को ड्रॉप करने का फैसला किया था। फिर उनकी जगह शाहिद अफरीदी ने बागडोर संभाला था। इसी साल यानी 2014 टी20 विश्व कप के दौरान श्रीलंका के आखिरी तीन मैचों के लिए तब कप्तान रहे दिनेश चांदीमल ने खुद को ड्रॉप किया था और उनकी जगह लासिथ मलिंगा ने कमान संभाली थी। नतीजा यह हुआ कि मलिंगा की कप्तानी में श्रीलंकाई टीम चैंपियन बनी थी। हालांकि, टेस्ट में ऐसा 1974 के बाद पहली बार हुआ है यानी 51 साल बाद हुआ है। रोहित खराब फॉर्म में चल रहे। गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब उनकी जगह कोच गौतम गंभीर बातचीत के लिए आए थे, तभी से अटकलों का बाजार गर्म हुआ था। मीडिया ने उनसे पूछा भी कि रोहित नहीं आए तो क्या इसे उनका अंत माना जाए, तो गंभीर ने इसका जवाब अलग तरह से दिया था। उन्होंने कहा था कि यह कोई प्रथा नहीं है कि कप्तान ही प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए। कोच बातचीत करने आया है और यह काफी है।




## वाशिंगटन सुंदर विवादित तरीके से हुए आउट

पैट कमिंस ने भारत की पहली पारी के 66वें ओवर की अंतिम बॉल वाशिंगटन सुंदर को लेग स्टंप के डाली। इस शॉर्ट बॉल को सुंदर खेलने के लिए गए और विकेटकीपर ने कैच की अपील की। इसके बाद मैदानी अंपायर जोएल विल्सन ने उन्हें नॉट आउट दिया लेकिन कमिंस ने डीआरएस ले लिया। आस्ट्रेलिया ने रिव्यू लिया, जिसके बाद स्निकोमीटर में कुछ हरकत नजर आई, जब बॉल ग्लव्स के पास से गुजरी लेकिन इसका कोई पुख्ता प्रमाण नहीं मिल पाया। विजुअल डिफ्लेक्शन और स्निको रिप्ले को बार-बार देखने के बाद थर्ड अंपायर ने सुंदर को आउट दे दिया। थर्ड अंपायर सैकत शरफुद्दौला का मानना था कि बॉल ग्लव्स से लगी है। अंपायर के इस फैसले से सुंदर काफी नाराज नजर आये। यह पहली बार नहीं है, जब थर्ड अंपायर ने भारत के खिलाफ इस सीरीज में कोई विवादित फैसला सुनाया हो, इससे पहले मेलबर्न में खेले गए बॉक्सिंग डे टेस्ट में कुछ इसी प्रकार से अहम मौके पर सेट भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को अंपायर ने आउट दे दिया था।




### गुजरात ने गोवा को छह विकेट से हराया

**जयपुर।** अक्षर पटेल (तीन विकेट), रवि बिश्नोई (दो विकेट) के बाद उर्विल पटेल (61) की आतिशी पारी के दम पर गुजरात ने शुक्रवार को विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप ए के मुकाबले में गोवा को छह विकेट से हरा दिया है। 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात ने उर्विल पटेल 34 गेंदों में (61) और उमंग कुमार (24) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर 16 .4 ओवरों में चार विकेट पर 118 रन बनाकर छह विकेट से मैच जीत लिया। आर्य देसाई (16) और सौरव चौहान (एक) रन बनाकर आउट हुये। हेमांग पटेल (नौ) और विशाल जायसवाल (पांच) रन बनाकर नाबाद रहे।

### जिम्बाब्वे ने अफगानिस्तान पर बढ़त बनाई

**बुलावायो।** सिकंदर रजा (61), कप्तान क्रेग एर्विन (75) की अर्धशतकीय और शॉन विलियम्स (49) की शानदार पारियों के दम पर जिम्बाब्वे ने शुक्रवार को दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन 243 को स्कोर खड़ा कर अफगानिस्तान पर पहली पारी के आधार पर 86 रनों की बढ़त बना ली है। जिम्बाब्वे ने छह रन से आगे खेलना शुरू किया। जिम्बाब्वे की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 41 के स्कोर तक अपने चार विकेट गवां दिये। इसके बाद सिकंदर रजा और कप्तान क्रेग एर्विन ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट लिए 71 रन जोड़े। 38वें ओवर में जिया उर रहमान ने सिकंदर रजा को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। सिकंदर रजा ने 104 गेंदों में छह चौके लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। शॉन विलियम्स ने 52 गेंदों में (49) रन बनाये। वहीं कप्तान क्रेग एर्विन ने 165 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (75) रनों की जुझारू पारी खेली। अफगानिस्तान गेंदबाजों ने जिम्बाब्वे को की पूरी टीम को 73 .3 ओवरों में 243 के स्कोर पर समेट दिया।

### खेल रत्न पुरस्कार सबसे बड़ी उपलब्धि लेकिन काफी कुछ हासिल करना बाकी : हरमनप्रीत

**नयी दिल्ली।** ओलंपिक पदक के बाद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुने जाने से उत्साहित भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि यह सम्मान उनकी ह्यशानदार' यात्रा की मान्यता है जिसमें उन्हें भविष्य में बहुत कुछ हासिल करना है। पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर, शतरंज के विश्व चैंपियन डी गुकेश, हरमनप्रीत और पैरालंपिक ऊंची कूद के स्वर्ण विजेता प्रवीण कुमार को खेल मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को 2024 मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना है। हरमनप्रीत ने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। यह मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं। ऐसा लगता है कि यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा हिस्सा है। मुझे इतना बड़ा पुरस्कार और मान्यता मिल रही है।पेरिस ओलंपिक में सबसे ज्यादा 10 गोल करने वाले इस 28 साल के खिलाड़ी का करियर उपलब्धियों से भरा रहा है। वह पेरिस से पहले तोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के भी सदस्य थे। उन्होंने 2016 में जूनियर विश्व कप में स्वर्ण, राष्ट्रमंडल खेलों में रजत, एशियाई खेलों में स्वर्ण और कांस्य के अलावा चैंपियंस ट्रॉफी में दो रजत पदक जीते है। हरमनप्रीत ने पिछले वर्ष सहित तीन बार एफआईएच साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता है। वह हालांकि इन उपलब्धियों से संतुष्ट नहीं है और अभी करियर में काफी कुछ हासिल करना चाहते हैं।

## नायर ने लिस्ट ए क्रिकेट में बनाया विश्व रिकॉर्ड



एजेंसी

**विजयनगरम (आंध्र प्रदेश)।** करुण नायर ने शुक्रवार को यहां विदर्भ को विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप डी मैच में उत्तर प्रदेश पर आठ विकेट की जीत दिलाने के दौरान बिना आउट हुए लिस्ट ए में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया। करुण ने न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जेम्स फ्रैंकलिन के 2010 में बनाए गए 527 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। दाएं हाथ के बल्लेबाज करुण आखिरकार 112 रन पर आउट हो गए जिससे उनकी कुल संख्या 542 रन पर रुक गई। इससे उन्होंने एक नया रिकॉर्ड बनाया। इस सूची में अन्य खिलाड़ी जोशुआ वैन हीर्डन (512), फखर जमां (455) और तौफीक उमर (422) शामिल हैं। यह विजय हजारे ट्रॉफी में करुण का चौथा और लगातार तीसरा शतक था जिससे विदर्भ ने उत्तर प्रदेश के आठ विकेट पर 307 रन के स्कोर को 47.2 ओवर में हासिल कर लिया। यश राठौड़ ने 140 गेंद में नाबाद 138 रन बनाए जिससे विदर्भ ने दो विकेट पर 313 रन बनाकर जीत दर्ज की। करूण और यश ने दूसरे विकेट के लिए 228 रन की विशाल साझेदारी निभाई। इस जीत से विदर्भ पांच मैच में 20 अंक लेकर ग्रुप डी में शीर्ष पर पहुंच गया। तमिलनाडु (14 अंक) दूसरे स्थान पर और उत्तर प्रदेश (14 अंक) से तीसरे स्थान पर है।

### तमिलनाडु ने मिजोरम को रिकार्ड 10 विकेट से हराया

**विजयनगरम।** वरुण चक्रवर्ती (पांच विकेट), विजय शंकर और संदीप वारियर (दो-दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद नारायण जगदीशन (नाबाद 46) रनों की पारी के दम पर तमिलनाडु ने शुक्रवार को विजय हजारे ट्रॉफी में ग्रुप डी के मुकाबले में मिजोरम को रिकार्ड 10 विकेट से हरा दिया है। मिजोरम के 71 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी तमिलनाडु ने नारायण जगदीशन (नाबाद 46) और तुषार रहेजा (नाबाद 27) की शानदार पारियों के दम पर 10 ओवर में 75 रन बनाकर 10 विकेट से मुकाबला जीत लिया।

## जोकोविच को राइली ओपेल्का ने हराया

एजेंसी

**ब्रिस्बेन (आस्ट्रेलिया)।** नोवाक जोकोविच को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां राइली ओपेल्का के खिलाफ सीधे सेटों में 6-7, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। अमेरिका के ओपेल्का ने 16 ऐस लगाकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। सैतीस साल के जोकोविच आस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी के लिए इस टूनार्मेंट में खेल रहे हैं। आस्ट्रेलियाई ओपन की शुरूआत 12 जनवरी से होगी और जोकोविच इसके 10 बार के चैंपियन रहे हैं। ओपेल्का ने फरवरी 2022 में सर्वश्रेष्ठ करियर रैंकिंग 17 हासिल की है। कूल्हे की सर्जरी के कारण खेल से दूर रहने के कारण उनकी मौजूदा रैंकिंग 293 है।




ओपेल्का के सामने सेमीफाइनल में जी. एमपेत्शी पेरीकार्ड की चुनौती होगी। पेरीकार्ड ने याकूब मेनसिक को 7-5, 7-6 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में जिरी लेहेका का मुकाबला ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। लेहेका ने निकोलस जैरी को 6-4, 6-4 से हराया और जॉर्डन थॉम्पसन के रिटायर होने पर दिमित्रोव ने अंतिम चार में जगह पक्की की। खेल रोके जाते समय दिमित्रोव 6-1, 2-1 से आगे थे।

# केकेएफआई ने खो खो विश्वकप ट्रॉफी, तेजस और तारा का किया अनावरण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय खो खो महासंघ (केकेएफआई) ने शुक्रवार को 13से 19 जनवरी चलने वाले पहले खो खो विश्वकप की ट्रॉफियों और शुभंकर तेजस और तारा का अनावरण किया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के तत्वावधान में आज यहां आयोजित समारोह में केकेएफआई ने आगामी खो-खो विश्वकप के लिए महिला और पुरुष वर्ग की ट्रॉफियों और शुभंकर तेजस और तारा का अनावरण किया गया। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होने वाले इस टूनार्मेंट में छह महाद्वीपों के 24 देशों की 21 पुरुष और 20 महिला टीमें भाग लेंगी। इस अवसर केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बताया कि खो-खो विश्वकप के लिए खेल मंत्रालय और प्रधानमंत्री ने समर्थन व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड स्टार सलमान खान और टाईग श्रॉप इसके ब्रांड एम्बेडर है। उन्होंने कहा कि विश्वकप में महिला और पुरुष वर्ग के लिए दो अलग-अलग रंग की ट्रॉफियां होगी। पुरुषों की चैंपियनशिप के लिए नीली ट्रॉफी और महिलाओं की प्रतियोगिता के लिए हरी ट्रॉफी है। दोनों ट्रॉफियां अपने समकालीन डिजाइन के जरिए खो-खो की गतिशील भावना को दशार्ती हैं, जिसमें बहते हुए कर्व और सुनहरे रंग की आकृतियां हैं। नीली ट्रॉफी विश्वास, दृढ़ संकल्प और सार्वभौमिक अपील का प्रतीक है, जबकि हरी ट्रॉफी विकास और जीवन शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है। दोनों ही टुकड़ों में जटिल क्रिस्टल डिटेलिंग है जो प्रतियोगिता के उच्चतम स्तर पर अपेक्षित सटीकता और उत्कृष्टता का प्रतीक है। इस दौरान टूनार्मेंट के आधिकारिक शुभंकर जोड़ी तेजस और तारा को भी पेश किया। ये शुभंकर गति, चपलता और टीम वर्क के खेल के मूल गुणों को दशार्ते हैं। तेजस प्रतिभा और ऊर्जा का प्रतीक है, तथा तारा, जो मार्गदर्शन और आकांक्षा का प्रतिनिधित्व करती है। इस दौरान दोनों शुभंकर पारंपरिक भारतीय रूपांकनों से सजी जीवंत नीले और नारंगी रंग की खेल पोशाक में पहने हुये।




शुधांशु मित्तल ने एक सवाल के जवाब में बताया कि राष्ट्रीय स्तर पिछले 56 वर्षो से खो-खो खेला जा रह है तथा विगत तीन चार वर्षो में इसने उल्लेखनीय प्रगति की और यह वैश्विक हो गया है। उन्होंने कहा कि इस खेल की देश में छह सौ से अधिक इकाई है। उन्होंने कहा कि यह दक्षिण अफ्रीका के 1200 स्कूलों में खेला जा रहा है। केकेएफआई ने टूनार्मेंट का भागीदार ईजमाईट्रिप सभी प्रतिभागियों के लिए यात्रा, रसद का प्रबंधन करता है। वही शिव नरेश ब्रांड टूनार्मेंट की सभी टीमों को पोशाक मुहैया करा रहा है। टूनार्मेंट के मैचों का सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और दूरदर्शन के माध्यम से किया जाएगा। वहीं डिज्नी तथा हॉटस्टार ओटीटी प्रसारण भागीदार के रूप में काम करेगा।

# एनसीक्यूसी 2024 में बोकारो स्टील प्लांट की शानदार सफलता




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट ने क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया के तत्वावधान में ग्वालियर में आयोजित 38वें नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। इस प्रतिष्ठित आयोजन में देश भर के विभिन्न उद्योगों की टीमों ने भाग लिया जिसमें बीएसएल ने अपनी गुणवत्ता और उत्कृष्टता का परचम लहराया। इस स्पर्धा में बीएसएल की 11 टीमों ने सर्वोच्च सम्मान पार एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त किया जबकि 7 टीमों को एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा तीन टीमों को सर्वश्रेष्ठ मॉडल पुरस्कार से भी नवाजा गया जो उनकी रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल का प्रमाण है। इस बार बीएसएल की दो लीन सेफ्टी सर्कल टीमों ने भी पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर भाग लिया और अपने प्रदर्शन से न केवल कंपनी की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया बल्कि गुणवत्ता सुधार की दिशा में बीएसएल के सतत प्रयासों को भी उजागर किया। नेशनल कन्वेंशन-2024 में शामिल सभी टीमों का चयन एक कठिन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया जिसमें डायरेक्टर-इन-चार्ज क्यूसी ट्रॉफी क्यूसीएफआई चैप्टर सम्मेलन के अंतर्गत केस स्टडी प्रस्तुतियां व गुणवत्ता सर्कल उपकरणों व तकनीकों पर आधारित ज्ञान परीक्षण शामिल थे। बीएसएल प्रबंधन ने सभी टीमों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और नवाचार के साथ लागत-प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण कार्य करते रहने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में बीएसएल की टीमों की भागीदारी सुनिश्चित करने में बिजनेस एक्सीलेंस विभाग का सराहनीय योगदान रहा।

# बोकारो एसपी ने तेनुघाट में पुलिस और संवेदकों के साथ की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** बोकारो के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनोज स्वगीर्यारी ने शुक्रवार को तेनुघाट में एक अहम बैठक की। बैठक में अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी और संवेदकों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करना और संवेदकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था।

एसपी ने संवेदकों से जानकारी ली कि विकास कार्यों के दौरान उन्हें किसी प्रकार की धमकी या लेवी की मांग का सामना करना पड़ रहा है या नहीं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि ऐसी कोई भी घटना या शिकायत होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। संवेदकों ने बैठक के दौरान अपने अनुभव और समस्याएं साझा कीं। एसपी ने विकास कार्यों को बिना रुकावट के पूरा करने के लिए सभी संबंधित विभागों को पुलिस का सहयोग देने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में शांति और विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बैठक क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को गति देने और संवेदकों के मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। बैठक में अनुमंडल के एसडीपीओ बशिष्ठ नारायण सिंह, गोमिया सर्किल के इंस्पेक्टर महेश प्रसाद सिंह, गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोगता, तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार, आईईएल थाना प्रभारी प्रफुल्ल पटेल, चतरोचट्टी प्रभारी दीपक कुमार राणा, ललपनिया प्रभारी शशि कुमार और महुआटांड़ प्रभारी रंजीत कुमार मौजूद थे।

## एक नजर में

### बोकारो खनन विभाग ने चलाया छापेमारी अभियान



बेरमो। उपायुक्त बोकारो के निर्देशानुसार बेरमो थानांतर्गत बेरमो–अंगवाली दामोदर नदी घाट क्षेत्र पर छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमे अवैध रूप से बालू खनिज उत्खनन कर लोड करते हुए 3 ट्रैक्टरों को पकड़ा गया, जिसे जब्त कर थाना लाने के क्रम मे कदमाडीह ग्राम के समीप ग्रामीण महिलाओं द्वारा रोका गया एवं अपराधिक षडयंत्र रचकर उक्त ट्रैक्टरों को जबरन छुड़ा लिया गया एवम सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई, जिसके आलोक में ट्रैक्टर, ट्रैक्टर के मालिक, चालक एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध बेरमो थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। उक्त अभियान में खान निरीक्षक, सीताराम टुडू एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे।

### बेरमो : श्री शिव स्वास्थ्य शिक्षा ट्रस्ट द्वारा छोटकी कुड़ी मे वनभोज का आयोजन



बेरमो। श्री शिव स्वस्थ शिक्षा ट्रस्ट द्वारा शुक्रवार को वन भोज का आयोजन ग्राम पंचायत पलामू टोला छोटकी कुड़ी स्थित उत्क्रमित मध्य विधालय मे आयोजित किया गया। इसमे मुख्य अतिथि के रूप में पलामू पंचायत के पंचायत समिति सदस्य पार्वती देवी खास तौर पर उपस्थित थी। उन्होंने ठंड व शीत लहर को देखते हुए लोगो के बीच कंबल का वितरण किया। यह कंबल गरीबी, जरुरत मंदो व बूढ़ा बुजुर्ग को दिया गया। मौके पर ट्रस्ट के संस्थापक भुनेश्वर साव जेएलकेएम जिला सचिव खगेंद्र महतो जेएलकेएम सदस्य लालन कुमार तूरी स्कूल के प्रधानाध्यापक राजकुमार किस्कू, रितलाल महतो, राजेश कुमार सिंह, उमेश कुमार महतो, धनेश्वर महतो, रामेश्वर मुर्मु पंचायत के प्रतिनिधि गोविंद किस्कू, मुन्ना बेसरा तथा स्कूल के बच्चे गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

### बोकारो विकास फोरम ने श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन



बोकारो। कुंवर सिंह विजय समारोह समिति बोकारो विकास फोरम एवं मजदूर बोकारो इस्पात संघ तीनों संयुक्त संस्थाओं के द्वारा एक अर्थशास्त्री व 14 वे प्रधानमंत्री स्व डॉ मनमोहन सिंह एवं 1972 बैच के आईपीएस स्व कुणाल किशोर की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। विभूतियों की दिवंगत आत्मा के शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। श्रद्धांजलि सभा में विकास फोरम के अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने प्रोफेसर से लेकर प्रधानमंत्री तक का सफर तय किया। वहीं दूसरी तरफ कुणाल किशोर ने 1983 में पटना में हनुमान मंदिर की स्थापना की। उनके द्वारा स्थापित महावीर सेवा ट्रस्ट के नाम से कई हॉस्पिटल चल रहे हैं। आईपीएस की नौकरी छोड़कर मानव कल्याण के लिए महावीर सेवा ट्रस्ट से गरीब दलित एवं पिछड़े वर्गों के लिए महावीर कैंसर हॉस्पिटल महावीर डायलिसिस रिसर्च सेंटर महावीर नेत्र अस्पताल चालू कर समाज में– मानव सेवा परमो धर्म को चरितार्थ किया है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुंवर सिंह आयोजन समिति के अध्यक्ष सहित शशिभूषण विश्वकर्मा रास नारायण सिंह शैलेंद्र सिंह धनंजय सिंह मितेश कुमार करण सुबोध सिंह सुनील सिंह महावीर शांडिली हसदा आशुतोष कुमार आरएस ठाकुर गुलाम रसूल परवेज आलम आदि उपस्थित रहे।

### सावित्रीबाई फुले का योगदान भुलाया नहीं जा सकता है : अफजल दुर्रानी

बेरमो/ललपनिया। ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन बोकारो जिला का सम्मेलन भाकपा आंचल कार्यालय गोमिया के समक्ष हुआ। सम्मेलन की शुरूआत महिला सशक्तिकरण देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि देकर सम्मेलनका शुरूआत किया। सम्मेलन में पिछले तीन वर्षों का समीक्षा व रिपोर्ट संगठन सदस्यता एवं आगे की रणनीति पर बल दिया गया। सम्मेलन में नए पदाधिकारीयो का चयन किया गया। जिसमें जिला के महासचिव अफजल दुर्रानी, जिला अध्यक्ष अमन प्रजापति, उपाध्यक्ष साकिबुल हसन, रानी कुमारी, सबापरी एवं 15 जिला कमेटी का सदस्य बनाया गया। दुर्रानी ने कहा कि यह सम्मेलन सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती के अवसर पर किया जा रहा है, शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का योगदान समाज में रहा है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। सम्मेलन में फरहान आदिल, प्रीति कुमारी, माही कुमारी, साजिदा फिरदौस सिकंदर कुमार रविदास आनंद कुमार तुषार मुर्मू, डोली कुमारी, रोहित तमन्ना, आनंद गुप्ता समेत दर्जनों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### ऑल इंडिया यादव महापरिषद के प्रदेश प्रधान महासचिव बने कंचन यादव

दुमका। विधि लिपिक संघ के महासचिव संतोष कुमार यादव उर्फ कंचन यादव को ऑल इंडिया यादव महापरिषद और ऑल इंडिया हूमैन राईटस कमेटी का प्रदेश के प्रधान महासचिव मनोनित किया गया। मनोनयन ऑल इंडिया यादव महापरिषद और ऑल इंडिया हूमैन राईटस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ त्रिमल सिंह यादव ने किया। मनोनयन से संघ ने खुशी जाहिर किया। इस अवसर पर संघ संरक्षक रविचंद्र यादव, अध्यक्ष्ज्ञ एसपी सिन्हा, देवदास, नरेंद्रनाथ दुबे, भक्तीपद दास मौजूद रहे।

### ब्लड मैन सलूजा ने रक्तदान कर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे को दिया जीवनदान

बोकारो। ब्लड मैन हरवंश सिंह सलूजा ने अपने जन्मदिन के मौके पर एक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे के लिए रक्तदान किया। श्री सलूजा ने आज अपने जीवन का 52वां रक्तदान किया। ह्यूमैनिटी सेवियर्स के संस्थापक अध्यक्ष हरवंश सिंह सलूजा विगत 16 वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में सेवा दे रहे हैं। इनके द्वारा अभी तक 15576 यूनिट रक्तदान कराया जा चुका है। विश्व रिकॉर्ड धारक हरवंश को उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो हेतु कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए हैं। सलूजा ने कहा कि समाज के सभी लोगों को अपने जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगांठ या किसी भी तरह के खुशी के मौके पर किसी न किसी रूप में दूसरों को भी खुशियां बांटने का कार्य करना चाहिए। इसी क्रम में आज मैंने रक्तदान कर एक मासूम बच्चे को जीवन दान देने की कोशिश की। मेरा मानना है अपनी खुशियों में दूसरों को खुशियां बांटना ही सर्वश्रेष्ठ जीवनशैली है। मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन बीडी मिश्रा जयप्रकाश द्विवेदी बोकारो मॉल के राजा जैन ह्यूमैनिटी सेवियर्स के जयदेव राय एवं अवधेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### फुसरो मे सावित्री बाई फूले की जयंती मनाई गयी

बेरमो। माली–मालाकार कल्याण समिति फुसरो के तत्वाधान मे फूलमंडी मे शुक्रवार को माता सावित्री बाई फूले की जयंती घूम–घाम से मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम अतिथियो ने दीप प्रज्वलित कर और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान उन्हें सबसे बड़ा समाज सुधारक बताया गया। युवा व्यवसाई संघ फुसरो के सचिव बैजू मालाकार और कोषाध्यक्ष राकेश मालाकार ने कहा कि माता सावित्रीबाई फूले ने 19वीं शताब्दी में स्त्रियों के अधिकारों, अशिक्षा, छुआछूत, सती प्रथा, बाल/ विधवा विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। अपने पति दलित चितक व समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले से प्रेरित होकर उन्होंने सामाजिक चेतना फैलाई। उन्होंने सबसे पहले बालिकाओं के लिए विद्यालय शुरू किया। इस मौके पर लछ्मण मालाकार ने कहा कि सावित्रीबाई फूले देश में महिला शिक्षा क्रांति की ज्योति थी।

# विस्थापितों को वाजिब अधिकार से वंचित नही किया जायेगा : जीएम

6 जनवरी से अनिश्चितकालीन होगा चक्का जाम

## सीसीएल प्रबंधन के साथ विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति की वार्ता विफल





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** शुक्रवार को बीएंडके के करगली कल्याण मंडप में ढोरी, बीएडके व कथारा क्षेत्रीय प्रबंधन नें विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति द्वारा घोषित 6 जनवरी से अनिश्चितकालीन चक्काजाम आंदोलन के मद्देनजर समिति के नेताओं से वार्ता हुई। सीसीएल मुख्यालय रांची से आये महाप्रबंधक (राजस्व पदाधिकारी) एस के झा, जीएम (पी एन्ड आई आर) नवनीत कुमार और चीफ मैनेजर पर्सनल अंतानु चौघरी आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए। महाप्रबंधक बीएंडके चित्तरंजन कुमार नें समिति के नेताओं से आग्रह किया कि 6 जनवरी से होनेवाले चक्काजाम आंदोलन वापस ले लें। उन्होंने कहा कि जनवरी के अंत मे सीसीएल मुख्यालय रांची मे वार्ता के लिए जल्द पत्र निर्गत की जाएगी। सीसीएल प्रबंधन विस्थापितों के हित में काम कर रहा है। किसी भी विस्थापित को वाजिब अधिकार से वंचित नहीं किया जाएगा। राष्ट्रहित में कोयला उत्पादन कराने के लिए विस्थापित अपनी जमीन सीसीएल को उपलब्ध कराएं। उन्हें नियम के तहत मुआवजा, नियोजन सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। ढ़ोरी जीएम रंजय सिंहा ने कहा कि विस्थापतो को कंपनी के आर-आर पॉलिसी के तहत नौकरी, पुनर्वास और मुआवजा दिया जाएगा। सीएसआर योजना से गांवों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। विस्थापितों को पेप कार्ड निर्गत कर चिकित्सा सुविधा दी जाएगी। समिति के महासचिव काशीनाथ केवट, कार्यकारी अध्यक्ष विनोद महतो व काशीनाथ सिंह और जेकेएलएम नेत्री पूजा महतो ने कहा कि विस्थापित नीति के तहत प्रबंधन प्रभावित जमीन मालिकों को वाजिब अधिकार दें। इसमें भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोलियरी विस्तार में सभी का सहयोग है लेकिन नियोजन नीति के अनुसार मुआवजा, रोजगार सहित अन्य सुविधा होनी चाहिए। कहा कि सीसीएल प्रबंधन दो दिनो मे दस सूत्री मागो पर सकारात्मक वार्ता कर हमारी मांगो को मान लेती है तो ठीक है। अन्यथा 6 जनवरी से बेरमो कोयलांचल क्षेत्र के तीनो एरिया का अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। वार्ता में प्रबंधन की और से एसओपी विनय कुमार टुडू, पीओ के एस गैवाल व सुघीर कुमार सिंहा, जयशंकर प्रसाद, शैलेश कुमार, पी एन सिंह विस्थापितों की और से समिति के धनेश्वर महतो, गोपाल मंडल, सोहनलाल मांझी, लाल मोहन महतो, चिंतामणी महतो, मोहन महतो, आशीष पाल, चंदन राम, पुनेशवर महतो, अशोक महतो, संजय मल्लाह, संजय चौघरी, काली सिंह, लालमोहन यादव, बैजनाथ महतो, नेहाल महतो आदि शामिल हुए।

## स्पीड न्यूज

### बेरमो : श्रद्धांजलि सभा सह रक्तदान शिविर का आयोजन



बेरमो। श्रधैय स्वर्गीय हरिकला देवी (नेपाली चाची) की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार, बेरमो प्रखण्ड द्वारा गायत्री मंदिर, सुभाष नगर मे श्रधांजलि सभा सह रक्तदान शिविर का किया गया। जिसमें रेड क्राश सोसायटी, बोकारो ने 38 युनिट ब्लड का कलेक्शन किया। इस पुनित कार्य मे बेरमो प्रखण्ड समन्वयक रघुनन्दन बरनवाल, युवा प्र. समन्वयक जितेंद्र चौहान, युवा प्रकोष्ठ उपसमन्वयक विनय बरनवाल, संजय सिंह, जय बहादुर थापा, मनोज विश्वकर्मा, नन्दू विश्वकर्मा, शिव प्रसाद, उपेन्द्र साव हरिद्वार सिंह, बाबु सेठ, चन्द्रावती देवी, इन्दु कुमारी, गीता कुमारी, आओ गढे संस्कारवान पीढ़ी उपसमन्वयक अर्चना बरनवाल, अर्पना चक्रवर्ती, सुनीता देवी, जानकी कुमारी, रेवा राम, डेगलाल महतो, मुकेश मिश्रा, महेन्द्र चौधरी, शरद अग्रवाल, राणाजी, पिंटू बरनवाल, मनोज केडिया, मंच सिंह, रिषी राज, पियुष बरनवाल, कैलाश बरनवाल, ममता केडिया, निशा सोनी बरनवाल, इत्यादि उपस्थित रहे। रेड क्राश सोसायटी बोकारो के डॉ गणेश साव, रंजन कुमार,विकास कुमार, चुरामन महतो, राज महथा, ओमप्रकाश कुमार,इशिका कुमारी द्वारा केम्प किया गया। सभी रक्तदाताओं को दुध के साथ नाश्ता दिया गया। साथ ही ध्यान, यज्ञ का कार्यक्रम हुआ, भोग मे अमृतासन (खिचड़ी) की व्यवस्था थी।

### दिसोम मांझी थान में पांच जनवरी को मनेगा सोहराय पर्व

दुमका। दिसोम मांझी थान परिसर में दिसोम सोहराय पर्व मनाने को लेकर शुक्रवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता विशाल मरांडी ने किया। बैठक में 05 जनवरी को दिसोम सोहराय पर्व आयोजन की तैयारी की समीक्षा किया गया। इस अवसर पर संताल परगना के आतो होड़, मांझी बाबा आने की उम्मीद है। सभी को पारंपरिक वेश भूषा में आने को कहा गया। इस दिन सुबह सात बजे से गोंड पूजा, साढ़े 12 से अतिथि स्वागत एवं 1:30 से प्रसाद ग्रहण और नृत्य–संगीत का कार्यक्रम निर्धारित किया गया। इस अवसर पर सुरेश चंद्र सोरेन, बीनीलाल टुडू, निलेश हांसदा, सीताराम सोरेन, स्टेनली हेंब्रम, बैजनाथ हांसदा, अमर मारंडी, लेंद मुर्मू, मोहन टुडू आदि उपस्थित थे।

### जमीन विवाद के पूर्व सांसद फुरकान की कोर्ट में हुई पेशी

दुमका। जमीन विवाद में कांग्रेस के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी एमपी–एमएलए के विशेष न्यायाधीश सह एसडीजेएम के मोहित चौधरी के अदालत में शुक्रवार को पेशी हुई। जहां इस केस में सूचक के अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि इस मामले में वह उच्च न्यायालय गये है और दो आवेदन पूर्व में न्यायालय में दिया गया है। जब तक इसकी सुनवाई नहीं हो जाती है, तब तक इस केस में बयान दर्ज नहीं किया जाये। यह मामला मधुपुर की एक जमीन विवाद से जुड़ा है। जिसमें वर्तमान में बीएसएनएल का टावर लगा है। जिस पर फुरकान का कब्जा है। विपक्षी पार्टी द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी।

### आंदोलनकारियों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

बोकारो। झारखंड/वनांचल आंदोलनकारी मोर्चा के बैनर तले बोकारो डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिसमें लंबित पेंशन ससमय पेंशन का भुगतान पेंशन राशि में बढ़ोतरी फोटो युक्त पहचान पत्र सरकारी सुविधाएं स्वास्थ्य सुविधाएं एवं अपनी अन्य मांगों के संबंध में अविलंब निर्णय लेने का अनुरोध किया गया है।

# दुमका : सड़क दुर्घटना में बाइक सवार समेत दो की मौत, 1 घायल



शव का पोस्टमार्टम कराने ले जाते परिजन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति घायल हो गए। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुमका-मसलिया पथ पर विजयपुर के पास घटी। जहां तेज रफ्तार ट्रैक्टर से खलासी गिर कर घायल हो गया। जिसमें ट्रैक्टर का चक्का उसके शरीर पर चढ़ गया।

इलाज के लिए गंभीर अवस्था में फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के आमजोला गांव निवासी सुकोल मरांडी है। दूसरी घटना जामा थाना क्षेत्र के दुमका-भागलपुर मुख्य पथ पर लगला गांव के पास घटी। जहां अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक चालक और सवार दोनों घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।

जहां बाइक सवार जिले के जामा थाना क्षेत्र के गजड़ा गांव निवासी रॉकी ततवा की मौत हो गई। जबकि घायल बाइक चालक को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। परिजन इलाज के लिए देवघर ले गए। दोनों शव को नगर थाना पुलिस पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

# दुमका : सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों ने गुलाब फुल भेंट कर यातायात के नियमों के प्रति किया जागरूक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लोगों को जागरूक करते सड़क सुरक्षा समिति सदस्य।

**दुमका।** सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों व सड़क सुरक्षा कोषांग के कर्मियों ने डीसी चौक पर जागरूकता अभियान चलाया। अभियान डीटीओ जयप्रकाश करमाली के नेतृत्व व निर्देशन में चलाया गया। अभियान चला बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर उन्हें उनकी गलतियों का आभाष दिलाते हुए भविष्य में बिना हेलमेट बाइक ड्राइविंग नहीं करने की सलाह दी गई। दूसरी ओर मोटरसाइकिल में हेलमेट रहते हुए भी ड्राइविंग के दौरान हेलमेट के नहीं प्रयोग करने पर उन्हें चेतावनी दी गई। चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट के प्रयोग पर ध्यान देते हुए चालकों को दुर्घटनाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर डीटीओ ने कहा कि आज कल छोटे छोटे उम्र के बच्चे बिना ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट के ही वाहनों की ड्राइविंग करते हैं। जो नियमानुसार अपराध है। इतना ही नहीं एक हाथ से बाइक की हैंडल और दूसरे हाथ में मोबाइल से बातें करते हुए भी उन्हें वाहनों की ड्राइविंग करते हुए देखा जाता है। जो दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण है। ड्राइविंग के दौरान हेडफोन पर गाने सुनना और बाइक चलाना दुर्घटनाओं को आमंत्रित करने जैसा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि जब तक उनके बच्चे निर्धारित उम्र के नहीं हो जाते, किसी भी सूरत में उनके हाथों में बाइक नहीं दें। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस के बाइक या चार पहिया वाहन या फिर अन्य तरह के वाहन परिचालन के लिए उन्हें प्रोत्साहित नहीं करें। इस दौरान पुलिसकर्मियों, अधिवक्ताओं को भी बिना हेलमेट वाहन की ड्राइविंग पर टोक सचेत किया गया। कई कम उम्र के बच्चों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए आगे ऐसी गलती नहीं दुहराने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ मनोज कुमार घोष, डॉ अमरेन्द्र सुमन, नीलकंठ झा, रमण कुमार वर्मा, अरुण कुमार सिंह, प्रदीप्तो बनर्जी, प्रधान सहायक त्रिलोकीनाथ मिश्रा, जिला प्रबंधक दीपक कुमार, कर्मी मनोज उरांव अमित कुमार ने जागरूकता अभियान में भाग लिया।

# बीएसएल द्वारा आयोजित हाफ मैराथन में दो फरवरी को दौड़ेगा बोकारो




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के तत्वावधान में 2 फरवरी को हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है।

स्थानीय सेक्टर 4 स्थित मोहनकुमार मंगलम स्टेडियम में एक प्रेस वार्ता में उक्त जानकारी देते हुए बीएसएल के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने बताया कि हेल्दी बोकारो हैप्पी बोकारो की थीम के तहत आयोजित 2 किलोमीटर के हाफ मैराथन में 600 से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

मैराथन की तीसरी श्रृंखला में 20 जनवरी तक 4000 रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य निर्धारित है। उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बीएसएल के सीजीएम नगर सेवाएं कुंदन कुमार, संचार प्रमुख मणिकांत धान, वित्त एवं लेखा विभाग के जीएम कृष्ण चंद नगर सेवा के जीएम अविनाश कुमार, जनसंपर्क के वरीय प्रबंधक अभिनव शंकर सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# गोड्डा : सावित्री बाई फुले को याद कर दी गयी श्रद्धांजली

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा जिला कमिटी गोड्डा ने कुशवाहा भवन गुलजार बाग में शुक्रवार को महासचिव सह कल्याणी पंचायत मुखिया कुशवाहा कुन्दन वैद्य की अध्यक्षता में माता सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई। मौके पर प्रदेश सचिव मनोज कुमार कुशवाहा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुशवाहा अमरेन्द्र कुमार अमर, युवा अध्यक्ष कुशवाहा मनोज मंडल, युवा कार्यकारी अध्यक्ष कुशवाहा त्रिवेणी माल, कुशवाहा नारायण कापरी आदि दर्जनों समाज के लोगों ने माता सावित्रीबाई फुले को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। वहीं अमरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने इनके विचारों को विस्तार से चर्चा करते हुए कुशवाहा समाज को इनके पद चिन्हों पर आगे आने का आग्रह किया। वहीं प्रदेश सचिव मनोज कुमार कुशवाहा ने कहा माता सावित्रीबाई फुले जयंती पर विचार रखते हुए कहा आज से कुशवाहा समाज के सभी लोग अपने-अपने नाम के पहले कुशवाहा लगाने से इनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## पेज एक का शेष

### तीन यात्रियों की ...

**रांची जा रही थी बस :** जानकारी के अनुसार बस मेदिनीनगर से रांची जा रही थी। एक वाहन से ओवरटेक करने के दौरान सामने से रहे ट्रक से जोरदार भिड़ गयी। भीषण टक्कर के बाद अफरातफरी और चीख पुकार मच गयी। खबर मिलते ही पुलिस पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल भेजा। हादसे के कारण करीब ढाई घंटे तक रोड जाम रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**इन्हें रिम्स भेजा गया :** रोजनी बीबी, सतबरवा पलामू, फिरोज अंसारी मनातू, पलामू, शशि पांडेय छपरवार खूर्द मेराल जिला गढवा,अंकित कुमार एटा, यूपी। मृतक रियायत मियां की पत्नी रोजनी बीबी का दाहिना पैर टूट गया है।

### दिल्ली वासियों पर ...


यह वर्ष युवाओं को नए स्टार्टअप और एंटरप्रेन्योरशिप में आगे बढ़ाने का होगा। यह वर्ष कृषि क्षेत्र में नये कीर्तिमानों का होगा। यह वर्ष महिला नेतृत्व विकास के हमारे मंत्र को नई ऊंचाई देने का होगा। यह वर्ष जीवन जीने में आसानी और जीवन स्तर बढ़ाने का होगा। उन्होंने कहा साल 2025 भारत के विकास के लिए अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की ओर हमारी यात्रा इस वर्ष और तेज होने वाली है। पीएम मोदी ने आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा, जब देश उथल-पुथल भरे दौर से गुजर रहा था, इंदिरा गांधी की तानाशाही सरकार और आपातकाल के खिलाफ संघर्ष कर रहा था, तब मैं और मेरे कई साथी भूमिगत आंदोलन का हिस्सा थे। उस दौरान अशोक विहार मेरा निवास स्थान था और आज भी अशोक विहार जाने पर पुरानी यादें ताजा हो जाती हैं।

स्पीड न्यूज

### द्रमुक सांसद आनंद के 4 ठिकानों पर इडी का छापा

**चेन्नई।** इडी के अधिकारियों ने शुक्रवार को तमिलनाडु के वेल्लोर से द्रमुक सांसद कथिर आनंद के आवास समेत चार ठिकानों पर छापेमारी की। आनंद सत्तारूढ़ द्रमुक के महासचिव और राज्य के संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन के पुत्र हैं। तलाशी के समय आनंद और उनका परिवार कटपडी स्थित अपने आवास पर मौजूद नहीं था। ईडी अधिकारियों के साथ सीआरपीएफ के जवान भी थे। घर में परिवार के सदस्यों के मौजूद नहीं होने की वजह से अधिकारियों ने तलाशी शुरू करने से पहले करीब दो घंटे तक इंतजार किया।

### सोनू सूद की फिल्म फतेह का गाना हीर हुआ रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म फतेह का गाना हीर रिलीज हो गया है। सोनू सूद और जैकलीन फर्नांडीज पर फिल्माया गया गाना हीर दो प्रेमियों की मार्मिक कहानी को दर्शाता है जो अपने बीच की दूरी को पार करते हैं। इस गाने को विशाल मिश्रा और असीस कौर ने भावपूर्ण ढंग से गाया है। विशाल मिश्रा ने कहा कि हीर कोई आम प्रेम गीत नहीं है। इसकी धुन, बोल और हर बीट में चाहत का सार समाहित है। असीस की आवाज ने इसमें एक बेमिसाल खूबसूरती जोड़ दी है।

### मणिपुर के राज्यपाल बने अजय भल्ला

**इंफाल।** अजय कुमार भल्ला ने शुक्रवार को राजभवन में मणिपुर के 19वें राज्यपाल के पद की शपथ ली। मणिपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी. कृष्णकुमार ने श्री भल्ला को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह, विधानसभा के अध्यक्ष सत्यव्रत सिंह, मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री ओ. इबोबी सिंह और राधाबिनोद कोइजाम, विधायक, मुख्य सचिव, सुरक्षा सलाहकार, पुलिस महानिदेशक तथा नागरिक, सैन्य और पुलिस विभाग के आला अधिकारी शामिल हुए।

### बीएसएफ ने सीमा पर ड्रोन किया जब्त

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब में अमृतसर सीमा पर एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि अमृतसर सीमा पर तैनात सतर्क बीएसएफ जवानों ने गुरुवार देर शाम को एक ड्रोन की हरकत देखी और तुरंत काउंटर ड्रोन ड्रिल की गई तथा इलाके की गहन तलाशी ली गई।

### लॉस एंजिलिस में विमान क्रैश, दो लोगों की मौत

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका में लॉस एंजिलिस के पास गुरुवार को एक छोटे विमान के एक वाणिज्यिक इमारत की छत से टकरा जाने से दो लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। फुलर्टन पुलिस के प्रवक्ता क्रिस्टी वेल्स ने कहा यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 02:09 बजे लॉस एंजिल्स शहर से 40 किमी दक्षिण-पूर्व में फुलर्टन शहर में हुई। दुर्घटना में भीषण आग लग गई और आसपास की इमारतों को खाली कराना पड़ा।

### भगदड़ मामले में अल्लू अर्जुन को मिली नियमित जमानत

**हैदराबाद।** नामपल्ली कोर्ट ने संध्या थियेटर भगदड़ मामले में शुक्रवार को अभिनेता अल्लू अर्जुन को नियमित जमानत दे दी है। कोर्ट ने आज साउथ के सुपरस्टार को 50-50 हजार के दो मुचलकों पर जमानत दी है। साथ ही कोर्ट ने उन्हें हर रविवार को चिक्कड़पल्ली पुलिस स्टेशन में पेश होने का भी आदेश दिया है। इससे पहले उन्हें तेलंगाना हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत मिली थी। अल्लू अर्जुन की नियमित जमानत याचिका पर 30 दिसंबर को सुनवाई हुई थी।

# जल्द शुरू होगी लंबी दूरी की वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

## ट्रायल के दौरान 180 किमी प्रति घंटे स्पीड से गुजरी ट्रेन

- राजस्थान के कोटा और लबान के बीच ट्रायल रन के दौरान 180 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की
- अब कई शताब्दी ट्रेन मार्गों पर उपलब्ध वंदे भारत ट्रेनें



एजेंसी

नयी दिल्ली। रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने पिछले तीन दिनों में अपने कई परीक्षणों में 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति हासिल की है। ये परीक्षण इस महीने के अंत तक जारी रहेंगे। उसके बाद देशभर के रेल यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए यह विश्वस्तरीय सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी। कोटा डिवीजन में सफल परीक्षण का एक वीडियो साझा करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर एक पोस्ट में ट्रेन की गति का उल्लेख किया। वीडियो में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के अंदर एक मोबाइल के बगल में पानी से भरा गिलास दिखाया गया है। वीडियो में पानी का स्तर स्थिर देखा जा सकता है। चलती ट्रेन 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम और स्थिर गति प्राप्त करती है। हाई-स्पीड रेल यात्रा में वंदे भारत यात्रियों को आराम का अनुभव कराती है। मंत्रालय के अनुसार, यह पोस्ट तीन दिनों के सफल परीक्षण के बाद आया है, जो 2 जनवरी को संपन्न हुआ, जिसमें वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने अपनी अधिकतम गति को छू लिया था।

राजस्थान के बूंदी जिले में गुरुवार को कोटा और लबान के बीच 30 किलोमीटर लंबे ट्रायल रन के दौरान ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की। वर्ष 2025 के पहले दिन रोहल खुर्द से कोटा के बीच 40 किलोमीटर लंबे ट्रायल रन में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की। इसी दिन कोटा-नागदा और रोहल खुर्द-चौमहला सेक्शन पर 170 किलोमीटर प्रति घंटे और 160 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की। अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) लखनऊ की निगरानी में ये ट्रायल जनवरी महीने तक जारी रहेंगे।

मंत्रालय ने कहा कि एक बार ये परीक्षण पूरे हो जाने के बाद रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा अधिकतम गति पर ट्रेन का मूल्यांकन किया जाएगा। अंतिम चरण में सफल होने के बाद ही वंदेभारत ट्रेनों को आधिकारिक रूप से प्रमाणित किया जाएगा और उन्हें भारतीय रेलवे को शामिल करने और नियमित सेवा के लिए सौंप दिया जाएगा।

इन वंदेभारत स्लीपर ट्रेनों को स्वचालित दरवाजे, बेहद आरामदायक बर्थ, ऑन बोर्ड वाई-फाई और विमान जैसी डिजाइन जैसी सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया है। देश में यात्री पहले रेल यात्रा लाने के लिए तैयार है। छोटी और मध्यम दूरी की चेयर कार ट्रेनों में यात्रा करने वाले लोगों को तेज, सुरक्षित और विश्वस्तरीय यात्रा का अनुभव देने के बाद, भारतीय रेलवे लंबी दूरी की ट्रेनों के लिए भी इसे साकार कर रहा है। मंत्रालय ने कहा कि रेलवे के लिए असली चुनौती बर्थ जोड़ना और ट्रेनों को पूर्ण यात्री और सामान लोड की स्थिति के लिए परीक्षण करना था ताकि उन्हें 180 किमी प्रतिघंटा की अधिकतम गति प्राप्त करते हुए वंदे भारत स्लीपर कोच में परिवर्तित किया जा सके। रेल मंत्रालय के अनुसार वंदे भारत ट्रेनें अब कई शताब्दी ट्रेन मार्गों पर उपलब्ध हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस भारत की सबसे तेज ट्रेन है और 180 किमी प्रतिघंटा तक की गति तक पहुंचने में सक्षम है। अब तक यह दिल्ली और वाराणसी जैसे छोटे और मध्यम दूरी के प्रमुख शहरों को जोड़ती है और एक शानदार यात्रा अनुभव प्रदान करती है। वंदे भारत ट्रेनें गति और आराम का एक सहज मिश्रण प्रदान करती हैं।

### कश्मीर से कन्याकुमारी दिल्ली से मुंबई और अन्य जगहों के लिए चलेगी ट्रेन

इन सफल परीक्षणों के साथ, रेल यात्री कश्मीर से कन्याकुमारी, दिल्ली से मुंबई, हावड़ा से चेन्नई और कई अन्य मार्गों जैसे लंबी दूरी की यात्राओं में विश्व-स्तरीय यात्रा अनुभव की उम्मीद कर सकते हैं। उन्हें यात्रा का समय काफी कम होने से लाभ होगा। मुंबई-दिल्ली लंबी दूरी की यात्रा की वर्तमान औसत गति 90 किमी प्रतिघंटा है, जिसमें तेजस एक्सप्रेस के लिए अधिकतम स्वीकार्य गति 140 किमी प्रतिघंटा है, जो देश में सभी राजधानी ट्रेन सेवाओं में सबसे तेज है।

से ही मध्यम और छोटी दूरी पर चलने वाली 136 वंदे भारत ट्रेनों के माध्यम से शयन सीटों और विश्व-स्तरीय यात्रा अनुभव का आनंद ले रहे हैं। रेल मंत्रालय ने कहा कि रेलवे नये साल में देश में यात्रियों के लिए तेज और सुरक्षित

### संपत्तियों की ई-नीलामी के लिए नया पोर्टल लांच

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्रालय में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने वाणिज्यिक संपत्तियों, औद्योगिक प्लॉट, कृषि और गैर कृषि भूमि, वाहनों तथा दुकानों की ई-नीलामी के लिए शुक्रवार को बैंकनेट के नाम से नया पोर्टल लॉन्च किया। ये पोर्टल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से ई-नीलामी वाली संपत्तियों का पूरा ब्योरा इकट्ठा करके खरीदारों और निवेशकों के लिए एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा। पोर्टल पर खरीदार और निवेशक एक ही स्थान पर अपनी आवश्यकता के अनुसार संपत्ति को खोज सकेंगे। पोर्टल पर संपत्तियों की सूची में फ्लैट, इंडिपेंडेंट हाउस और ओपन प्लॉट जैसी आवासीय संपत्तियों का तो उल्लेख होगा ही, इसके साथ ही वाणिज्यिक संपत्तियां, औद्योगिक भूमि, औद्योगिक भवन, दुकान, वाहन, मशीनरी तथा कृषि एवं गैर कृषि भूमि को भी इस सूची में शामिल किया जाएगा। ये पोर्टल ई-नीलामी के लिए उपलब्ध संपत्तियों के विवरणों को एक स्थान पर एकत्र करके उन्हें खोजने और उनके लिए होने वाली ई-नीलामी में भाग लेने की प्रक्रिया को सरल बनाएगा।

# सीरिया में भूमिगत ईरानी मिसाइल फैक्ट्री हुआ तबाह

- इजरायल वायुसेना के 120 कमांडो ने साइंटिफिक स्टडीज एंड रिसर्च सेंटर पर की थी सर्जिकल स्ट्राइक
- फैक्ट्री में बनी मिसाइलों का इस्तेमाल हिजबुल्ला और सीरिया की असद सरकार द्वारा किया जा रहा था



एजेंसी

**तेलअवीव।** इजरायली वायु सेना ने गुरुवार को बताया कि सीरिया में एक सर्जिकल स्ट्राइक की थी। इजरायली वायु सेना ने बताया कि यह उसके सबसे मुश्किल और जांबाज मिशन में से एक ऑपरेशन था, जिसमें स्पेशल फोर्स के 120 कमांडो ने सीरिया में घुसकर ईरान की एक मिसाइल फैक्ट्री को तबाह किया। इजराइल ने बताया कि यह खुफिया और अहम ऑपरेशन बीते सितंबर में किया गया था। इजराइली के कमांडोज ने सीरिया में घुसकर ईरान की भूमिगत मिसाइल फैक्ट्री पर छापा मारा और फिर उसे तबाह कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान की इस मिसाइल फैक्ट्री में बनी मिसाइलों का इस्तेमाल हिजबुल्ला और सीरिया की असद सरकार द्वारा किया जा रहा था। जिस फैक्ट्री पर हमला किया गया, उसे साइंटिफिक स्टडीज एंड रिसर्च सेंटर के रूप में जाना जाता है और यह सीरिया के राजधानी अलेप्पो के नजदीक पहाड़ी इलाके में मौजूद थी। यह फैक्ट्री इजराइली सीमा से सीरिया में करीब 200 किलोमीटर अंदर मौजूद थी। हिजबुल्ला को हथियारों की सप्लाई के लिहाज से यह फैक्ट्री काफी अहम थी। इस ऑपरेशन में इस्राइल को कोई सैनिक हताहत नहीं हुआ था। अब असद सरकार के सीरिया की सत्ता से बाहर होने के बाद इस ऑपरेशन की जानकारी सामने आई है। इजरायली सेना को साल 2017 से ही ईरान की इस मिसाइल फैक्ट्री के बारे में जानकारी थी। भूमिगत होने के चलते इस्राइल यहां हवाई हमले नहीं कर पा रहा था। इस फैक्ट्री में रॉकेट मिसाइल के इंजन बनाए जा रहे थे और इस फैक्ट्री की क्षमता 100-300 मिसाइल सालाना बनाने की थी। जिस जगह यह फैक्ट्री थी, वह लेबनान के नजदीक थी। ऐसे में सीरिया की फैक्ट्री में मिसाइलें बनाकर उन्हें लेबनान में हिजबुल्ला के पास भेजा जाता था। गौरतलब है कि इस्राइली हमलों में हिजबुल्ला और हमास को भारी नुकसान हुआ है और दोनों संगठनों के शीर्ष नेतृत्व का लगभग सफाया हो चुका है।

### ईपीएफओ में केंद्रीकृत पेंशन भुगतान शुरू

**नयी दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने दिसंबर 2024 में केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली से 68 लाख से अधिक ईपीएस पेंशनभोगियों को लगभग 1570 करोड़ रुपये की पेंशन वितरित की है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि पेंशन सेवाओं को बढ़ाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ईपीएफओ ने दिसंबर 2024 में कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के तहत नई केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली को पूरी तरह से लागू कर दिया गया है। केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली का पहला प्रयोग अक्टूबर, 2024 में करनाल, जम्मू और श्रीनगर क्षेत्रीय कार्यालयों में सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जिसमें 49 हजार से अधिक ईपीएस पेंशनभोगियों को लगभग 11 करोड़ रुपये की पेंशन वितरित की गयी। दूसरा प्रयोग नवंबर, 2024 में 24 क्षेत्रीय कार्यालयों में शुरू किया गया, जिसमें 9.3 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को लगभग 213 करोड़ रुपये की पेंशन वितरित की गई।

# पाकिस्तान ने गाया दोस्ती का 'तराना'

उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री डार ने दिल्ली के साथ बेहतर रिश्ते बनाने की इच्छा जाहिर की



एजेंसी

**इस्लामाबाद।** आर्थिक संकट का सामना कर रहे पाकिस्तान को अब भारत से दोस्ती की जरुरत महसूस हो रही है। पाकिस्तानी उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने गुरुवार को नई दिल्ली के साथ बेहतर रिश्ते बनाने की इच्छा जाहिर की। एआरवाई न्यूज के मुताबिक एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत के साथ व्यापारिक संबंधों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि रिश्तों को बेहतर बनाने के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। उन्होंने भारत से संबंधों को बेहतर बनाने के लिए माहौल बनाने की अपील की। 2022 में आई विनाशकारी बाढ़, उच्च मुद्रास्फीति और राजनीतिक अस्थिरता के कारण पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बेहद खराब स्थिति में है। खस्ता आर्थिक हालात के कारण आबादी की खाद्य और ऊर्जा जरुरतों को पूरा करने से संबंधित कई संकट पैदा हो गए हैं। पाकिस्तान की सारी उम्मीदें अब सिर्फ अंतरराष्ट्रीय कर्ज पर ही टिकी हैं जिसके लिए उसे कभी अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) या फिर सऊदी अरब और चीन जैसे दोस्तों की तरफ देखना पड़ता है। ऐसे में भारत के साथ व्यापार में रुकावट के कारण उसके खुशहाली के रास्ते की एक बड़ी बाधा है।

# 2025 में बड़े खेल की मेजबानी करेगा बिहार

**पटना।** बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने खेल विभाग और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि बिहार इस वर्ष विश्व कप महिला कबड्डी, विश्व कप सेपक टकराव, खेलो इंडिया यूथ गेम्स, अंडर 20 रग्बी सेवेंस एशियाई चैंपियनशिप तथा हीरो मेंस एशिया कप हॉकी की मेजबानी करेगा। सभी कार्यक्रम बिहार के 7 मुख्य जिले पटना, नालंदा, गया, भागलपुर, मुंगेर, बेगूसराय, और दरभंगा में आयोजित किये जाएंगे।

**विश्व कप महिला कबड्डी, सेपक टकराव, खेलो इंडिया यूथ गेम्स व मेंस एशिया कप हॉकी होगा**

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि खेलों में टेबल टेनिस, फुटबॉल, वॉली बॉल, एथलेटिक्स, आर्चरी, आदि 19 तरीके के आयोजन शामिल किये जाएंगे। इसके अतिरिक्त कबड्डी, मलखम्भ, खो खो, तथा पैरा खेल में भी 7 अलग अलग खेलों का आयोजन किया जाएगा।

### मोदी आज करेंगे ग्रामीण भारत महोत्सव का शुभारंभ



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को भारत मंडपम में चार दिवसीय ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर मोदी जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। ग्रामीण भारत की उद्यमशीलता की भावना और सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाते हुए, महोत्सव चार से नौ जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इसका विषय विकसित भारत 2047 के लिए एक समावेशी ग्रामीण भारत का निर्माण और आदर्श वाक्य गांव बढ़े, तो देश बढ़े है।

# डिजिटल खनन में भारत का पहला कदम

छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर के उदयपुर कोयला खदान में डोजर पुश माइनिंग का परीक्षण सफल



**नयी दिल्ली।** खनन उद्योग के लिए एक अभूतपूर्व उपलब्धि में सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीआईएमएफआर) ने भारत में पहली बार उन्नत डिजिटल तकनीकों को एकीकृत करते हुए डोजर पुश माइनिंग विधि के लिए पहला ट्रायल ब्लास्ट सफलतापूर्वक किया है। सीएसआईआर-सीआईएमएफआर द्वारा विकसित इस अभिनव दृष्टिकोण का उद्देश्य खनन प्रक्रियाओं में सुरक्षा और परिचालन दक्षता को बढ़ाना है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह परीक्षण छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर के उदयपुर ब्लॉक में मेसर्स अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा संचालित पीईकेबी (परसा ईस्ट और कांता बसन) कोयला खदान में किया गया था। भारत की अग्रणी निजी खनन कंपनियों में से एक अडाणी नेचुरल रिसोर्सेज द्वारा सफल परीक्षण किया गया था। इस अभिनव विधि से प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ खनन कार्यों में क्रांतिकारी बदलाव की उम्मीद है।

### 12 राज्यों में नाइलिट डीम्ड यूनिवर्सिटी शुरू

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी रेलवे स्टेशन परिसर में शुक्रवार को असम समेत देश के 12 स्थानों पर नाइलिट (एनआईएलआईटी) डीम्ड यूनिवर्सिटी का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया गया। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पूर्वोत्तर भारत के लिए नया इंजन है। नॉर्थ ईस्ट देश को आगे ले जाने का नया इंजन है। औरंगाबाद, कालीकट, गोरखपुर, अजमेर, पटना, कोहिमा, इटानगर, आइजोल, श्रीनगर, इंफाल, अगरतला में नाइलिट की शुरुआत हो रही है।

# रेल कर्मियों की जैकेट से बुक होंगे टिकट

**डिजिटल महाकुंभ**

- क्यूआर कोड से टिकट बुक कर सकेंगे तीर्थयात्री
- प्रयागराज जंक्शन पर हरे रंग की जैकेट पहनकर ड्यूटी पर तैनात रहेंगे कर्मचारी



एजेंसी

महाकुंभ नगर। महाकुंभ-2025 को 'दिव्य-भव्य' के साथ 'डिजिटल' बनाने का संकल्प डबल इंजन की सरकार ने लिया है। इस दिशा में भारतीय रेलवे एक अनूठी पहल करने जा रहा है। प्रयागराज रेल मंडल महाकुंभ में पहली बार रेल कर्मियों की जैकेट से 'डिजिटल रेल टिकट' बनाने की सुविधा प्रदान करेगा। इस पहल के कारण महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को टिकट की लंबी लाइनों में नहीं लगना पड़ेगा। साथ ही रेलवे प्रशासन को भी टिकट बनाने की प्रक्रिया में कुछ राहत मिलेगी। इसके अलावा भारतीय रेलवे ने पहले ही टोल फ्री नंबर, वेबसाइट और महाकुंभ मेला ऐप जारी कर डिजिटल महाकुंभ को सफल बनाने में सार्थक प्रयास किए हैं। महाकुंभ को ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेलवे ने प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल ने डिजिटल तकनीक के उपयोग से टिकटिंग प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए एक अभिनव पहल शुरू की है। प्रयागराज रेल मंडल के सीनियर पीआरओ अमित मालवीय ने कहा कि महाकुंभ के दौरान, रेलवे के वाणिज्य विभाग के कर्मचारी प्रयागराज जंक्शन पर हरे रंग की जैकेट पहनकर विशेष ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। इन जैकेट्स के पीछे क्यूआर कोड अंकित होगा, जिसे श्रद्धालु अपने मोबाइल से स्कैन कर सीधे यूटीएस मोबाइल ऐप डाउनलोड कर सकते हैं। यह ऐप यात्रियों को बिना लाइन में खड़े अनारक्षित टिकट बुक करने की सुविधा प्रदान करेगा। प्रयागराज रेल मंडल की इस पहल से श्रद्धालु रेलवे स्टेशन पर लंबी लाइनों से बचते हुए आसानी से टिकट प्राप्त कर सकेंगे। डिजिटल भुगतान के माध्यम से टिकट बुकिंग की यह प्रक्रिया न केवल समय की बचत करेगी, बल्कि महाकुंभ में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को टिकट लाइन की समस्या से भी दूर रखेगी। सीनियर पीआरओ ने बताया कि रेलवे कर्मी क्यूआर कोड वाली जैकेट पहनकर रेलवे परिसर में विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात रहेंगे, जिससे श्रद्धालु आसानी से टिकट बुक करा सकें।

### स्टेशनों पर चिकित्सा केंद्रों की स्थापना

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने शुक्रवार को बताया कि महाकुंभ-2025 में देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं एवं तीर्थ यात्रियों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए उत्तर रेलवे का लखनऊ मंडल तैयार है। लखनऊ मण्डल में प्रयाग, फाफामऊ एवं प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशनों पर विशेष चिकित्सा सुविधाओं के तहत चिकित्सा केंद्रों की स्थापना करा दी गयी है। कुलदीप तिवारी ने बताया कि चिकित्सा केंद्रों पर चौबीस घंटे डॉक्टरों, पैरा मेडिकल स्टाफ, चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता रहेगी। यहाँ उपलब्ध डॉक्टरों द्वारा रोगी की जांच, उचित सलाह, प्राथमिक उपचार प्रदान किया जाएगा। यदि डॉक्टरों को रोग की गंभीरता दिखेगी तो अग्रिम चिकित्सा की व्यवस्था करायी जाएगी। चिकित्सकीय आपात स्थिति में अन्य अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों से भी तालमेल बनाया जायेगा।

### शेयर बाजार की तेजी थमी सेंसेक्स 720 अंक लुढ़का



**मुंबई।** विश्व बाजार की गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर आईटी, बैंकिंग, तेल एवं गैस, टेक और फोकस्ड आईटी समेत चौदह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले लगातार दो दिनों से जारी तेजी शुक्रवार को थम गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 720.60 अंक का गोता लगाकर 79,223.11 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 183.90 अंक की गिरावट लेकर 24,004.75 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.33 प्रतिशत उतरकर 46,936.08 अंक और स्मॉलकैप 0.02 प्रतिशत फिसलकर 56,116.21 अंक रह गया।

